RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net ■ वर्ष 34 ■ अंक 03 ■ मुंबई, मंगलवार 29 जुलाई 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 ■ संरक्षक : आरएन सिंह



बिहार का भविष्य अनिश्चितता के गर्त में पेज-4



रामेश्वरम के जल से होगा बाबा काशी विश्वनाथ का अभिषेक पेज-6



नाग पंचमी आज, करें भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना पेज-8



भारत-पाक एशिया कप पर बयान देने पर बुरी तरह फंसे गांगुली पेज-9

# ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में सरकार-विपक्ष में महाबहस

## राजनाथ सिंह ने बताया- ऑपरेशन सिंदूर क्यों रोका



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सैन्य बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में महाबहस की शुरुआत करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दो टूक कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सेना की तीनों सेवाओं का बेमिसाल उदाहरण है, जिसके तहत पाकिस्तान की हर हरकत का करारा जवाब दिया गया। उन्होंने दो टूक कहा कि ऑपरेशन सिंदूर किसी दबाव में नहीं बल्कि लक्ष्य हासिल होने के बाद रोका गया। उन्होंने फिर दोहराया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी समाप्त नहीं हुआ है। सेनाओं ने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया।' उन्होंने कहा कि हमने किसी दबाव में आकर इसे नहीं रोका बल्कि हमने दुश्मन के हर मंसूबे पर पानी फेरा। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद युद्ध छेड़ना नहीं था बल्कि आतंकियों के ढांचों को नेस्तनाबूद करना था और मात्र 22 मिनट के ऑपरेशन में उसे हासिल कर लिया गया। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह कहना गलत है कि किसी दबाव में ऑपरेशन सिंदूर को रोका गया था। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बल अपने सभी उद्देश्यों को पूरा करने में सफल रहे और पाकिस्तान की गुहार लगाने और DGMO स्तर पर बातचीत के बाद ही इसे रोका गया।

### आपने रोका क्यों ? राहुल

राजनाथ बोल रहे थे तभी राहुल गांधी अचानक खड़े हो गए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूछा, "तो आपने रोका क्यों?" राहुल गांधी लगातार यह सवाल पूछने लगे जिसके बाद सदन में जोरदार हंगामा हुआ। रक्षा मंत्री ने कहा कि वह इस मुद्दे पर विस्तार से बात कर रहे हैं और सभी सवालों के जवाब देंगे। रक्षा मंत्री ने कहा, "यह क्यों रुका इसका वर्णन मैं कर चुका हूं। मैं नेता प्रतिपक्ष को सम्मान के साथ कहना चाहता हूं कि आपको प्रश्न पूछने का पूरा अधिकार है, लेकिन पहले मेरा पूरा भाषण सुन लीजिए।"

### विपक्ष को राजनाथ का जवाब

रक्षा मंत्री ने इस दौरान विपक्ष पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा है कि कांग्रेस को यह पूछना चाहिए कि हमने दुश्मनों के कितने विमान गिराए। 'विपक्ष के लोग पूछते रहे हैं कि हमारे कितने विमान गिरे। मुझे लगता है कि उनका यह प्रश्न हमारी राष्ट्रीय जनभावनाओं का सही प्रतिनिधित्व नहीं करता।' उन्होंने एक बार भी हमसे यह नहीं पूछा कि हमारी सेनाओं ने दुश्मन के कितने विमान मार गिराए? अगर उन्हें प्रश्न पूछना ही है तो यह पूछना चाहिए कि क्या भारत ने आतंकवादी ठिकानों को तबाह किया, तो उसका उत्तर है 'हां'। उन्होंने कहा, ''मैं विपक्ष से पूछना चाहता हूं कि आपको प्रश्न पूछना है तो यह पूछिए कि क्या ऑपरेशन सिंदूर सफल रहा तो उसका उत्तर है' हां'। आपको प्रश्न पूछना है तो यह प्रश्न पूछिए कि जिन आतंकियों ने हमारी बहनों, हमारी बेटियों का सिंदूर मिटाया, क्या हमारी सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर में उन आतंकियों के आकाओं को मिटाया तो इसका उत्तर है 'हां'।''

### हमने पाकिस्तान को बेनकाब किया : जयशंकर





विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लोकसभा में कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश देना जरूरी था। उनके भाषण के दौरान विपक्ष के हंगामे पर गृहमंत्री अमित शाह भड़क गए। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सदन को 9 मई की सुबह अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की फोन कॉल को लेकर जानकारी दी। उन्होंने सदन को बताया कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कहा कि पाकिस्तानी बड़ा हमला कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे साफ कह दिया कि भारत मजबूत जवाब देगा। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच 22 अप्रैल से 17 जून तक कोई फोन कॉल नहीं हुई। इस पर विपक्ष के हंगामे पर गृह मंत्री अमित शाह खड़े हुए और कहा कि भारत का विदेश मंत्री यहां बोल रहा है, इनको विदेश मंत्री पर भरोसा नहीं है, बल्कि उन्हें किसी अन्य देश पर भरोसा है। मैं उनकी पार्टी में विदेशी का महत्व समझ सकता हूं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उनकी पार्टी की सभी चीजें यहां सदन में थोपी जाएं। यही कारण है कि वे वहां (विपक्षी बेंचों पर) बैठे हैं और अगले 20 वर्षों तक वहीं बैठे रहेंगे।"

### कांग्रेस ने पूछे तीखे सवाल



विपक्ष की तरफ से कांग्रेस के गौरव गोगोई ने कहा- हम सरकार से सवाल पूछेंगे। देश जानना चाहता है कि 5 दहशतगर्द पहलगाम में कैसे घुसे? उनका क्या मकसद था? सरकार कहती है हमारा मकसद युद्ध नहीं था। हम जमीन पर कब्जा करना नहीं चाहते थे। हम पूछेंगे, क्यों नहीं था। होना चाहिए था। PoK आज नहीं लेंगे तो कब लेंगे।' हम आज राजनाथ सिंह जी से जानना चाहते हैं कि हमारे कितने लड़ाकू विमान गिराए गए। उन्होंने कहा कि हमें यह न केवल जनता को, बल्कि अपने जवानों को भी बताना होगा, क्योंकि उनसे भी झूठ बोला जा रहा है। गौरव गोगोई ने कहा कि 35 राफेल विमान थे और कितने अभी फंक्शनल हैं? उन्होंने कहा कि अगर एक भी नुकसान हुआ है तो ये बहुत बड़ा नुकसान है। पहलगाम हमले को 100 दिन बीत चुके हैं लेकिन सरकार आतंकवादियों को न्याय के कटघरे में नहीं ला पाई है।

### मुंबई में आतंकी कैसे घुसे थे : ललन सिंह



लोकसभा में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के हर सवाल का जवाब दिया और उनके सभी आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 तक कांग्रेस नीत यूपीए सरकार के दौरान आतंकी घटनाओं में 614 लोग मारे गए और आज आप हमसे सवाल पूछ रहे हैं। आप पूछ रहे हैं कि पहलगाम में आतंकी कैसे घुसे। मुंबई के 26/11 हमले में दहशतगर्द कहां से आए थे? आपको यह बताना चाहिए था। आप में तो आतंकवाद से लड़ने की न तो हिम्मत थी, न कार्रवाई करने का दम। आप बस घड़ियाली आंसू बहाते थे।

## कश्मीर में ऑपरेशन महादेव

# पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड हाशिम मूसा समेत तीन आतंकी ढेर



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भारतीय सेना ने सोमवार को ऑपरेशन महादेव के तहत श्रीनगर के लिडवास इलाके में छिपे 3 पाकिस्तानी आतंकियों को ढेर कर दिया। चिनार कॉर्प्स ने X पर इसकी जानकारी दी। मारे गए आतंकियों में पहलगाम हमले का मुख्य आरोपी हाशिम मूसा भी शामिल है। सेना के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि कर दी है कि मारा गया आतंकी हाशिम मूसा ही था। आर्मी प्रवक्ता ने बताया कि अन्य आतंकियों की पहचान करने की कोशिश जारी है। बाकी दो में से एक आतंकी के 2024 के सोनमर्ग सुरंग प्रोजेक्ट पर हुए हमले में शामिल होने की बात कही जा रही है।

आतंकियों के पास से अमेरिकी M4 कार्बाइन, AK-47, 17 राइफल और ग्रेनेड मिले हैं। कुछ और संदिग्ध सामान भी बरामद हुआ है। सेना मंगलवार को ऑपरेशन महादेव पर जानकारी दे सकती है। सेना के मुताबिक, सुबह 11 बजे खुफिया जानकारी मिलने के बाद लिडवास में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान दूर से दो बार फायरिंग की आवाज सुनी गई थी। इलाके में सुरक्षाबलों की तैनाती बढ़ा दी गई है। भारतीय सेना के चिनार कॉर्प्स की तरफ से जारी बयान के अनुसार, 'तीन आतंकवादियों को भारी गोलीबारी के बीच मार गिराया है। खबर लिखे जाने तक ऑपरेशन जारी था।'

### ऑपरेशन महादेव की बड़ी बातें...

- पहलगाम हमले के आतंकवादियों ने जिन उपकरणों का इस्तेमाल किया था, उससे मिलते-जुलते एक तकनीकी संकेत मिलने के बाद हरवान के जंगलों में अभियान शुरू किया गया।
- लगभग 11:30 बजे 24 राष्ट्रीय राइफल्स और 4 पैरा यूनिट के जवानों की एक टुकड़ी ने तीन आतंकवादियों का पता लगाया और उन पर अचानक हमला कर दिया।

## Short News एक नजर

### 1 अगस्त से लागू होंगे UPI के नए नियम

**नई दिल्ली।** अगर आप यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी UPI एप से बार-बार बैलेंस चेक करते हैं तो 1 अगस्त से ऐसा करने में आपको परेशानी हो सकती है। 1 अगस्त से आप एक दिन में 50 से ज्यादा बार UPI एप के जरिए बैलेंस चेक नहीं कर सकेंगे। ये बदलाव यूजर्स, बैंकों और मर्चेंट्स, सभी के लिए हैं। अब आप एक दिन में किसी एक UPI एप से 50 से ज्यादा बार अपना बैंक बैलेंस चेक कर पाएंगे। ऑटो-पे (जैसे EMI, सब्सक्रिप्शन या बिल पेमेंट) अब दिन में किसी भी समय नहीं, बल्कि तय समय स्लॉट्स में होंगे। अगर कोई पेमेंट अटक जाता है तो आप उसका स्टेटस सिर्फ 3 बार चेक कर सकते हैं।

### पुतिन पर फिर बुरी तरह भड़के ट्रंप



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस पर यूक्रेन जंग खत्म करने के लिए आखिरी मोहलत दी है। इस दौरान ट्रंप ने पुतिन के लिए नई डेडलाइन भी सेट कर दी है। ट्रंप ने कहा है कि वह अब पुतिन को 50 दिन का वक्त नहीं देंगे और रूस के पास यूक्रेन पर हमलों को रोकने के लिए महज 10 से 12 दिन का समय है। ट्रंप ने कहा है कि वह पुतिन से बेहद निराश हो चुके हैं और उनसे बातचीत नहीं करना चाहते।

### बैडमिंटन खेलते-खेलते आया हार्ट अटैक

**हैदराबाद।** हैदराबाद के नागोले स्टेडियम में बैडमिंटन खेलते वक्त एक 25 साल के युवक की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। मृतक राकेश हैदराबाद में एक निजी कंपनी में काम करता था। घटना रविवार रात की है। घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि राकेश बैडमिंटन खेलने के दौरान शटल कॉक उठाने के बाद अचानक गिर जाते हैं। दोस्त तुरंत ही उसे नजदीक के हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर्स ने मौत का कारण हार्ट अटैक बताया है।

### ओडिशा में मां-बाप ने 28 दिन की बच्ची को बेचा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बोलनगीर जिले में पुलिस ने सोमवार को एक 28 दिन की बच्ची को बचाया। बच्ची को उसके माता-पिता ने गरीबी के कारण कथित तौर पर 20 हजार रुपए में बेच दिया था। टिटलागढ़ उप-मंडल पुलिस अधिकारी कल्याण बेहरा ने बताया कि पुलिस ने बरगढ़ जिले के पाइकमल में एक दंपति के घर से इस बच्ची को बचाया। पुलिस ने उसे बाल कल्याण समिति (CWC) को सौंप दिया। फिलहाल मामले में शिकायत दर्ज नहीं की गई है, न ही किसी को गिरफ्तार किया है।

### राजस्थान में बारिश का रेड अलर्ट

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में बना लो प्रेशर राजस्थान में एक्टिव है। इसके चलते मौसम विभाग ने राजस्थान के 14 जिलों में आज बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके साथ 8 जिलों झालावाड़, कोटा, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा, बारां, डूंगरपुर, धौलपुर और अजमेर में स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई है।

## कैश कांड : जज वर्मा को सुप्रीम कोर्ट की फटकार


**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**



नकदी मामले में फंसे जस्टिस यशवंत वर्मा को सुप्रीम कोर्ट से फटकार का सामना करना पड़ा है। शीर्ष न्यायालय का कहना है कि यह याचिका दाखिल ही नहीं होनी चाहिए थी। जस्टिस वर्मा ने याचिका दाखिल कर उनके खिलाफ जारी हुई रिपोर्ट को रद्द करने की मांग की थी। दरअसल, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की थी। सोमवार को सुनवाई के दौरान अदालत में जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह ने याचिका दाखिल होने पर सवाल उठाए। अदालत ने कहा कि मांगी गई प्राथमिक राहत ही सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ है। याचिका में जस्टिस वर्मा ने आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट को अमान्य घोषित करने का अनुरोध किया है, जिसमें उन्हें नकदी बरामदगी विवाद में दोषी पाया गया है। पीठ ने न्यायमूर्ति वर्मा से उनकी याचिका में पक्षकारों को लेकर सवाल किए और कहा कि उन्हें अपनी याचिका के साथ आंतरिक जांच रिपोर्ट दाखिल करनी चाहिए थी। जस्टिस वर्मा की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि अनुच्छेद 124 (उच्चतम न्यायालय की स्थापना और गठन) के तहत एक प्रक्रिया है और किसी न्यायाधीश के बारे में सार्वजनिक तौर पर बहस नहीं की जा सकती है।

## सीजफायर के लिए राजी हुए कंबोडिया-थाईलैंड



**नई दिल्ली।** कंबोडिया के पीएम ने सीजफायर घोषित कर दिया है, कई दिनों से शिव मंदिर को लेकर थाईलैंड के साथ जंग चल रही थी। मलेशिया में कंबोडिया और थाईलैंड के नेता मिले हैं और सीजफायर को लेकर घोषणा की गई। कंबोडिया के पीएम ने इस सीजफायर के बाद शांति की उम्मीद जताई है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक दोनों ही नेता ने तत्काल सीजफायर की बात कही है। मलेशिया ने भी इस घोषणा को लेकर अहम जानकारी दी है। बताया गया है कि कई देशों ने इसमें एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उसी वजह से पांच दिनों की खूनी जंग के बाद युद्ध रुका है।

## चिदंबरम के विवादित बोल पर बवाल

### कैसे पता चला कि पहलगाम आतंकी पाकिस्तान से आए?

### हमलावर देश के भी तो हो सकते हैं



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम का पहलगाम हमले पर 2 दिन पहले दिए बयान पर विवाद हो गया है। उन्होंने कहा था कि कैसे पता कि आतंकी पाकिस्तान से आए थे। कांग्रेस के पूर्व वित्त मंत्री का यह बयान संसद में पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर सदन में चर्चा के कुछ घंटे पहले आया। चिदंबरम ने शनिवार को एक इंटरव्यू में कहा, 'वे (NIA) यह बताने को तैयार नहीं हैं कि इन हफ्तों में उन्होंने क्या किया? क्या NIA ने आतंकवादियों की पहचान की है या यह पता लगाया है कि वे कहां से आए थे? क्या पता, वे देश के ही आतंकवादी हों। आप यह क्यों मान रहे हैं कि वे पाकिस्तान से आए थे। इसका कोई सबूत नहीं है।'

इधर, भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा- कांग्रेस ने पाकिस्तान को क्लीन चिट देने की जल्दी की है। जब भी हमारी सेना पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का सामना करती है। कांग्रेस के नेता इस्लामाबाद के वकील ज्यादा लगते हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में कांग्रेस हमेशा दुश्मन को बचाने में जुट जाती है।

## शनि शिंगणापुर मंदिर ट्रस्ट के डिप्टी CEO ने लगाई फांसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में स्थित प्रसिद्ध शनि शिंगणापुर मंदिर का संचालन करने वाले ट्रस्ट के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने सोमवार को कथित रूप से आत्महत्या कर ली। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब कुछ हफ्ते पहले मंदिर से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले सामने आए थे।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि श्री शनैश्वर देवस्थान ट्रस्ट के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी नितिन शेटे (43 वर्षीय) का शव उनके घर में फांसी पर लटका हुआ मिला। उनका घर शनि शिंगणापुर गांव में शेटे वस्ती इलाके में स्थित है। अधिकारी ने बताया कि नितिन शेटे पहले मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी भी रह चुके थे। उन्होंने आत्महत्या क्यों की, इसका कारण अब तक पता नहीं चल सका है। उनके इस कदम के पीछे की वजह अब तक साफ नहीं है। परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शेटे को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## 'बिहार में SIR पर फिलहाल कोई रोक नहीं'

### सुप्रीम कोर्ट ने EC से पूछा- आधार कार्ड और वोटर ID को क्यों शामिल नहीं कर रहे

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**



बिहार में हो रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने SIR पर रोक से इनकार कर दिया। इसके साथ ही चुनाव आयोग से पूछा है- आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को मतदाता पहचान के लिए स्वीकार क्यों नहीं किया जा रहा है। चुनाव आयोग ने कहा कि 'राशन कार्ड पर विचार नहीं किया जा सकता। यह बहुत बड़े पैमाने पर बना है, फर्जी होने की संभावना अधिक है।' SC ने कहा- अगर बात फर्जीवाड़े की है तो धरती पर कोई ऐसा डॉक्यूमेंट नहीं है, जिसकी नकल न हो सके। ऐसे में 11 दस्तावेजों के आपके सूचीबद्ध करने का क्या आधार है? कोर्ट ने चुनाव आयोग से इन दस्तावेजों को शामिल करने पर विचार करने और मंगलवार सुबह 10:30 बजे तक जवाब देने को कहा है। कोर्ट ने कहा 'कल हम सुनवाई करेंगे और बताएंगे कि इस मामले पर विस्तार से सुनवाई कब होगी।'

**65 लाख नाम लिस्ट से हटे**

चुनाव आयोग ने 27 जुलाई को SIR के पहले चरण के आंकड़े जारी कर दिए हैं। इसके मुताबिक बिहार में अब 7.24 करोड़ वोटर हैं। पहले यह आंकड़ा 7.89 करोड़ था। वोटर लिस्ट रिवीजन के बाद 65 लाख नाम सूची से हटा दिए गए हैं। हटाए गए नामों में वे लोग शामिल हैं, जो अब इस दुनिया में नहीं हैं या फिर कहीं और स्थायी रूप से रह रहे हैं या जिनका नाम दो वोटर लिस्ट में दर्ज था।

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) यानी वोटर लिस्ट रिवीजन की टाइमिंग पर सवाल उठाए थे। बेंच के मुताबिक, 10 विपक्षी दलों के नेताओं समेत किसी भी याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया पर अंतरिम रोक की मांग नहीं की है।

## छांगुर बाबा की अकूत दौलत का हिसाब करेगा ईडी

### कोर्ट से मिली पांच दिन की कस्टडी रिमांड

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**



गैर-मुस्लिमों का धर्मांतरण करने के लिए बड़ा गैंग चलाने और 100 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति बनाने वाले जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा से अब इस अकूत दौलत का हिसाब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम लेगी। कोर्ट ने सोमवार को छांगुर बाबा को पांच दिनों के लिए ईडी की रिमांड पर दे दिया। इसी ने छांगुर बाबा से जुड़े एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर छापेमारी की थी। इन छापेमारी में कई दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्यों को जब्त किया गया था। इन साक्ष्यों से भी साफ हुआ था कि धर्मांतरण के लिए ही मुस्लिम देशों से यह धनराशि बाबा को मिलती रही थी। बताया जाता है कि बलरामपुर के उतरौला सहित आसपास के इलाकों में छांगुर और उससे जुड़े सहयोगियों की करोड़ों के लागत की दस बड़ी सम्पत्तियों को चिह्नित किया गया है। यह सभी सम्पत्तियां 75 करोड़ से अधिक की बताई जा रही हैं। ऐसे में छांगुर की मुश्किलें आने वाले दिनों में और भी बढ़ने वाली हैं। उससे जुड़े लोगों के खिलाफ एक के बाद एक कार्रवाई हो रही है, जिससे उसका सिंडीकेट धड़ाम होता दिख रहा है।

## दिव्या देशमुख बनीं विश्व विजेता

### 19 साल की दिव्या ने फिडे महिला विश्व कप फाइनल में कोनेरू हम्पी को हराया, ग्रैंडमास्टर बनीं

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**



भारत की किशोर शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने अपने कैरियर की सबसे बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने सोमवार को जॉर्जिया के बातुमी में हमवतन और अपने से कहीं अधिक अनुभवी कोनेरू हम्पी को टाईब्रेकर में हराकर फिडे महिला विश्व कप का खिताब जीता। इस जीत से 19 साल की दिव्या ने ना सिर्फ यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीता बल्कि साथ ही ग्रैंडमास्टर भी बन गईं जो टूर्नामेंट की शुरुआत में असंभव लग रहा था। वह ग्रैंडमास्टर बनने वाली सिर्फ चौथी भारतीय महिला और कुल 88वीं खिलाड़ी हैं। नागपुर की इस खिलाड़ी ने शनिवार और रविवार को खेले गए दो क्लासिकल मुकाबलों के ड्रॉ होने के बाद टाईब्रेकर में जीत दर्ज की। सोमवार को समय नियंत्रित टाईब्रेकर की पहली बाजी में सफेद मोहरों से खेलते हुए दिव्या ने हम्पी को फिर से ड्रॉ पर रोका लेकिन दूसरी बाजी में काले मोहरों से खेलते हुए उन्होंने दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन को हराकर 2.5-1.5 से जीत दर्ज की। फिडे वूमन्स वर्ल्ड कप के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ था जब भारत के दो खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। इतना ही नहीं, दिव्या देशमुख और कोनेरू हम्पी दोनों ने ही फाइनल में पहुंचकर वर्ल्ड कप भारतीय खिलाड़ी के नाम सुनिश्चित कर दिया।

## मंदिर में भगदड़, दो की मौत

### जलाभिषेक के दौरान करंट फैलने से हादसा, 29 घायल

**महानगर नेटवर्क**

**बाराबंकी**



यूपी में बाराबंकी के अवसानेश्वर महादेव मंदिर में सावन के तीसरे सोमवार को भगदड़ मच गई। हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, 29 लोग घायल हैं, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। योगी सरकार ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए देने का ऐलान किया है। बताया जा रहा है कि रविवार रात 2.30 बजे जलाभिषेक के दौरान मंदिर परिसर में अचानक करंट फैलने से हादसा हुआ। भागने के दौरान लोग एक-दूसरे को कुचलते चले गए। डिप्टी CM ब्रजेश पाठक ने घटना को लेकर डीएम से 24 घंटे में रिपोर्ट मांगी है।

CMO अवधेश यादव ने बताया- हादसे के बाद पुलिसकर्मी एंबुलेंस से 29 लोगों को हैदरगढ़ सीएचसी लेकर आए। 9 को त्रिवेदीगंज और 6 को कोठी सीएचसी भेजा गया। 5 गंभीर घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। अब तक दो की मौत हुई है।

# सीमेंट कंक्रीट रोड पर गणेश मंडल के लिए गड्ढा खोदा तो लगेगा 15 हजार दंड

## अभी तक 2 हजार रुपए था दंड

महानगर संवाददाता
मुंबई

मनपा प्रशासन ने गणेश मंडलों को मंडप बनाने के दौरान सीमेंट कंक्रीट रोड की खुदाई करने पर रोक लगाई है। मंडल को सीमेंट कंक्रीट रोड पर टीन के डिब्बे में मिट्टी भर कर मंडप बनाया जाए जिससे सड़क पर गड्ढे नहीं हों। मनपा प्रशासन ने इसी के चलते सीमेंट कंक्रीट रोड पर गड्ढा खोदने पर लगने वाला दंड भी 2 हजार रुपए से बढ़ाकर 15 हजार रुपए प्रति गड्ढा कर दिया।

बता दें कि मनपा प्रशासन ने मुंबई में सड़क को गड्ढा मुक्त करने के लिए बड़े पैमाने पर सीमेंट कंक्रीट करने का निर्णय लिया। मुंबई में आज मुख्य रास्ते छोड़कर अंदर की सड़कों को भी सीमेंट कंक्रीट किया जा रहा है। इन सड़कों पर दोबारा खुदाई न हो इसके लिए मनपा ने कठोर नियम बना रही है। मनपा ने गणेशोत्सव के दौरान सड़कों पर बनने वाले मंडपों को भी किसी तरह की खुदाई करने पर रोक लगाई है। मनपा प्रशासन ने गणेश मंडलों के लिए नई गाइड लाइन जारी करते हुए कहा है कि सीमेंट कंक्रीट रोड पर गड्ढे किए तो 15 हजार प्रति गड्ढा दंड लगेगा। मनपा अभी तक गणेश मंडलों पर प्रति गड्ढे का 2 हजार का दंड लगाती थी। मनपा अधिकारियों ने बताया कि पहले का जुर्माना ज्यादा प्रभावशाली नहीं था क्योंकि अधिकांश मंडल सार्वजनिक होने के कारण और गणेशोत्सव त्यौहार धार्मिक होने के कारण उन पर दंड नहीं लगाया जा सकता था। मनपा का कहना है कि सीमेंट कंक्रीट रोड बनाने का खर्च डांबर के रोड से काफी अधिक है। कंक्रीट सड़कें दोबारा बनाने का खर्च भी अधिक होगा, जिसके चलते दंड बढ़ाया जा रहा है।



### मनपा के निर्णय का समिति ने किया विरोध

मनपा प्रशासन ने इसीलिए अनधिकृत खुदाई को रोकने के लिए सख्त रुख अपनाया है। गणेश मंडलों की सार्वजनिक गणेशोत्सव समन्वय समिति ने मनपा के इस निर्णय का विरोध किया है। समिति ने मांग की है कि पंडाल निर्माण के लिए ज़मीन में गड्ढे खोदने पर लगाया गया 15,000 का नया जुर्माना वापस लिया जाए। समिति ने यह भी कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सभी शुल्क और टैक्स माफ किए थे। इसलिए वर्तमान सरकार को भी वही करना चाहिए। साथ ही समिति ने गणेशोत्सव को हाल ही में मिले "राज्य महोत्सव" के दर्जे का हवाला भी दिया। समिति ने गणेश मंडलों से भी कहा है कि संभव हो सके तो सीमेंट कंक्रीट रोड पर खुदाई न करें। सीमेंट कंक्रीट रोड पर मंडप बनाने के दौरान नई तकनीकी का उपयोग करें, जिससे बिना गड्ढे मंडप बनाया जा सकें।

# प्रांजल खेवलकर की गिरफ्तारी पर रोहिणी खड़से - सच्चाई जल्द सबके सामने आएगी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शरद पवार गुट के वरिष्ठ नेता एकनाथ खडसे के दामाद प्रांजल खेवलकर को रविवार को पुलिस ने कथित तौर पर एक रेव पार्टी से अरेस्ट किया है। प्रांजल खेवलकर, रोहिणी खडसे के पति हैं। प्रांजल की गिरफ्तारी पर अब रोहिणी खडसे की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने इस गिरफ्तारी को गलत बताया है और दावा किया है सच्चाई जल्द सबके सामने आ जाएगी। शरद पवार गुट की महिला प्रदेश अध्यक्ष रोहिणी खडसे के पति को रविवार (27 जुलाई) की रात पुणे की एक रेव पार्टी में गिरफ्तार किया गया। इसपर रोहिणी खडसे ने प्रतिक्रिया देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट किया और लिखा, "मुझे कानून और पुलिस व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। समय ही हर समस्या का हल है। सही समय पर सच्चाई सामने आ ही जाएगी! जय महाराष्ट्र!" गौरतलब हो कि हनीट्रैप के आरोपों को लेकर एकनाथ खडसे और गिरीश महाजन के बीच विवाद अभी जारी ही है।

# ओला, उबर की तरह महाराष्ट्र सरकार लांच करेगी ऐप

## परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने दी जानकारी

**मुंबई।** ऐप आधारित परिवहन सेवाओं में निजी एग्रीगेटर्स ओला, उबर, रैपिडो के एकाधिकार को तोड़ने के लिए महाराष्ट्र सरकार रिक्शा, टैक्सी और ई-बाइक परिवहन के लिए खुद का सरकारी ऐप लांच करेगी। इन ऐप को जय महाराष्ट्र, महाराइड, महायात्री या महा-गो में से कोई नाम दिया जाएगा। राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने यह जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार की अंतिम स्वीकृति मिलने के बाद जल्द ही यह सरकारी ऐप चालू हो जाएगा। परिवहन मंत्री ने कहा कि इस उपक्रम का ऐप विकसित करने के लिए महाराष्ट्र इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसपोर्ट टेक्नालॉजी और मित्र जैसी संस्थाओं के अलावा निजी कंपनियों से चर्चा शुरू की गई है। इसमें व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी जरूरी बातें शामिल हैं और यह ऐप जल्द ही तैयार हो जाएगा। इसके माध्यम से मराठी युवाओं को विशेष आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मुंबई बैंक के माध्यम से वाहन खरीदने के लिए 10 प्रतिशत की ब्याज दर पर कर्ज दिया जाएगा। यह आश्वासन मुंबई बैंक के अध्यक्ष प्रवीण दरेकर ने दिया।



### 5 अगस्त को मंत्रालय में बैठक

सरनाईक ने कहा कि केंद्र सरकार की एग्रीगेटर गाइडलाइन के अनुसार इस ऐप का नियमन अंतिम चरण में हैं। वर्तमान में निजी संस्थाएं अनधिकृत ऐप्स के माध्यम से भारी मुनाफा कमा रही हैं। इसके लिए वे कंपनियां, ड्राइवरों और यात्रियों को लूट रही हैं। चूंकि सरकार के पास पर्याप्त मशीनरी, तकनीक और मानव संसाधन हैं, इसलिए यदि सरकार ऐसा ऐप विकसित करती है, तो इससे न केवल यात्रियों को, बल्कि ड्राइवरों को भी लाभ होगा। इस संबंध में 5 अगस्त को मंत्रालय में संबंधितों की एक बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में ऐप निर्माण के तकनीशियन, विधायक प्रवीण दरेकर और सरकारी अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस सरकारी ऐप को इसी बैठक में अंतिम रूप दिया जाएगा।

# महापालिका की तत्परता से बड़ा हादसा टला

### टेकड़ी पर बनी अनधिकृत चाल से समय रहते कराया निष्कासन

**कल्याण।** कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका क्षेत्र के कचोरे गांव में सोमवार को एक बड़ा हादसा उस समय टल गया जब नगर निगम की आपदा प्रबंधन टीम ने समय रहते कार्रवाई कर टेकड़ी पर स्थित एक जर्जर और अनधिकृत चाल को खाली कराया। जानकारी के अनुसार, 6 कमरों की यह चाल पूर्णतः अनधिकृत थी और हाल ही में हुई बारिश के कारण चाल के नीचे की जमीन धंसने लगी थी। चाल की संरक्षक दीवार पहले ही खिसक चुकी थी, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था। महापालिका ने पहले ही जून माह में चाल मालिक को नोटिस जारी की थी। जैसे ही जमीन धंसने की प्रक्रिया शुरू हुई, 6/फ प्रभाग की सहायक आयुक्त हेमा मुंबरकर ने तुरंत अपनी टीम और स्थानीय नागरिकों की मदद से चाल में रहने वाले लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला और निष्कासन की कार्रवाई अंजाम दी। गौरतलब है कि इस कार्रवाई में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। मौके पर राजस्व विभाग द्वारा पंचनामा किया गया है। सहायक आयुक्त मुंबरकर के अनुसार, चाल मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है।

# कारगिल विजय दिवस सेना के वीर जवानों का सम्मान : डॉ. मंजू लोढ़ा





महानगर संवाददाता
लोनावाला।

कारगिल विजय दिवस भारत की सीमाओं की रक्षा करने वाले वीर जवानों की बहादुरी और साहस का उत्सव है। देश की सीमाओं की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को नमन करने का दिन है। कौशल्य, रोजगार उद्योगजकता तथा नाविन्यता विभाग, महाराष्ट्र द्वारा लोनावाला स्थित क्रांति कारक लहूजी सालवे शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित कारगिल विजय दिवस समारोह के विशेष अतिथि के रूप में बोलते हुए देश की प्रसिद्ध साहित्यकार तथा समाजसेवी डॉ. मंजू मंगलप्रभात लोढ़ा ने उपरोक्त बातें कही। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि जब भी वर्दी में देश का कोई सैनिक दिखे उसके सम्मान में खड़े होकर तालियां जरूर बजाएं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महाराष्ट्र के कौशल्य विकास तथा उद्योजकता विभाग के मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा कि हमें वीर सैनिकों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सदैव आगे रहना चाहिए। पूर्व सैनिक महेश थत्ते ने अपने युद्ध के अनुभव को साझा किया। इस अवसर पर सीजे ढेकने, सचिन धुमाल, पी पी चव्हाण समेत अनेक मान्यवर उपस्थित रहे। भारत माता की जय और जय हिंद के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

# हरियाली तीज एवं झूला महोत्सव का आयोजन

**भायंदर।** अग्रवाल परिवार फाउंडेशन द्वारा हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन मीरारोड वॉकहार्ट हास्पीटल स्थित ऑडिटोरियम में रखा गया था। सावन के महीने में राजस्थान में तीज महोत्सव मनाया जाता है इसी उद्देश्य से अग्रवाल परिवार फाउंडेशन द्वारा हरियाली तीज का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में आयी हुई महिलाओं के लिए एक हेल्थ सेमिनार भी रखा गया था जिसमें स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी दी गयी। भायंदर (पश्चिम) स्थित माहेश्वरी भवन में भी राजस्थानी जन जागरण सेवा संस्था एवं ओजस नारी फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से झूला महोत्सव का आयोजन किया गया था। इस आयोजन को सफल बनाने में आयोजक गजेन्द्र भंडारी, सचिव ओमप्रकाश कावड़िया, सहयोगी गायत्री पचलंगिया एवं संस्था के सदस्यों का सहयोग रहा।

# ऑनलाइन गेम के लिए सौतेले बेटे ने की मां की हत्या

**वसई।** वसई में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां ऑनलाइन गेम के लिए पैसों को लेकर हुए विवाद में एक 32 वर्षीय सौतेले बेटे ने अपनी 61 वर्षीय मां की कथित तौर पर हत्या कर दी। इस जघन्य अपराध में उसके 65 वर्षीय पिता ने सबूत मिटाने में उसकी मदद की। क्राइम ब्रांच 2 ने इस सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला तब सामने आया जब 26 जुलाई, को वसई पश्चिम स्थित पेरियार अपार्टमेंट निवासी आसिया खुसरू अपने घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाई गईं। चौंकाने वाली बात यह थी कि उनके पति और अन्य रिश्तेदारों ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार उनका अंतिम संस्कार कर दिया था, जिससे संदेह गहरा गया।



क्राइम ब्रांच 2 के प्रभारी अधिकारी, पुलिस निरीक्षक समीर अहिरराव को एक गोपनीय रिपोर्ट से जानकारी मिली कि यह कोई सामान्य मृत्यु नहीं, बल्कि एक हत्या थी। सूचना की गंभीरता को देखते हुए, अहिरराव ने तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया और उनकी अनुमति के बाद घटनास्थल का दौरा किया।

पुलिस ने मृतक महिला के रिश्तेदारों और अन्य गवाहों से पूछताछ की, साथ ही घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया। जांच के दौरान, पुलिस ने मृतक महिला के सौतेले बेटे मोहम्मद इमरान अमीर खुसरू को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। पहले वो पुलिस को गुमराह करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन गहन पूछताछ में उसने अपना अपराध कबूला। इमरान ने बताया कि उसे ऑनलाइन गेम खेलने के लिए 1,80,000 की आवश्यकता थी। सौतेली माँ आसिया से पैसे मांगे, जब उन्होंने इनकार किया, तो वह गुस्से में आ गया और माँ का सिर रसोई से दालान की ओर जाने वाले रास्ते में वॉशबेसिन के पास दीवार के कोने पर पटक कर और उनके चेहरे पर लात मारकर उनकी हत्या कर दी। बाद में इमरान ने मृतक के शयनकक्ष में रखी अलमारी से 2 सोने की चूड़ियाँ और एक सोने की चेन भी चुरा ली। घटना की जानकारी पिता मो अमीर मो इस्माइल खुसरू को दी।

# देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़

**नायगांव।** मीरा-भायंदर-वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय की अनैतिक मानव तस्करी प्रतिबंधक इकाई (AHTU) ने एक बड़े अभियान में बांग्लादेश से तस्करी कर लाई गईं दो लड़कियों को देह व्यापार के चंगुल से मुक्त कराया है। इस कार्रवाई में तीन बांग्लादेशी दलालों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को 26 जुलाई को एक गुप्त सूचना मिली थी कि नायगांव, वसई (पूर्व) स्थित रश्मी स्टार सिटी में कुछ दलाल बांग्लादेशी लड़कियों से जबरन देह व्यापार करवा रहे हैं। इन दलालों की पहचान मोहम्मद खालिद बापरी, जुबेर हारुन शेख और शमीम गफ्फार सरदार के रूप में हुई है। ये दलाल ग्राहकों से प्रति ग्राहक 5,000 वसूलते थे, जिसमें वेश्यावृत्ति का शुल्क, कमीशन और कमरे का किराया शामिल था। चौंकाने वाली बात यह है कि ये दलाल खुद भी लड़कियों को इस अवैध धंधे में धकेलते थे। सूचना पर, पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद एक फर्जी ग्राहक, दो गवाहों और एक दुभाषिए के साथ बताए गए स्थान पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान यह खुलासा हुआ कि तीनों आरोपी खालिद, शमीम और जुबेर ने मिलकर बांग्लादेश से लड़कियों की तस्करी की और उन्हें जबरन देह व्यापार जैसे जघन्य अपराध में धकेला। पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल तीन मोबाइल हैंडसेट जब्त कर लिए हैं। मुक्त कराई गई नाबालिग लड़की और युवती को 'रेस्क्यू फाउंडेशन' में सुरक्षित आश्रय दिया गया है। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया है।

# डोंबिवली, कल्याण ग्रामीण में भाजपा की नई नियुक्तियां घोषित

**डोंबिवली।** भारतीय जनता पार्टी कल्याण जिला के निर्देशानुसार डोंबिवली पूर्व मंडल और कल्याण ग्रामीण-3 मंडल में पदाधिकारियों की नई नियुक्तियां की गई हैं। इस नियुक्ति प्रक्रिया का नेतृत्व डोंबिवली पूर्व मंडल अध्यक्ष मितेश पेनकर और कल्याण ग्रामीण-3 मंडल अध्यक्ष करण मदन जाधव ने किया। इस दौरान उत्तर भारतीय समाज के योगदान को विशेष रूप से मान्यता दी गई। डोंबिवली पूर्व मंडल से दीपक त्रिपाठी को उत्तर भारतीय मोर्चा अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जबकि कल्याण ग्रामीण-3 मंडल में सौरभ तिवारी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। कल्याण ग्रामीण-3 मंडल में संतोष शुक्ला को महासचिव और संतोष कनौजिया को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। इन नियुक्तियों से उत्तर भारतीय समाज में खुशी है। कार्यक्रम में कल्याण जिला भाजपा अध्यक्ष नंदू परब विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ वरिष्ठ नेता दिनेश दुबे, रवि सिंह ठाकुर भी मंच पर मौजूद थे। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती और विविध समाज के प्रतिनिधित्व को प्राथमिकता देने का संदेश स्पष्ट रूप से दिया गया।




# विश्व प्रकृति दिवस पर वृक्षारोपण

**भिवंडी।** विश्व प्रकृति दिवस के अवसर पर भिवंडी स्थित पद्मश्री अण्णासाहेब जाधव भारतीय समाज उन्नती मंडल द्वारा संचालित बी.एन.एन. कॉलेज में वृक्षदिंडी और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण और जैवविविधता के महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में भिवंडी-निजामपूर शहर महानगरपालिका के उप आयुक्त (उद्यान) तथा नियंत्रण अधिकारी बालकृष्ण क्षिरसागर और मुख्य उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी निलेश संखे प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ महाविद्यालय के अध्यक्ष विजय जाधव, प्राचार्या डॉ. सुवर्णा रावल, उपप्राचार्य डॉ. रुपवते, पर्यावरण विभाग के प्राध्यापक सुरेश अहिरे, एनसीसी के प्रभारी सुरेश जाधव और आपदा प्रबंधन विभाग की प्राध्यापिका भारती चौधरी भी कार्यक्रम में उपस्थित थीं। कार्यक्रम की शुरुआत दीपप्रज्वलन से हुई, जिसके बाद महाविद्यालय के लगभग एक हजार छात्रों ने वृक्षदिंडी में भाग लिया। इस दौरान छात्रों द्वारा पर्यावरण विषय पर चित्रप्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें स्वच्छता, प्रदूषण, वनों की कटाई और प्लास्टिक के दुष्प्रभाव जैसे विषयों को रेखांकित किया गया। मुख्य अतिथि बालकृष्ण क्षीरसागर ने विद्यार्थियों और उपस्थित नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने भाषण में वृक्षों के संरक्षण, जैवविविधता की महत्ता और स्वच्छ पानी की आवश्यकता पर जोर दिया।

# समुद्र के पानी को मीठा करने को मनपा ने फिर से निकाला टेंडर

## वर्सोवा में लगेगा समुद्र का पानी मीठा करने का प्रोजेक्ट

**मुंबई।** बढ़ती लोकसंख्या के कारण आने वाले दिन में पानी की बड़ी समस्या होने वाली है। बारिश नहीं होने पर पानी की समस्या और बढ़ सकती है। पानी की समस्या से निपटने के लिए मनपा ने समुद्र के पानी को मीठा करने का निर्णय लगभग पांच साल पहले लिया था। मनपा ने समुद्र का पानी मीठा करने के लिए उसकी फिसबिल्टी रिपोर्ट भी तैयार की और टेंडर भी किया।इसी बीच राजनीतिक विवाद के चलते मनपा ने इस प्रोजेक्ट को ही ठंडे बस्ते में डाल दिया था। केंदीय मंत्री पीयूष गोयल के उत्तर मुंबई से सांसद चुने जाने के बाद इस प्रोजेक्ट की जरूरत को देखते हुए दोबारा इस प्रोजेक्ट को शुरू करने का निर्देश दिया।मनपा ने इसी के चलते समुद्र का पानी मीठा करने का दोबारा टेंडर प्रक्रिया शुरू की है। मनपा ने इस बार मनोरी की जगह वर्सोवा में समुद्र का पानी मीठा करने का प्लांट शुरू करने का निर्णय लिया है।



बता दे कि मनपा ने वर्सोवा में समुद्र का पानी मीठा करने का प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए ईओआई मंगाया है। मनपा पहले मनोरी में 200 मिलियन लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला संयंत्र स्थापित करने की योजना बनाई थी लेकिन यह प्रोजेक्ट पिछले 18 महीनों से विभिन्न कारणों से अटका हुआ था और मनपा ने पूरी तरह इस प्रोजेक्ट को रद्द करने का ही निर्णय लिया था। मनपा अब वर्सोवा में 200 एमएलडी क्षमता वाला प्लांट लगाने की तैयारी शुरू की है। और इसके लिए टेंडर प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। मनोरी प्लांट में हो रही देरी के बावजूद मनपा वर्सोवा में दूसरा प्लांट शुरू करने की योजना पर काम कर रही है। यह प्रोजेक्ट कुछ समय में शुरू होगा और इसमें निजी निवेश तथा तकनीकी कौशल का उपयोग किया जाएगा । जिससे मनपा पर आर्थिक भार कम होगा। अगर मनोरी और वर्सोवा दोनों प्रोजेक्ट शुरू होते हैं तो भविष्य में मुंबईकरों को समुद्र के पानी को शुद्ध कर पीने योग्य बनाने का विकल्प मिलेगा। समुद्र का पानी भले ही महंगा हो लेकिन शहरवासियों को पानी की किल्लत से राहत मिल सकेगी।

# दर्दनाक सड़क हादसे में एक की मौत

**भिवंडी।** भिवंडी के ग्रामीण क्षेत्र स्थित खूनी खाड़ीपार रोड पर रविवार रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान संकेश पंडरीनाथ पाटिल उर्फ 'गोट्या' के रूप में हुई है। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संकेश रोज़ की तरह रविवार रात करीब 8:30 बजे अपनी TVS Ntorq बाइक से भिवंडी शहर की ओर जा रहा था। जब वह खोणी गांव,तालाब के पास पहुंचा, तो सामने चल रहे एक आयशर ट्रक के अचानक ब्रेक लेने से वह ट्रक की चपेट में आ गया। ट्रक के पिछले हिस्से से 'टकराने के कारण संकेश को सिर में गंभीर चोटें आईं और वह वहीं गिरकर बेहोश हो गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर जैसे ही गांव पहुंची, सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण भिवंडी के इंदिरा गांधी मेमोरियल अस्पताल पहुंच गए। वहीं, भिवंडी पश्चिम के विधायक महेश चौघुले और भाजपा शहर अध्यक्ष रवि सावंत ने भी अस्पताल पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त की। घटना की गंभीरता को देखते हुए निजामपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संकेश की पारिवारिक पृष्ठभूमि भी बेहद मार्मिक है। उसके चाचा निःसंतान थे, इसलिए संकेत के पिता ने उसे अपने भाई को गोद दे दिया था।

# मीरा-भायंदर शहर में सड़कों की समस्या पर ध्यान देने की मांग

**भायंदर।** मीरा - भायंदर शहर में रास्तों की दुर्दशा और उसमें बने गड्ढों की वजह से होने वाली दुर्घटना एवं मानसून में अधूरे पड़े सड़कों की वजह से आम जनता को होने वाली असुविधा पर मनपा आयुक्त तत्काल ध्यान दे और उचित कार्रवाई करें ऐसी मांग भाजपा नेता मीरा - भायंदर (145) विधानसभा चुनाव प्रभारी एड. रवि व्यास ने की है। आयुक्त राधाविनोद शर्मा को लिखें पत्र में रवि व्यास ने बताया की मीरा - भायंदर शहर के अनेक रास्तों की अवस्था एकदम खराब हो चुकी है, सड़कों पर बने बड़े - बड़े गड्ढों की वजह से आम नागरिक, विद्यार्थी, अपने रोजगार पर जाने वाले लोगों, एम्बुलेंस सेवा और आवाजाही वाली गाड़ियों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है और ये गड्ढे दुर्घटना का कारण भी बन रहे है जिससे लोगों के जानमाल का भी नुकसान हो रहा है। रवि व्यास ने ये भी माना की फिलहाल शहर में मेट्रो के काम के चलते भी कई जगहों पर एमएमआरडीए द्वारा किये गए अधूरे काम भी इसकी एक प्रमुख वजह है लेकिन इन सबके बावजूद नागरिकों को राहत देना मनपा प्रशासन की जिम्मेदारी है। ऐसे में आयुक्त स्वयं इसका संज्ञान लेते हुए जो रास्ते मनपा के अधीन है उन पर तुरंत पैच वर्क कर उसे दुरुस्त किया जाए और एमएमआरडीए एवं मेट्रो के ठेकेदारों को पत्र लिखकर फिलहाल अस्थायी और फिर स्थायी स्तर पर काम किया जाए। रवि व्यास की मांग है की इसके लिए एक निर्धारित समय सीमा में एक्शन प्लान तैयार किया जाए एवं आयुक्त खुद फील्ड पर जाकर समाचार पत्रों, सोशल मीडिया और हेल्पलाइन के जरिये मिल रही जानकारी और शिकायतों पर तुरंत निदान करें।




# खराब सड़क से ड्राइवरों की फजीहत

**मुंबई।** मुंबई हर साल, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में मानसून का मौसम शुरू होते ही सड़कों की हालत खराब हो जाती है। गड्ढों के कारण न केवल ट्रैफिक जाम होता है, बल्कि इससे ड्राइवरों के स्वास्थ्य पर बुरा असर भी पड़ता है। खासकर पीठ दर्द, कमर दर्द और स्लिप डिस्क की। बारिश के मौसम में, सड़क पर पानी जमा हो जाता है, जिससे डामर उखड़ जाता है। इससे गड्ढे बन जाते हैं। इनसे बचने के लिए, बाइक, रिक्शा, टैक्सी या कार चलाते समय लगातार झटके लगते हैं। अक्सर, अगर गड्ढों की गहराई का अंदाज़ा न हो या रात के अंधेरे में गड्ढा दिखाई न दे, तो गाड़ी उससे टकरा जाती है। जिससे चालकों को रीढ़ की हड्डी की समस्या होने लगती है। बारिश के समय ऐसी समस्याएं ज्यादा ही सामने आ रही हैं।

# स्टेशन महोत्सव में भव्य बांद्रा स्टेशन की समृद्ध विरासत का मनाया गया जश्न

**मुंबई।** बांद्रा स्टेशन की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक पहचान का सम्मान करते हुए पश्चिम रेलवे द्वारा एक जीवंत कार्यक्रम "बांद्रा स्टेशन महोत्सव" मनाया गया। 26 जुलाई, 2025 को आयोजित इस भव्य समारोह की शुरुआत पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक श्री प्रदीप कुमार, पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री पंकज सिंह, मुंबई क्षेत्र की डाक सेवा की निदेशक श्रीमती कैया अरोड़ा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा एक विशेष स्मारक कवर के अनावरण के साथ हुई। विशेष कवर का अनावरण एक मार्मिक क्षण था, जो इस प्रतिष्ठित स्टेशन की ऐतिहासिक विरासत के प्रति एक सच्चा सम्मान था।



बांद्रा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी शानदार प्रदर्शन हुआ, जिसमें मंत्रमुग्ध कर देने वाले नृत्य प्रदर्शन और ऊर्जावान कराओ के प्रस्तुतियाँ शामिल थीं, जिन्होंने उत्सवी माहौल को और भी समृद्ध बना दिया। इस दिन का मुख्य आकर्षण "आर्ट एंड क्राफ्ट" और "व्लॉग मेकिंग" प्रतियोगिताओं के लिए बेसब्री से प्रतीक्षित पुरस्कार वितरण समारोह था। गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाशाली प्रतिभागियों को उनके कलात्मक और नवोन्मेषी कौशल के साथ-साथ आकर्षक कहानी कहने की कला के लिए सम्मानित किया गया। इन रचनात्मक कृतियों ने बांद्रा स्टेशन की भावना और उसके जीवंत उत्साह को खूबसूरती से दर्शाया। बांद्रा स्टेशन महोत्सव ने विरासत के उत्सव को सामुदायिक भागीदारी के साथ मिश्रित किया, जिससे इस अवसर की स्थायी यादें बनीं, जो पुरानी यादों, रचनात्मकता और सौहार्द से भरी थीं। जून 2025 में शुरू हुआ यह महोत्सव एक लुभावने समापन के साथ संपन्न हुआ, जब सैकड़ों हीलियम गुब्बारे आकाश में उड़े, जिसने उत्सव की खुशी की भावना को पूरी तरह से दर्शाया। बांद्रा रेलवे स्टेशन मुंबई के बेहतरीन उपनगरीय रेलवे स्टेशनों में से एक है। अपनी विशिष्ट वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध, यह लाखों दैनिक यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण परिवहन केंद्र के रूप में कार्य करता है। इसे महाराष्ट्र सरकार के 1995 के विरासत नियमों में ग्रेड-I विरासत संरचना के रूप में अधिसूचित किया गया है।

# महायुति के रूप में लड़ेंगे स्थानीय निकाय चुनाव: सीएम फडणवीस

■ जहां गठबंधन नहीं होगा, वहां दोस्ताना लड़ाई

■ वर्धा में भाजपा कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

सोमवार को वर्धा में आयोजित भाजपा कार्यकर्ताओं की विदर्भ स्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य में जल्द ही स्थानीय निकाय चुनाव होने वाले हैं। शुरुआत में जिला परिषद चुनाव उसके बाद नगर पालिका के चुनाव होंगे और सबसे अंत में महानगर पालिका चुनाव होंगे। ये चुनाव हम महायुति के रूप में लड़ेंगे। स्थानीय स्तर पर कुछ निर्णय लेने के अधिकार दिए जाएंगे, जहां भी समस्या होगी, वहां हम लोगों से चर्चा करेंगे, लेकिन चुनाव महायुति के रूप में लड़ा जाएगा। जहां गठबंधन नहीं होगा, वहां अपने मित्र दलों पर कोई टिप्पणी नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में उद्धव ठाकरे अपने साथ सत्ता में थे। वे हमें रोज गाली देते थे, लेकिन हम ऐसा नहीं चाहते हैं। जहां गठबंधन नहीं होगा, वहां हमें समन्वय रखकर दोस्ताना लड़ाई लड़नी होगी, हमें स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा का निर्विवाद प्रभुत्व दिखाना होगा। बैठक में राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, कामगार मंत्री आकाश फुंडकर, सभी पूर्व और वर्तमान विधायक-सांसद, 19 जिला अध्यक्ष सहित 750 पदाधिकारी बैठक में उपस्थित थे।



### एक-दूसरे से लड़वाने का काम कर रहा विपक्ष

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में हमने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। हमने भाजपा के नेतृत्व में 137 सीटें जीतीं। 35 साल के रिकॉर्ड में कोई भी पार्टी इतनी सीटें नहीं जीत पाई, हमने यह रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले महाराष्ट्र का 122 सीटों का रिकॉर्ड भी तोड़ा गया था। इन पांच वर्षों में हम महाराष्ट्र के आम लोगों की उम्मीदों को पूरा करने जा रहे हैं। जब यह सरकार पांच साल पूरे करेगी, तो महाराष्ट्र पूरी तरह से बदल चुका होगा। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वे विकास में हमारा मुकाबला नहीं कर सकते। वे हर दिन नया नैरेटिव फैलाते हैं। वे विकास की चर्चा नहीं होने देते। जैसे ही उन्हें ऊपर से इंजेक्शन मिला, कुछ तोते जन सुरक्षा कानून के बारे में बोलने लगे। जो लोग भारत के संविधान को नहीं मानते, वे अराजकतावादी विचारधारा फैलाना चाहते हैं। शहरी नक्सली सभी को एक-दूसरे के खिलाफ लड़वाने का काम कर रहे हैं, इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई की जरूरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र माओवादियों का केंद्र बन गया है। ऐसे में जन सुरक्षा कानून लाया गया है। यह कानून संगठन पर प्रतिबंध लगाने के लिए है। लेकिन किसी को सीधे गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। हम इस पर खुली बहस के लिए तैयार हैं, लेकिन जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएंगे, नए-नए नैरेटिव सामने आएंगे। विपक्ष की तरफ से जानबूझकर विवाद पैदा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में अपने पक्ष में माहौल अनुकूल है। लोग हमें चुनने के लिए तैयार हैं, लेकिन भाजपा में एक पार्टी होने के नाते, कई जिलों में छोटे-मोटे विवाद होते रहते हैं, ये विवाद नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच होते हैं। ये बहुत बड़े विवाद नहीं हैं। भाजपा एक परिवार है, दो भाइयों के बीच कमोबेश ऐसा ही होता है। लेकिन चुनाव के वक्त सभी को एक साथ रहना चाहिए।

## पीएम मोदी से रविंद्र चव्हाण ने की मुलाकात

### अध्यक्ष बनने के बाद पीएम से चव्हाण की पहली भेंट



**मुंबई।** भाजपा प्रदेश के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने सोमवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सदिच्छा भेंट की। पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान रविंद्र चव्हाण ने आगामी प्रदेश संगठन को लेकर पीएम मोदी को विस्तृत जानकारी दी। पीएम से मुलाकात के बाद चव्हाण ने यह जानकारी दी।

इस अवसर पर रविंद्र चव्हाण ने जनवरी से जून 2025 तक भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में किए गए कार्यों की रिपोर्ट भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपी। रिपोर्ट में महाराष्ट्र में बूथ स्तर पर किए जा रहे संगठनात्मक कार्यों, सदस्यता अभियान, पदाधिकारियों के प्रशिक्षण, संपर्क अभियान और महिला एवं युवा मोर्चा की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी शामिल है। साथ ही रविंद्र चव्हाण ने आने वाले दिनों महाराष्ट्र में पार्टी संगठन को मजबूत करने के संबंध में पीएम मोदी का मार्गदर्शन लिया। इस अवसर पर पीएम ने रविंद्र चव्हाण को बधाई दी। बता दें कि अध्यक्ष का कार्यभार संभालने के बाद रविंद्र चव्हाण दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी सहित अन्य नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अमित शाह से मुलाकात के दौरान चव्हाण और शाह के बीच प्रदेश की नई कार्यकारिणी सहित अन्य मुद्दे पर चर्चा हुई थी। जिसमें शाह ने आगामी मनपा और स्थानीय चुनाव को देखते हुए प्रदेश की नई कार्यकारिणी जल्द से जल्द घोषित करने का निर्देश दिया है।

## मुंबई में बनेगा महायुति का महापौर: फडणवीस

**मुंबई।** राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि दोनों ठाकरे बंधु साथ आ रहे हैं, कौन किसके साथ युति करता है, यह बात गौण है। मुंबई की जनता ने महायुति का महापौर बनाने की बात मन में ठान ली है। ऐसे में मुंबई महानगरपालिका में महायुति का ही महापौर बनेगा। रविवार को शिवसेना उबाठा प्रमुख उद्धव प्रमुख के जन्मदिन पर उन्हें बधाई देने के लिए मनसे प्रमुख राज ठाकरे के मातोश्री गए थे। इससे आगामी महानगरपालिका चुनाव में दोनों भाईयों के मिलकर चुनाव लड़ने के संकेत मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि कौन किसके साथ जाता है, यह बात महत्वहीन है। मुंबई मनपा में महायुति का महापौर बनेगा। वहीं बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) पर विपक्षी दलों की तरफ से हो हल्ला मचाया जा रहा है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी मांग है कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन होना चाहिए। 20 साल में बहुत से ऐसे लोग हैं, जिनमें से कई बाहर चले गए, कई गुजर गए, मतदाता सूची में उनका नाम है। फडणवीस ने कहा कि वर्ष 2012 में उन्होंने अदालत में याचिका दायर कर एसआईआर की मांग की थी। तब से मेरी यह मांग है। चुनाव आयोग का आभार व्यक्त करता हूं कि उसने यह कदम उठाया। अब जो मतदाता सूची बनेगी वह बहुत ही सटीक होगी।

## विवादित मंत्रियों का मामला पहुंचा राजभवन

■ राज्यपाल से मिला यूबीटी नेताओं का प्रतिनिधिमंडल

■ राज्यपाल का आश्वासन, मामले में मुख्यमंत्री से करेंगे चर्चा



**मुंबई।** राज्यपाल सी.पी.राधाकृष्णन ने कैंटीन के कर्मचारियों से शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ और विधानमंडल परिसर में विधायक जितेंद्र आव्हाड और गोपीचंद पडलकर के समर्थकों द्वारा किए गए मारपीट को गंभीरता से लिया है। ऐसी घटना से महाराष्ट्र की छवि ख़राब हुई है। इस बारे में उन्होंने मुख्यमंत्री से चर्चा करने की बात कही है। राज्यपाल ने कहा है कि महाराष्ट्र की शान और गरिमा बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। महायुति सरकार में विवादित मंत्रियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे के नेतृत्व में यूबीटी नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला। राज्यपाल से मुलाकात के बाद यूबीटी प्रवक्ता सुषमा अंधारे ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। अंधारे ने बताया कि पिछले कई महीनों से महायुति के मंत्रियों और विधायकों की सामने आ रही घटनाओं को राज्यपाल ने गंभीरता से लिया है।

▸▸ उन्होंने आश्वासन दिया है कि इस बारे में वे खुद मुख्यमंत्री से चर्चा करेंगे। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे ने कहा कि महायुति सरकार के कई मंत्रियों पर गंभीर आरोप लगे है। ऐसे मंत्री को तत्काल पद से इस्तीफा दे देना चाहिए था लेकिन अब तक नहीं दिया है। उन सभी विवादित मंत्रियों की सूची राज्यपाल को सौंप उन पर कार्रवाई की मांग की है। सुषमा अंधारे ने बताया कि योगेश कदम, संजय शिरसाट और अन्य लोगों से संबंधित कई दस्तावेज और सबूत, साथ ही एक बहुत बड़ी पेन ड्राइव वाली फाइल राज्यपाल को दी गई है, इस सूची में पहले स्थान पर योगेश कदम, दूसरे स्थान पर गिरीश महाजन, तीसरे स्थान पर संजय शिरसाट, चौथे स्थान पर माणिकराव कोकाटे, पांचवें स्थान पर सांसद संदीपान भुमरे और छठे स्थान पर नितेश राणे हैं।

## गुरुवार को बांद्रा में नहीं आएगा पानी खार में भी धीमी गति से होगी सप्लाई



**मुंबई।** मनपा जल विभाग ने पाली हिल जलाशय के इनलेट और आउटलेट पर लगे चार वाल्व को बदलने का निर्णय लिया है। जल विभाग के इस कार्य के दौरान बांद्रा में पानी सप्लाई बंद रहेगी, जबकि खार में धीमी गति से पानी की सप्लाई होगी। मनपा प्रशासन ने जानकारी दी है कि गुरुवार को पाली हिल जलाशय पर होने वाला कार्य सुबह 9 बजे से रात 11 बजे तक यानी कुल 14 घंटे तक चलेगा। इस दौरान एच पश्चिम वार्ड के इन इलाकों हनुमान नगर, लक्ष्मी नगर यूनियन पार्क रोड क्रमांक 1 से 4, पाली हिल और चुईम गांव का कुछ भाग, नरगिस दत्त मार्ग, पद्मश्री देव आनंद मार्ग (जिगजैग रोड) पाली माला मार्ग आदि इलाकों में पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद रहेगी, जबकि खार में आने वाले यह इलाके पेरी क्षेत्रः कांतवाडी पाली नाका, पाली गांव, शेरली, राजन और माला गांव, खारदांडा कोलीवाड़ा, चुईम गांव, गझधरबंध झोपड़पट्टी इन इलाकों में धीमी गति से पानी की सपलाई होगी। मनपा ने संबंधित क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवधि के लिए आवश्यक मात्रा में पानी का भंडारण कर लें और पानी बंद रहने के दौरान उसका संयमपूर्वक उपयोग करें।

## सोशल मीडिया पर बेलगाम नहीं हो सकेंगे सरकारी बाबू

### नियमावली घोषित, भंग करने पर होगी सीधी कार्रवाई

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर महाराष्ट्र के सरकारी अफसर और कर्मचारी बेलगाम होकर कोई भी टीका-टिप्पणी नहीं कर सकेंगे। सोमवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर एक महत्वपूर्ण और सख्त गाइडलाइन जारी की है। नई नियमावली में सरकारी कामकाज में पारदर्शिता, गोपनीयता और जवाबदारी पर जोर दिया गया है। चेतावनी दी गई कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ सरकारी परिपत्र में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर सरकारी नीति या सरकार के काम को लेकर प्रतिकूल टिप्पणी या आलोचना करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। यह अनिवार्य किया गया है कि सरकारी कर्मचारी अपने निजी और आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट को पूरी तरह अलग रखें। गोपनीयता के मद्देनजर वरिष्ठ अधिकारियों की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी गोपनीय सरकारी दस्तावेज या आधिकारिक जानकारी को साझा करना, अपलोड करना या फॉरवर्ड करने पर पूरी तरह मनाही है। सरकारी कर्मचारियों को अपने काम या सफल योजनाओं की जानकारी देने की छूट रहेगी, लेकिन इसमें खुद की प्रशंसा नहीं की जा सकेगी। साथ ही, आपत्तिजनक, घृणास्पद या मानहानिकारक सामग्री को साझा करना, अपलोड करना या फॉरवर्ड करना पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है।

## मंदिर से लाखों की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**भिवंडी।** ठाणे जिले के भिवंडी इलाके में स्थित एक जैन मंदिर से लाखों रुपये की चोरी की गुत्थी को शांतिनगर पुलिस ने महज 12 घंटे में सुलझा लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी किया पूरा माल बरामद कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी मंदिर चोरी के तीन मामले दर्ज हैं। घटना 25 जुलाई की रात करीब 2 बजे से 26 जुलाई की सुबह 8 बजे के बीच की है। शांतिनगर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत अशोक नगर स्थित एक जैन मंदिर में घटी। अज्ञात चोर ने मंदिर का ताला तोड़कर मंदिर से रखे चांदी व पीतल के बर्तन सामग्री कुल 1.85 लाख रूपये के मुद्देमाल चुराए। मंदिर के ट्रस्टी शांतीलाल मुरग गडा द्वारा घटना की शिकायत पर शांतिनगर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4), 305(ड) के तहत मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज की गहनता से जांच की गई। तकनीकी विश्लेषण और खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस ने संदिग्ध आरोपी सार्किब उर्फ सलमान अख्तर अंसारी को हिरासत में लिया, जो भिवंडी के अजय होटल, जब्बार कंपाउंड इलाके का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपी ने मंदिर से चोरी की बात कबूली। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पेशेवर चोर है और पहले भी तीन मंदिरों में चोरी कर चुका है। उसके खिलाफ उत्तर प्रदेश के एक थाने में भी आपराधिक (हत्या) मामला दर्ज है। गिरफ्तार आरोपी से बरामद की गई सामग्री और उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि के आधार पर पुलिस उससे और भी वारदातों की जानकारी जुटाने में लगी है।

## सफाई कर्मचारी मनपा आयुक्त से अनुबंध कराने में सफल



**मुंबई।** राज्य सरकार के निर्देश के बाद मनपा प्रशासन सफाई कर्मचारियों से अनुबंध करने पर मजबूर हो गया । सोमवार को सफाई कर्मचारियों का मनपा आयुक्त के साथ अनुबंध हो गया। किसी सफाई कर्मचारी की अब नौकरी नहीं जाएगी। सफाई कर्मचारी भी अब हड़ताल पर नहीं जाएंगे। इस अनुबंध से सफाई कर्मचारियों में जीत का उत्साह है। सोमवार को मनपा मुख्यालय में मनपा आयुक्त भूषण गगरानी और मनपा यूनियनों के बीच बने अनुबंध पर हस्ताक्षर किया गया, जिसमें सफाई विभाग में काम कर रहे किसी भी वर्ग में मंजूर किसी पद को कम नहीं किया जाएगा। किसी भी यानगृह को बंद नहीं किया जाएगा। कामगारों के सेवा और शर्तों में भी कोई बदलाव नहीं होगा। वर्तमान में कार्यरत मोटर लोडर को 70-75 प्रतिशत कामगारों को उनके अनुरुप काम दिया जाएगा। जबकि 25-30 प्रतिशत कामगारों को दूसरी जगह काम देने पर विचार किया जाएगा। इसके अलावा लाड – पागे समिति की रिपोर्ट का पूरी तरह पालन किया जाएगा।


**पब्लिक नोटीस**

एतद्वारा सूचना दी जाती है कि, मेरे मुवक्किल श्री. वैभव गणपत गायकवाड यह निम्नलिखित संपत्ति मालिक श्री शिवाजी भाऊ शेलार व इतर इनकी नीचे लिखित अनुसूची में वर्णित संपत्ति खरीदना चाहते हैं ।

इसलिये नीचे लिखित अनुसूची में वर्णित संपत्ति के बिक्री, हस्तांतरण, विनिमय, पट्टा, उप–पट्टा, समनुदेशन, गिरवी के माध्यम से और या उसके किसी भाग के संबंध में कोई अधिकार, शीर्षक, लाभ, ब्याज, शेयर, दावा या मांग रखने वाले सभी व्यक्ति प्रभार, ग्रहणाधिकार, विरासत, वसीयत, उत्तराधिकार, उपहार, रखरखाव, सुखभोग, ट्रस्ट, किरायेदारी, उप–किरायेदारी, छुट्टी और लाइसेंस, देखभाल करने वाला आधार, व्यवसाय, कब्जा, पारिवारिक व्यवस्था/निपटान, किसी भी न्यायालय का आदेश या आदेश, अनुबंधों/समझौतों, या अन्यथा जो भी हो, के लिए दस्तावेजी साक्ष्य के साथ लिखित रूप में इसकी जानकारी अधोहस्ताक्षरी को इसकी तारीख से १५ दिनों के भीतर देनी होती है, ऐसा न करने पर ऐसे दावे, यदि कोई हों, को माफ कर दिया गया माना जाएगा।

संपत्ति की अनुसूची
मौजे चवरे, तालुका कल्याण, जि. ठाणे

| सर्व्हे नं. | हिस्सा नं. | क्षेत्र हे.आर.चौ.मि | आकार रू. पै |
|---|---|---|---|
| १२२ | १ (जुना ११६/१) | २.२३.00<br>पो.ख. 0.१८.00<br>२.४१.00 | ३.१९ |
| एकूण मिळकती पैकी 0.६0.00 हे.आर.चौमि | | | |

पता– ७०२/सी–विंग, सिद्धीविनायक मेफेयर विश्वराजा, गणपती मंदिर रोड, टिटवाळा (पूर्व). ता. कल्याण, जि. ठाणे.

सहि/–
ॲड.अश्विनी बी.मोरे
मो.नं. ८८९८१९३५८६



**पनवेल महानगरपालिका, पनवेल**

ई-निविदा सूचना क्रः पमपा/उद्यान/२२२५/प्र.क्र. ०३ / ५१६/२०२५ — दिनांक : २८/०७/२०२५

| अ. क्र. | कामाचे नाव | निविदा क्र. | दिलेल्या कामाची अंदाजपत्रकीय रक्कम ₹ | इसारा रक्कम रुपये | कामाचा कालावधी |
|---|---|---|---|---|---|
| १. | पनवेल महानगरपालिका हद्दीतील नविन पनवेल येथील से. १६, भूखंड क्र. ०३ उद्यानाचे नुतनिकरण करणे | PMC/Garden/ 04/2025-26 | ₹ ८३,२०,००१/- (GST विरहित) | ८३,२००/- | |

या कामाच्या ई-निविदेबाबतची माहिती शासनाच्या https://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दिनांक २९/०७/२०२५ रोजी प्रसिध्द करण्यात येणार आहे. संबंधित निविदाधारकांनी याची नोंद घ्यावी.

Sd/-
अतिरिक्त आयुक्त-I,
पनवेल महानगरपालिका, पनवेल



**भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका भिवंडी, जि. ठाणे**

बांधकाम विभाग प्र.स.क्र.०२

ई-निवीदा सुचना क्र.४७/२०२५-२६

भिवंडी नि. शहर महानगरपालिकेच्या बांधकाम विभागा मार्फत खालील नमुद कामाचे निविदा फॉर्म **mahatenders.gov.in** या संकेतस्थळावर दिनांक २९/०७/२०२५ ते दि.१८/०८/२०२५ पर्यत विक्रिस उपलब्ध आहे.

| अ.क्र. | कामाचे नांव | अंदाजपत्रकीय रक्कम |
|---|---|---|
| १ | भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका हद्दितील प्रभाग क्र.१३ क मधिल रस्ते आर.सी.सी. करणे | ४,९९,७७,९०५/- |

वरील ऑनलाईन निविदा दि.१८/०८/२०२५ पर्यंत दुपारी ४.०० पर्यंत स्विकारण्यांत येतील. तसेच सदरची निविदा ही दि. १९/०८/२०२५ रोजी संध्या. ४.०१ वाजता अथवा कार्यालयीन कामकाजाच्या सोयीप्रमाणे निविदा समिती समक्ष उघडण्यांत येईल अधिक माहिती महानगरपालिकेच्या उक्त नमुद संकेत स्थळावरुन प्राप्त होऊ शकेल अथवा नविन शायकिय इमारतीमधील ५ मजल्यावरील बांधकाम विभाग कार्यालयाशी संपर्क साधावा.

XXX
(जमील पटेल)
शहर अभियंता
भि. नि. शहर महानगरपालिका, भिवंडी


## अंडर ग्राउंड मेट्रो से पैदल यात्रियों को सुविधा देने पर जोर

**मुंबई।** पैदल यात्रियों की आवाजाही को नया स्वरूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत सोमवार को मनपा मुख्यालय में बैठक की गई। इस बैठक में अंडरग्राउंड मेट्रो से पैदल यात्रियों अधिक सुविधा उपलब्ध कराई जाए जिससे अन्य ट्रांसपोर्ट से यात्रियों का भार कम हो सके।

सोमवार को मनपा मुख्यालय में हुई बैठक में नगर विकास विभाग दो के प्रिंसिपल सेक्रेटरी असीम गुप्ता, मेट्रो लाइन 3 की प्रमुख अश्विनी भिडे, मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन, मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण, रेलवे , आदि के अधिकारी मौजूद थे। मेट्रो लाइन 3 के पूर्ण संचालन के करीब पहुंचने के साथ ही, योजना निर्माताओं का ध्यान अब इन महत्वपूर्ण ट्रांजिट पॉइंट्स को आसपास के ढांचे को बेहतर तरीके से जोड़ने और उन्हें अधिक सुलभ बनाने पर है। जिसके तहत लोग अधिक मात्रा में अंडरग्राउंड रास्ते का अधिक उपयोग करे जिससे सड़क पर ट्रांसपोर्ट का भार कम हो सके। एक प्रस्ताव पहले से ही कार्यान्वयन है। जिसके तहत प्रस्तावित भूमिगत अचार्य अत्रे चौक मेट्रो स्टेशन को सीधे महालक्ष्मी रेसकोर्स के खुले मैदान और हाजी अली स्थित मुंबई कोस्टल रोड की पार्किंग सुविधा से जोड़ा जाएगा। मनपा और एमएमआरसीएल जून से इस प्रस्तावित मार्ग पर काम कर रहे हैं। यह अंडरग्राउंड सबवे लगभग 1 किलोमीटर लंबा होगा, जिसमें 160 मीटर लंबी एक शाखा होगी जो मेट्रो स्टेशन से शहर के समुद्री तट तक निर्बाध पैदल मार्ग उपलब्ध कराएगी। मनपा अधिकारी ने बताया कि यह तो केवल शुरुआत है। सोमवार की बैठक का मुख्य उद्देश्य यह तय करना था कि इन पैदल मार्गों के विकास की जिम्मेदारी कौन-कौन सी एजेंसियां संभालेंगी।

## अमित शाह ने यूबीटी सांसद नागेश आष्टीकर को दी जन्मदिन की बधाई

**मुंबई।** पिछले कुछ महीनों से उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे दोनों चचेरे भाइयों को बढ़ती नजदीकया से जहां ठाकरे परिवार में ख़ुशी का माहौल है। तो दूसरी ओर गृहमंत्री अमित शाह ने उद्धव ठाकरे की पार्टी के सांसद से फोन पर बातचीत करके उद्धव ठाकरे को टेंशन में डाल दिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने हिंगोली लोकसभा सीट से यूबीटी के सांसद नागेश आष्टीकर को फोन किया और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। शाह ने इस दौरान अष्टीकर से बात की जिसमें उन्होंने पूछा कि आप कितने साल के हो गए। इस पर नागेश आष्टीकर ने अमित शाह से कहा कि मैं अपना 54वां जन्मदिन मना रहा हूं। अमित शाह और सांसद नागेश आष्टीकर की फोन पर हुई बातचीत की सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसे लेकर राजनीतिक गलियारों में खूब चर्चा है। बीते 27 जुलाई को यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे का जन्मदिन था लेकिन उद्धव ठाकरे को जन्मदिन की बधाई न देकर अमित शाह ने उनकी पार्टी के सांसद को जन्मदिन की बधाई दी है।


**PUBLIC NOTICE**

**Loss of Agreement of Sale**

This is to inform the General Public at large that I, Chandrawati Manulal Varma Wife of late Manulal Dukhilal Varma have lost the Building and land papers original Registered Agreement of Sale Dated 03.06.2025 for Room No. 1/2, Shamim Mansion, Trimurti Bhavan, 3rd Floor, Nariman Lane, LBS Marg, Kurla West, Mumbai 400070. BMC Inventory No Lx0306020070000 Purchased in 1989 from Ahmed Dadi Lessor Trustees of Kurla Estate Lessee Alamai Rustom Ji Umrigar And Dossabhai. R. Umrigar Sub- Lessee Shri Nariman Mistry and smt. pir bhai .

Any person/s coming in possession of the above documents, is requested to contact us at below mentioned Address Chandrawati Manulal Varma, Room No. 1/2, Shamim Mansion, Trimurti Bhavan, 3rd Floor, Nariman Lane, LBS Marg, Kurla West, Mumbai 400070.

**M:9969408781 / 7738163289**



**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**जल अभियंता विभाग**

क्रमांक : एईओसी/818/टीएम, दिनांक : 28.07.2025

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त द्वारा पात्र निविदाकारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. बोली प्रारंभ होने की तिथि और समय बीएमसी की वेबसाइट के टेंडर सेक्शन तथा महाटेंडर पोर्टल पर प्रकाशित विस्तृत निविदा सूचना में उपलब्ध है.

**बोली क्रमांक** – 2025_एमसीजीएम_1204528_1

**कार्य का नाम** – योजना में पवई झील की परिधि के समस्त आयामों को दर्शाते हुए विस्तृत ड्राइंग तैयार कर सम्पूर्ण स्टेशन सर्वेक्षण कार्य कर विस्तृत चित्र तैयार करना, उसे सीटीएस योजना / विकास योजना टिप्पणी / सीमांकन योजना पर सुपरइम्पोज करना तथा संबंधित सरकारी विभागों से बीएमसी के नाम पर भूमि स्वामित्व दस्तावेज एकत्र करना, और संयुक्त सीमांकन प्रक्रिया के बाद निर्देशित अनुसार पवई झील की परिधि के चारों ओर बीएमसी के नाम और लोगो सहित खुदे हुए प्रीकास्ट सीमांकन कांक्रीट पोल प्रदान करना एवं स्थापित करना, साथ ही एईओसी(टीएम) विभाग, एस-वार्ड के अंतर्गत संबंधित सिविल कार्यों का समावेश करना.

इच्छुक निविदाकार निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए बीएमसी की वेबसाइट https://portal.mcgm.gov.in तथा महाटेंडर पोर्टल वेबसाइट https://mahatenders.gov.in का अवलोकन करें.

हस्ता./- 28.07.2025
कार्यकारी अभियंता
(हेड वर्क्स) वॉटर वर्क्स

पीआरओ/1129/विज्ञा./2025-26

जहां तक संभव हो घर पर तैयार ताजे खाद्य पदार्थ ही खायें



महाराष्ट्र शासन
सार्वजनिक बांधकाम (पुर्व) विभाग, पुणे ४११००१
दुरध्वनी क्रमांक ०२०/२६१२२४५७
Web- www.mahapwd.gov.in and e-mail- eastpune.ee@mahapwd.gov.in

**निविदा सूचना क्रमांक ४३ सन २०२५-२०२६**

**कार्यकारी अभियंता, पुणे सार्वजनिक बांधकाम (पुर्व) विभाग, पुणे ४११००१** (दुरध्वनी क्रमांक ०२०-२६१२२४५७) हे महाराष्ट्र शासन सार्वजनिक बांधकाम विभाग, शासन निर्णय क्रमांक सीएटी / २०१७/प्र. क्र. ०८/इमा-२, दिनांक २७/९/२०१८ व शासन सा.बां. विभाग, मंत्रालय मुंबई यांचे परिपत्रक क्र. सीएटी/२०१७/प्र. क्र. ८/इमा-२, दिनांक २२/१०/२०१८ अन्वये योग्य त्या सक्षम कंत्राटदारांकडून **बी-१** नमुन्यातील निविदा कागदपत्र शासनाच्या संकेतस्थळावर **https://www.mahapwd.gov.in** येथून डाऊनलोड करण्यात यावी. तसेच निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार **कार्यकारी अभियंता, पुणे सार्वजनिक बांधकाम (पुर्व) विभाग, पुणे** यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.

**टिप.** वरील निविदा सुचना मध्ये दहा लक्ष्यच्या आतील **०६** कामे समाविष्ट असून वरील निविदेबाबतची संपूर्ण माहिती वरीलप्रमाणे संकेतस्थळावर दिनांक **२९/०७/२०२५** ते **०५/०८/२०२५** पासुन उपलब्ध करुन देण्यात येत आहे.

हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता
सार्वजनिक बांधकाम (पुर्व) विभाग,
पुणे-४११००१.

जिमाका /पुणे/जाहिरात २८३/२०२५-२६

# देश की व्यवस्था

किसी भी देश को चलाने के लिए एक व्यवस्था की जरूरत होती है ताकि वो देश सुचारू रूप से चलता रहे। यह व्यवस्था उस देश की जनता की सेवा के लिए होती है लेकिन हमारे देश की व्यवस्था कुछ अलग है। हमारे देश की व्यवस्था जनता के लिए नहीं है बल्कि खुद के लिए है। ऐसा लगता है कि हमारे देश की व्यवस्था अपनी अधिकतम ऊर्जा खुद को चलाने के लिए ही खर्च करती है। बची-खुची ऊर्जा को वो जनता के कामों के लिए इस्तेमाल करती है। राजस्थान के झालावाड़ में एक स्कूल के भवन के गिरने से सात मासूम बच्चों की असमय मौत हो गई है और 9 बच्चे गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। बरसात में स्कूल के भवन का गिरना बता रहा है कि भवन की हालत खराब हो चुकी होगी तभी वो बरसात में गिर गया। स्कूल के बच्चों ने बताया है कि सुबह से ही भवन की छत से कंकड़-पत्थर गिर रहे थे जिसकी जानकारी उन्होंने अपने शिक्षकों की भी दी थी लेकिन उन्होंने उनकी शिकायत को अनदेखा कर दिया। उनको बताने के कुछ देर बाद ही यह हादसा हो गया। अगर शिक्षक बच्चों की बातों को गंभीरता से लेते तो बच्चों की जान बचायी जा सकती थी। इसके अलावा भी बच्चों ने जो कहा है उससे शिक्षकों के रवैये पर सवाल उठते हैं। जिला कलेक्टर ने बताया है कि शिक्षा विभाग की जर्जर भवनों की सूची में इस स्कूल का नाम नहीं था। सवाल यह पैदा होता है कि जिस स्कूल का नाम नहीं था, वो गिर गया और जिनका नाम है, क्या उनको ठीक कर दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल की छत पिछले चार सालों से टपक रही थी लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। शिक्षकों को जब शिकायत की गई तो उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि तुम लोग पैसे जमा करके इसको ठीक करा दो। क्योंकि सात बच्चों की मौत हो गई है तो यह मामला मीडिया की सुर्खियों में आ गया है लेकिन कुछ दिनों बाद सब भुला दिया जाएगा। वास्तविकता यह है कि राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार लगभग 20 प्रतिशत स्कूलों की हालत खराब है। ये घटना बताती है कि हमारे देश में सरकारी व्यवस्था सरकारी भवनों की देखरेख में कितनी लापरवाही करती है। ऐसी घटनाओं की सूचना पूरे देश से आती रहती है। इस घटना में सात बच्चों की मौत हो गई है तो घटना बड़ी बन गई है। अगर इस घटना में बच्चे नहीं मारे जाते तो कुछ नहीं होता। बच्चों की मौत के कारण घटना की जांच और कड़ी कार्यवाही की बात हो रही है और कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री जी ने इस घटना का संज्ञान लिया है। अभी घटना मीडिया में छाई हुई है इसलिए ऐसी बातें हो रही है। जब घटना मीडिया से गायब हो जाएगी तो फिर सब कुछ पुराने ढर्रे पर चलने लगेगा। शिक्षा विभाग ने आदेश दिया है कि जर्जर भवनों में बच्चों को न बिठाया जाए लेकिन सवाल यह है कि फिर बच्चों को कहां बिठाया जाएगा। जब भवनों की ऐसी हालत है तो उन्हें समय पर क्यों नहीं ठीक किया गया। इस सम्बन्ध में शिक्षा निदेशक ने रिपोर्ट मांगी है लेकिन सवाल उठता है कि क्या उन्हें पता नहीं है कि किन स्कूलों की ऐसी हालत है। सरकार को बताना चाहिए कि बच्चों की जान जोखिम में डालकर ऐसे भवनों में बच्चों को क्यों पढ़ाया जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि स्कूल की मरम्मत के लिए पैसा स्वीकृत किया जा चुका था लेकिन उसकी फाइल कहीं रूकी हुई थी। सवाल यह है कि फाइल क्यों रुकी हुई थी। क्या फाइल में रिश्वत का पहिया नहीं था, इसलिए रूकी हुई थी। इस बच्चों की मौत के लिए कौन जिम्मेदार है, इस पर विचार करने की जरूरत है। वास्तव में सिर्फ स्कूलों के भवन ही खस्ताहाल नहीं है बल्कि कई सरकारी कार्यालयों की यही हालत होती है। थोड़े-थोड़े अंतराल पर ऐसी खबरें सुनने में आ जाती है कि कहीं सड़क बह गई, सड़क टूट गई, पुल टूट गया और बिल्डिंग गिर गई. सवाल यह है कि बार-बार ऐसा क्यों होता है। वास्तव में इसके पीछे देश में फैला हुआ भ्रष्टाचार है जो कि सरकारी निर्माण कार्यों में जबरदस्त तरीके से होता है। मैंने अपनी सरकारी सेवा के दौरान केंद्रीय लोक निर्माण विभाग में ही काम किया है जो कि केन्द्र सरकार द्वारा होने वाले लगभग सभी निर्माण कार्य करता है। यह सच है कि कोई भी सरकारी भवन बिना कमीशन खाये नहीं बनता है। राज्य सरकारों के लोक निर्माण विभागों में तो केन्द्र सरकार के विभाग से ज्यादा बुरा हाल है। हर काम के लिए कमीशन तय होती है जो कि ऊपर से नीचे तक अधिकारियों और कर्मचारियों में बांटी जाती है। अगर ठेकेदार कमीशन न दे तो उसका कोई काम नहीं होता। उसके किये गये काम में नुक्स निकाला जाता है, उसके बिल अटक जाते हैं। वो जानता है कि उसे कितनी रकम रिश्वत के रूप में विभाग में बांटनी है। उसी के अनुसार वो काम के लिए रकम तय करता है। यह काम इतना मिलजुल कर होता है कि कोई किसी की शिकायत नहीं करता और आराम से सब चलता रहता है। हमारे देश की सच्चाई यही है कि जिस भ्रष्टाचार से सबका फायदा होता है, वहां कोई भी एंटी करप्शन एजेंसी कुछ नहीं कर सकती। पूरी व्यवस्था ही ऐसे चल रही है, सब मिलजुल कर देश को लूट रहे हैं। फूड इंस्पेक्टर का हर दुकान से महीना बंधा होता है जो उसे बिना किसी परेशानी के हर महीने मिल जाता है। समस्या तब आती है जब वो नियत राशि से ज्यादा की मांग करता है। एक बार मैं सीबीआई के साथ ऐसे ही इंस्पेक्टर को पकड़ने के लिए ट्रेप लगाने गया तो सीबीआई अधिकारियों का यही कहना था कि जब पानी सिर से ऊपर चला जाता है तब हमें कार्यवाही करनी पड़ती है। वास्तव में दुकानदार को पैसे देने में दिक्कत नहीं थी लेकिन जब उसने मंथली रकम ज्यादा बढ़ा दी तो उसने सीबीआई को शिकायत दी थी। एक बार हमारे बाजार में किसी दुकानदार ने फूड इंस्पेक्टर को सीबीआई से पकड़वा दिया तो उससे सारे दुकानदार चिढ़ गए। उनका कहना था कि महीना देने से आराम से काम चल रहा था। अब हमारे ऊपर छापे डालने शुरू हो जायेंगे।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*महुआ की लीला गजब, जिस पर भी चढ़ि जाय*
*मति हर ले,सद्गति करे, लय यति, गति भरमाय*
*लय,यति,गति भरमाय, करे बतिया मनमानी*
*बाबू तेज प्रताप, बनि रहे बड़का ज्ञानी*
*कह सुरेश कविराय सुहाय करेक्टर ढीला*
*पटना वाले भाय, गजब महुआ की लीला*

# बिहार का भविष्य अनिश्चितता के गर्त में

> बिहार में सबकुछ होते हुए भी राजनीतिक इच्छा शक्ति के अभाव में बिहार का विकास समुचित तरीके से नहीं हो पाया। बिहार की विडंबना ये रही कि बिहार जातीय भेदभाव में ही उलझ कर रह गया। जयप्रकाश नारायण या राजेन्द्र प्रसाद के अलावा सभी नेता जातीय समीकरण को ही आगे बढ़ाने में तुले रहे।

बिहार में नेताओं के अपने परिवारवाद को विकसित करने की वजह से बिहार का भविष्य अंधकार में चला गया। केवल नेताओं के वंश विकसित हो सके लेकिन बिहार अंदर से खोखला होता गया। वैसे तो बिहार में आजादी के बाद से स्थिति में सुधार सामाजिक और आर्थिक तौर पर बाकी राज्यों की अपेक्षा कमतर ही रहा है। जब झारखंड बिहार का हिस्सा था, फिर भी बिहार में हटिया या बोकारो स्टील प्लांट या जमशेदपुर के अलावा कोई भी औद्योगिक क्षेत्र विकसित नही हो पाया। बिहार में सबकुछ होते हुए भी राजनीतिक इच्छा शक्ति के अभाव में बिहार का विकास समुचित तरीके से नहीं हो पाया। बिहार की विडंबना ये रही कि बिहार जातीय भेदभाव में ही उलझ कर रह गया। कोई भी नेता बिहार में ऐसा नही हो पाया जो बिहारी अस्मिता की बात करता हो। जयप्रकाश नारायण या राजेन्द्र प्रसाद के अलावा सभी नेता जातीय समीकरण को ही आगे बढ़ाने में तुले रहे। बिहार का कोई भी नेता राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में नाकाम रहा । बिहार के किसी भी नेता वह माद्दा नहीं रहा कि वह राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व दे सकें। बिहार के सारे नेता पिछलग्गू नेता ही बने रहे। बिहार का दुर्भाग्य रहा कि कांग्रेस के बाद राजद की सत्ता रही जिसने पंद्रह सालों तक बिहार को केवल अराजकता की स्थिति में डाले रखा। उसके बाद जब उस अराजकता से मुक्ति मिली तो नीतीश कुमार की सरकार रही। नीतीश कुमार की सरकार ने शुरुआत के पाँच सालों तक बिहार में थोड़ा-बहुत विकास का काम जरूर किया लेकिन पिछले दस सालों में नीतीश कुमार की सरकार भी राजद के पदचिन्हों पर चलती हुई नजर आ रही है।आज बिहार की स्थिति बद से बदतर है। नीतीश कुमार की बिहार के प्रशासन पर पकड़ एकदम ढीली पड़ गई है। दरअसल नीतीश कुमार अचेतावस्था में सरकार की बागडोर संभाले हुए हैं। बीजेपी का बिहार में क्या रोल है ये उनको भी पता नहीं है। केवल नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाये रखना उनकी प्राथमिकता




है। दरअसल बिहार में बीजेपी का कोई सशक्त नेता भी नहीं है जिसके चेहरे पर बीजेपी अपने दम पर चुनाव लड़ सके। बीजेपी अपने दम पर बिहार में चुनाव जीत जाए, ये असंभव है। बिहार अपने जातीय समीकरण से अभी तक उभर नहीं पाया है। बिहार में पहले अपनी जाति है, तब बिहार की अस्मिता की बात आती है। बिहार के गौरव की बात करने वाला एक भी बिहारी आपको नहीं मिलेगा।एक तो बिहार की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि हर साल बिहार बाढ़ से प्रभावित रहता है जिसके कारण बहुसंख्यक बिहारिओं को अन्य राज्यों में जाकर मजदूरी करनी पड़ती है। इसके अलावा बिहार में भूमिहीन किसानों की तादाद बहुत ज्यादा है। बिहार में भूदान हो या चकबंदी का कोई ज्यादा फायदा नहीं हो पाया। बिहार में जिसकी भी सरकार रही वह केंद्र से अपना हक मांगने में विफल रही। बिहार पर्यटन के मामले में भी फिसड्डी रहा है। बोधगया, वैशाली या पावापुरी के अलावा कुछ भी नहीं है और ये जैनियों और बौद्धों का धार्मिक स्थल है। यहाँ ना कोई धार्मिक मंदिर या कोई पौराणिक किला बगैरह कुछ भी नहीं है। बिहार में एक भी दर्शनीय स्थल नहीं है जहाँ कोई पर्यटक आ - जा सके। बिहार में अपराध के अलावा चर्चा का कोई विषय नहीं रहता है। पिछले तीस सालों में बिहार में अपराधियों की पौ बारह रही है। राजद के राज्य में अपहरण और अपराध एक उद्योग का रूप ले चुका था।अभी वर्तमान में अपराध की वैसी ही स्थिति निर्मित हो गई है। बिहार का अधिकारी जब ये बोलने लगे कि किसान फुर्सत में है इसलिए अपराध की घटना बढ़ रही है तो इससे शर्मनाक बयान और क्या हो सकता है। दरअसल बिहार को जबतक योगी जैसा मुख्यमंत्री नहीं मिलेगा, तबतक बिहार का कुछ भी भला नही हो सकता है।आज योगी ने उत्तरप्रदेश को सुधार दिया है।गुंडों की हेकड़ी निकल गई है। शुक्र मनाइए न्यायालय की कि केवल हाफ एनकाउंटर हो रहा वरना अबतक कितने अपराधी स्वर्ग सिधार चुके होते। प्रशासन कैसे किया जाता है ये योगी आदित्यनाथ ने दिखला दिया है। इसी ढर्रे पर बाकी मुख्यमंत्रियों को चलना होगा। जनसुराज पार्टी जिसके कर्ता धर्ता प्रशांत किशोर हैं वे भी कोई छाप छोड़ने में अभी तक असफल नजर आ रहे हैं। बिहार की राजनीति में उन्हें भी अभी बहुत पापड़ बेलने होंगें। दरअसल इसके पीछे की वजह जातीय समीकरण है।आज बिहार में अगड़ी जाति का कोई नेता अपने दम पर कोई प्रभाव नहीं डाल सकता। बिहार में अगड़ी जाति और पिछड़ी जातियों के बीच एक गहरी खाई निर्मित हो गई है जिसे पाटना बहुत मुश्किल है। उसके लिए जयप्रकाश नारायण जैसा कोई सर्वमान्य नेता चाहिए जो आज की परिस्थितियों में नामुमकिन है। बिहार में राजपूत भूमिहार को देखना नहीं चाहते तो यादव राजपूतों को नहीं। उसी तरह सभी जातियाँ एक दूसरे को फूटी आँख नहीं सुहाते हैं। बिहार में जातियों का गणित लगाना मुश्किल है। बिहार के चुनाव में जाति ही प्रमुख मुद्दा रहता आया है। बिहार के लोगों को ना तो देश से कोई मतलब है, ना को उनके राज्य से। अपनी जाति का नेता कितना भी खराब या अपराधी हो, वोट वे उसी को देंगें। बिहार में चुनाव कभी भी मुद्दे के आधार पर नहीं लड़ा गया है। आज बिहार की राजधानी पटना अपराधियों के लिए उपजाऊ स्थल हो गया है। मुख्यमंत्री के नाक के नीचे अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं तो बाकी जगहों का भगवान ही मालिक है। मुख्यमंत्री की भावभंगिमा से ही पता चल जाता है कि मुख्यमंत्री कितने होश में हैं। आने वाले समय में भी कोई ऐसा चेहरा नहीं है जो अपराधियों पर अंकुश लगा सके। वर्तमान के सारे के सारे नेता केवल सत्ता का सुख भोगने में लगे हुए हैं। बिहार को अब एक युवा नेता की जरूरत है जो बिहार की दिशा और दशा को बदल पाए। बिहार के प्रशासन में सड़ाँध पैदा हो गई है और उसमें आमूलचूल परिवर्तन करने की आवश्यकता है। प्रशासन के लोग सिर्फ अपनी जेब भरने में जुटे हुए हैं। बिहार में शराबबंदी से एक नए उद्योग का जन्म हो गया। शराबबंदी का कोई असर बिहार में नहीं पड़ रहा है बल्कि पुलिस को एक नया कमाई का धंधा मिल गया है। शराबबंदी से बकवास चीज और कुछ नहीं हो सकती है।शराबबंदी लागू करनी है तो पूरे देश में ये लागू होनी चाहिए। शराब का निर्माण ही देश में नहीं होना चाहिए। बिहार के युवावर्ग को जातीय व्यवस्था से ऊपर उठकर बिहार के गौरव के लिए आगे आना होगा। कुछ युवाओं को एक अलग दल का निर्माण करना होगा और उन्हें जनता का विश्वास हासिल करना होगा। ये अब सिर्फ एक सशक्त आंदोलन के माध्यम से हो सकता है। वर्तमान में कोई चेहरा ऐसा कर सके ये दिखाई नहीं दे रहा है। बिहार का भविष्य अभी अनिश्चितता के गर्त में डूबा हुआ है।

**- डॉ.नर्मदेश्वर प्रसाद**

# वैश्विक समस्याओं का समाधान भारतीय चिंतन में!

संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत वैश्विक समस्याओं का समाधान भारतीय चिंतन, विचार और अनुशासन में देख रहे हैं। भारत वैश्विक स्तर की प्राचीन सभ्यताओं में से एक है। भारत के पास समृद्ध सांस्कृतिक एवं नैतिक आधारित विश्व विरासत हैं जिसका अनुप्रयोग शांति, स्थिरता, स्थायित्व, सतत विकास एवं आर्थिक विकास के उन्नयन के लिए कर रहा है। भारत सामयिक परिदृश्य में वैश्विक शांति एवं स्थिरता के उन्नयन में महनीय भूमिका निभा रहा है। भारत के नेतृत्व का अपनी उभरती शासकीय क्षमता , वैदेशिक नीति की उपादेयता एवं पड़ोसी देशों के साथ सौहार्दपूर्ण एवं सहयोगात्मक संबंध के कारण वैश्विक स्तर पर कद बढ़ा है। भारत वैश्विक नेतृत्व के साथ योजित होने एवं संघर्षों के समाधान में राज्यकर्ता (State actor) की भूमिका को बढ़ा रहा है। वैश्विक स्तर के तनाव - प्रवण क्षेत्र में भारत की कूटनीतिक, शांतिकारक एवं राजनीतिक ट्रैक भूमिका सराहनीय एवं सम्मानपूर्वक रही है। भारत विविधता एवं बहु संस्कृति वाला देश है। यहां पर परंपरागत मूल्यों, आदर्शों एवं लोकतांत्रिक दृष्टिकोण की प्रधानता रही है। यह बहुसांस्कृतिक, बहुभाषिक, एवं बहुधर्मी देश रहा है । यहां पर सभी धर्मावलंबियों एवं मतावलंबियों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता का सम्मान किया जाता है। भारत ने अपने राष्ट्रीय व्यक्तित्व में लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संसदीय चरित्र में समानता, स्वतंत्रता एवं बंधुता को आवश्यक प्रतिदर्श दिया है। द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात अस्तित्व में आया संयुक्त राष्ट्र (पहले संयुक्त राष्ट्र संघ) राष्ट्रों के मध्य शांति, स्थिरता एवं अगस्तक्षेप के मूल्य एवं नीति को क्रियान्वित करने में असफल रहा है लेकिन भारत ने सामयिक और सामूहिक चुनौतियों को विभिन्न मंचों से उठाकर विकसित देशों पर दबाव बनाकर पड़ोसियों एवं विकासशील राष्ट्र - राज्यों को संतुलित किया है। भारत ने भू - मंडलीय तापन के शमन, भू - राजनीतिक संकटों के समाधान में महत्वपूर्ण एवं राज्यकर्ता के रूप में सराहनीय एवं विश्वसनीय काम करके अपने कूटनीतिक क्षमता का वैश्विक स्तर पर परिचय दिया है। युद्ध के विनाशकारी



दुष्प्रभाव पर रूस के राष्ट्रपति को कठोर संदेश देना, ईरान के विषय पर संयुक्त राज्य अमेरिका के दरोगा चरित्र की आलोचना करना एवं तिब्बत जैसे ' बफर राज्य' के लिए चीन से विरोध करना ,महामारी जैसे विषय पर पड़ोसियों के साथ वैश्विक राष्ट्रों को चिकित्सीय सहयोग, पड़ोसी देशों को प्राकृतिक आपदाओं में वित्तीय सहयोग एवं मानवीय रूप से मानवतावादी दृष्टिकोण एवं आतंकवाद को ' मानवीय समुदाय' एवं' मानवता का शत्रु' की तरह शून्यसहिष्णुता (जीरो टॉलरेंस) का दृष्टिकोण अपनाकर वैश्विक स्तर के संगठनों एवं देशों के साथ मिलकर लड़ना भारतीय चिंतन का सकारात्मक दृष्टिकोण है। भारतीय चिंतन में भू - मंडलीय तापन एक अति आवश्यक वैश्विक राष्ट्रों के समक्ष चुनौती है। विकासशील देश भूमंडलीय तापन से अत्यधिक प्रभावित हैं जिसे विकसित देशों के अदूरदर्शी औद्योगीकरण एवं आर्थिक विकास प्रतिमानों द्वारा बनाया गया प्रतिदर्श हैं। भारत सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने एवं ग्लोबल साउथ के देशों का प्रतिनिधित्व कर रहा है। भारतीय चिंतन का यह प्रत्यय सभी को " जननी" के रूप में मानने एवं सभी के प्रति सम्मान एवं सहानुभूति दिखाने के महत्व पर जोड़ देता है। ट्रस्टीशिप (न्यास)एक विचार हैं जिसका आशय पर्यावरण की संरक्षा करना एवं इसको आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित करना है। इस विचार को भारतीय चिंतन में एक आंदोलन का रूप दिया है । भारत टिकाऊ जीवन को एक जन आंदोलन बनाना चाहता है एवं सर्व समावेशी वैश्विक समाधानों को उन्नयन करना चाहता है । भारतीय चिंतन पर्यावरण को अधिक समावेशी एवं टिकाऊ वैश्विक व्यवस्था की तरफ है। भारत संसार की पांचवी अर्थव्यवस्था है एवं तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। भारत की आर्थिक वृद्धि विश्वसनीय है, वैश्विक स्तर पर भारत उन नीतियों का समर्थक है जो वैश्विक आर्थिक वृद्धि एवं विकास का समर्थन करती है। भारत अपने उदीयमान नेतृत्व का उपयोग विकासशील देशों में निवेश को बढ़ावा देने, छोटे एवं मध्यम आकार के उद्योगों के लिए वित्त तक पहुंच बढ़ाने एवं व्यापार उदारीकरण को सरल एवं सुगम करने के लिए कर रहा है ।यह सरलीकरण नीतियां संसार के कई हिस्सों में रोजगार सृजन, आय बढ़ाने एवं भौतिक सुविधा को बढ़ाने में किया जा रहा है। समकालीन वैश्विक व्यवस्था में भारत की आर्थिक भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। भारत वर्तमान में वैश्विक स्तर की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है , जिसकी वार्षिक वृद्धि दर 7% है। हाल के वर्षों में भारत वैश्विक आर्थिक विकास का प्रमुख चालक रहा हैं ,एवं विश्व के कुल उत्पादन में भारत का योगदान 15% है। भारत एक प्रमुख राजनीतिक एवं सैन्य शक्ति है। भारत संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में संसार का दूसरे सबसे बड़ा योगदानकर्ता देश है और वैश्विक स्तर की सेनाओं में प्रमुख स्थान रखता है। भारत मिसाइल ,परमाणु शक्ति संपन्न एवं संप्रभुता का सम्मान करने वाला राष्ट्र है। भारत शांति, समृद्धि एवं भाईचारे के उन्नयन में प्रमुख राज्यकर्ता है। यह अपनी राजनयिक नीतियों एवं कूटनीतियों का क्रियान्वयन वैश्विक आर्थिक विकास, नवाचार, नवोन्मेषों एवं सतत विकास में कर रहा है। यह अपने प्रौद्योगिकी का क्रियान्वयन वैश्विक स्वास्थ्य एवं लोक कल्याण के लिए कर रहा है। भारत में समृद्ध नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र है, जिसने अनेक स्टार्टअप एवं नवोन्मेष कंपनियों को जन्म दिया है। यह अपनी नीतियों का अनुप्रयोग वैश्विक आर्थिक विकास एवं विकास को बढ़ावा देने एवं दुनिया भर के लोगों के जीवन को बेहतर एवं गुणात्मक बनाने में सहयोग कर रहा है। भारत एक शक्तिशाली देश के रूप में उभर रहा हैं एवं इसके साथ-साथ इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और वैश्विक शांति के उन्नयन के लिए सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण है।

**- डॉ.बालमुकुंद पांडेय**

# भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा ई-कचरा उत्पादक

भारत में बढ़ता ई-कचरा या ई-वेस्ट गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक कचरा या ई-कचरा दरअसल बिजली और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का वेस्ट है। राज्यसभा में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों का हवाला देकर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2022-23 तक ई-कचरे के उत्पादन में क्रमिक वृद्धि हुई हालांकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में इसमें कमी आई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इसमें मामूली वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश में 13 लाख 97 हजार मीट्रिक टन ई-कचरा पैदा हुआ। इससे पहले 16 दिसंबर 2024 को सरकार ने राज्यसभा में बताया था कि पिछले पांच वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक कचरे के उत्पादन में भारी वृद्धि देखी गई जो 2019-20 में 1.01 मिलियन मीट्रिक टन से बढ़कर 2023-24 में 1.751 मिलियन मीट्रिक टन हो गया है। राष्ट्रीय स्तर के आंकड़े 2019-20 से ई-कचरा उत्पादन में चिंताजनक 72.54 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं जो देश भर में इलेक्ट्रॉनिक और बिजली उपकरणों के बढ़ते उपयोग को दर्शाता है। स्मार्टफोन और लैपटॉप से लेकर उन्नत औद्योगिक और चिकित्सा उपकरणों तक. तकनीक आर्थिक विकास, कनेक्टिविटी और नवाचार की रीढ़ बन गई है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर इस बढ़ती निर्भरता का नुकसान भी है जिसे इलेक्ट्रॉनिक कचरे के रूप में जाना जाता है। दुनिया के शीर्ष ई-कचरा उत्पादकों (चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और जर्मनी) में शुमार भारत के सामने ई-कचरे के प्रबंधन की एक कठिन चुनौती है। भारत में ई-कचरे की मात्रा छह वर्षों में 151.03 फीसदी बढ़कर 2017-18 में 7 लाख 8 हजार 445 मीट्रिक टन से बढ़कर 2023-24 में 17 लाख 78 हजार 400 मीट्रिक टन हो गई जिसमें 1 लाख 69 हजार 283 मीट्रिक टन की वार्षिक वृद्धि हुई है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा ई-कचरा उत्पादक है। यहां उत्पन्न होने वाले लगभग 95 फीसदी ई.कचरे को या तो जला दिया जाता है या लैंडफिल में फेंक दिया जाता है। तेज़ी से बढ़ते शहरीकरण के साथ यह संख्या और भी बढ़ेगी और साथ ही स्वास्थ्य को ख़तरा पैदा करने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ेगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार ई-कचरा दुनिया में सबसे तेज़ी से बढ़ते ठोस अपशिष्ट स्रोतों में से एक है। 2022 में वैश्विक स्तर पर अनुमानित 62 मिलियन टन ई-कचरा उत्पन्न हुआ। केवल 22.3 का ही का ही औपचारिक रूप से संग्रहण और रिसाइकिल किया गया। चिंता की बात यह है कि सीसा एक सामान्य पदार्थ है जो पर्यावरण में तब उत्सर्जित होता है जब ई-कचरे को खुले में जलाने सहित अनौपचारिक गतिविधियों के माध्यम से पुनर्चक्रित, संग्रहीत या डंप किया जाता है।

**- पुनीत उपाध्याय**


आज का कार्टून




साभार

# पर्यावरण और आध्यात्म का अनोखा संगम है नागपंचमी

भारत में व्रत त्यौहार कहीं न कहीं धार्मिक मान्यताओं और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर ही मनाये जाते रहे है, भले ही आज लोग अपनी भागम भाग की जिंदगी में सही से समय नहीं दे पा रहे है। भारत के समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं में तमाम त्यौहार हैं जिनमें नागपंचमी का एक विशेष स्थान है। यह पर्व नाग देवता की पूजा के लिए समर्पित है, जिन्हें सनातन धर्म में जीवन रक्षक और आध्यात्मिक शक्ति के प्रतीक के रूप में माना जाता है। यह त्यौहार मध्य बारिश के समय में मनाया जाता है जो कहीं न कहीं पर्यवारण के संरक्षण और आध्यत्मिक जुड़ाव को एक करता है। नाग पंचमी के दिन पुराने समय में गावों में तमाम तरह के खेलकूद का आयोजन होता था, जो आज केवल नाम मात्र का रह गया है। नाग पंचमी की पौराणिक कथा के अनुसार, पांडवों में अर्जुन के पौत्र राजा परीक्षित के पुत्र जन्मजेय ने नागों से बदला लेने और उनके वंश के विनाश के लिए एक यज्ञ किया। वह नागों से अपने पिता राजा परीक्षित की मृत्यु तक्षक नामक सांप के काटने की वजह होने का बदला लेना चाहते थे। उनके इस यज्ञ को ऋषि जरत्कारु के पुत्र आस्तिक मुनि ने रोका था और नागों की रक्षा की थी। यह तिथि सावन की पंचमी मानी जाती है। सांपों को शीतलता देने के लिए उन्होंने उनके शरीर पर दूध की धार डाली थी। तब नागों ने आस्तिक मुनि से कहा कि पंचमी को जो भी उनकी पूजा करेगा, उसे कभी भी नागदंश का भय नहीं



रहेगा। तभी से श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी मनाई जाती है। नाग पंचमी के दिन घरों में नाग देवता की मिट्टी, लकड़ी या चांदी की मूर्ति बनाई जाती है। लोग नाग देवता की मूर्ति को स्नान कराकर उन्हें दूध, दूब घास, हल्दी, चावल, और फूल अर्पित करके आरती करते हैं। नाग पंचमी के दिन नागों को दूध पिलाने की प्रथा है। इस पूजा से घर में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। कुछ क्षेत्रों में लोग अपने घरों की दीवारों पर या दरवाजे के ऊपर नाग देवता की आकृतियाँ बनाते हैं और उन्हें हल्दी, कुमकुम और दूध चढ़ाते हैं। नाग पंचमी के दिन कुछ लोग उपवास रखते हैं। नाग पंचमी की पूजा करने से नाग देवता की कृपा से व्यक्ति सुरक्षित रहता है जो जीवन में शांति और सुरक्षा प्रदान करता है। नाग पंचमी का त्योहार प्रकृति और पर्यावरण के साथ हमारे संबंध को भी दर्शाता है। नागों की पूजा से यह संदेश मिलता है कि हमें पर्यावरण और वन्यजीवों का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि वे हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। नाग पंचमी का त्योहार कृषि से भी जुड़ा है। किसान इस दिन नाग देवता की पूजा करके अच्छी फसल और बारिश की प्रार्थना करते हैं। यह माना जाता है कि नागों की पूजा से खेतों में कीड़े-मकोड़ों का आतंक समाप्त हो जाता है और फसल अच्छी होती है। नाग पंचमी हिंदू धर्म का प्रमुख त्योहार है जो नाग देवताओं की पूजा के लिए मनाया जाता है। यह त्योहार श्रावण मास की पंचमी तिथि को, जुलाई या अगस्त में, विशेष रूप से उत्तर भारत, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और दक्षिण भारत में धूमधाम से मनाया जाता है। यह पर्व प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति श्रद्धा और जिम्मेदारी की याद दिलाता है और सुख-समृद्धि की प्रार्थना का अवसर भी है। नाग पंचमी पर नाग की पूजा होती है, जिसका सीधा सा संदेश है कि लोग सांपों को मारने से बचे और उनका संरक्षण करे क्योंकि ज्यादातर सांप बारिश के समय अधिक दिखते है जिससे लोग मारने के लिए भी तैयार रहते है। इसी चीजों को ध्यान में रखकर पूर्वजों ने नाग पंचमी के त्यौहार को प्रमुखता से मानते और सांप को मारने की जगह लोग पूजते है और इस तरह सपों के संरक्षण में अहम भूमिका निभाते है। आइये हम सभी लोग संकल्प ले कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए किसी भी जीव को मारने के पक्ष में हम नहीं है।

**- संतोष तिवारी**

# तेजस्वी का दावा- धोखे में हैं सम्राट और सिन्हा

महानगर नेटवर्क
पटना

बीजेपी पांडेय को CM बनाएगी



बिहार विधानसभा चुनाव की राजनीतिक गहमागहमी के बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बड़ी भविष्यवाणी की है। एक तरफ तेजस्वी यादव ने दावा किया कि विधानसभा चुनाव के बाद वह हर हाल में मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। एनडीए किसी भी सूरत में सत्ता में नहीं आ रही है। तेजस्वी यादव ने कहा कि पहली बात तो एनडीए सत्ता में नहीं आ रहा है। अगर बीजेपी को सीएम बनाना होगा तो अंदर की बात बता रहा हूं ये लोग मंगल पांडेय को ही सीएम बनाएंगे। हम बता रहे हैं, मंगल पांडेय किसी लफड़े में नहीं रहते हैं। मंगल पांडेय सबसे बनाकर चलते हैं और सदन में चुपचाप बैठे रहते हैं। यहां बता दें कि मंगल पांडेय बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के शागिर्द रहे हैं। सुशील मोदी के प्रयास से ही मंगल पांडेय का बीजेपी का प्रदेश अध्यक्ष तक बनाया गया था। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश का प्रभारी समेत अलग-अलग मौकों पर मंगल पांडेय को बीजेपी में बड़ी जिम्मेदारी मिलती रही है। मंगल पांडेय बिहार की राजनीति में और खासकर बीजेपी में हमेशा से प्रमुख चेहरे रहे हैं। वह लंबे समय से बिहार में स्वास्थ्य मंत्रालय संभाल रहे हैं। राजनीति के जानकार मानते हैं कि चुनावी मौसम में तेजस्वी यादव ने रणनीति के तहत मंगल पांडेय का नाम मुख्यमंत्री पद के लिए उछाला है। 1990 के बाद से बिहार की राजनीति में पिछड़ा और अतिपिछड़े की धमक रही है। वो चाहे मौजूदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हो या इससे पहले राबड़ी देवी और उनके पति लालू प्रसाद यादव सभी इसी बिरादरी की राजनीतिकी पृष्ठभूमि से आते रहे हैं। कांग्रेस की तरफ से जगन्नाथ मिश्रा बिहार की राजनीति में आखिरी ब्राह्मण मुख्यमंत्री रहे हैं।
मौजूदा दौर में भी भले ही तेजस्वी यादव A टू Z और 'BAAP' (बहुजन, आधी आबादी, अगड़ा और पिछड़ा) की बात करते हैं, लेकिन उनका असल फोकस पिछड़ा, अतिपिछड़ा और दलित समुदाय पर ही रहता है। तेजस्वी यादव भली-भांति समझते हैं कि अगर बिहार में यह मैसेज फैल गया कि एनडीए अगर जीतती है तो बीजेपी ब्राह्मण जाति से आने वाले मंगल पांडेय को मुख्यमंत्री बनाएगी तो इसका पूरे गठबंधन को नुकसान हो सकता है। ब्राह्मण मुख्यमंत्री के नाम पर पिछड़ा, अति पिछड़ा और दलित वोटों का धुर्वीकरण हो सकता है, जिसका सीधा फायदा महागठबंधन को हो सकता है।
यहां याद दिला दें कि तेजस्वी यादव के पिता लालू प्रसाद यादव भी चुनावी मौसम में इस तरह का कंफ्यूजन पैदा करने के माहिर खिलाड़ी रहे हैं। हालिया उदाहरण पर नजर डालें तो 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान लालू यादव ही वह पहले विपक्षी नेता रहे जिन्होंने बीजेपी 400 पार के नारे पर कहा कि इन लोगों को इतनी सीटें क्यों चाहिए, कहीं ये संविधान तो नहीं बदलना चाह रहे। इससे पहले 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने केवल इतना कहा था आरक्षण की समीक्षा होनी चाहिए। इसपर लालू यादव पूरे चुनाव के दौरान यही कहते रहे कि बीजेपी आरक्षण खत्म करना चाहती है।
ऐसे में तेजस्वी यादव की ओर से ब्राह्मण बिरादरी से आने वाले मंगल पांडेय का नाम उछाला जाना भी उसी राजनीति का एक हिस्सा हो सकता है। दरअसल, बीजेपी पिछले कुछ समय से अतिपिछड़े बिरादरी से आने वाले डेप्युटी सीएम सम्राट चौधरी के चेहरे को आगे करने की कोशिश में है। हाल के दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे के दौरान सम्राट चौधरी ही उनके साथ रोड शो में नजर आते रहे हैं। इसके अलावा बिहार सरकार के ज्यादातर कार्यक्रमों में सीएम नीतीश के साथ सम्राट चौधरी को ही तवज्जो मिलता रहा है। इसके अलावा बीजेपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी ओबीसी समाज से आने का खूब प्रचार प्रसार करती है। हालांकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार आरोप लगाते हैं कि पीएम मोदी जन्मजात ओबीसी नहीं हैं।

# भारी बारिश से पटना डूब गया

मंत्रियों के बंगले से बाजार तक पानी ही पानी



महानगर नेटवर्क
पटना

बिहार में मानसून फिर से सक्रिय है। राजधानी पटना में बीती रात से मानसून की बारिश हो रही है। कुछ घंटों की बारिश में पटना पानी-पानी हो गया है। रेलवे स्टेशन पर रेल की पटरियों पर पानी भर गया है तो एयरपोर्ट के ऑपरेशन में बारिश से बुरा असर पड़ा है। राजधानी की कई मुख्य सड़कें तालाब बन गई हैं। इस बीच भारी बारिश और खराब मौसम की वजह से सीएम नीतीश कुमार का कटिहार का प्रोग्राम रद्द हो गया है। डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा के आवास में भी पानी भर गया है। पूर्व निर्धारित प्रोग्राम के तहत सीएम नीतीश प्रगति यात्रा दौरान स्वीकृत योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के लिए नीतीश कुमार कटिहार जाने वाले थे। प्राप्त खबरों के मुताबिक पटना एयरपोर्ट की आधा दर्जन उड़ानें विलंबित हैं। बारिश की वजह से दिल्ली पटना विमान को दो चक्कर लगाना पड़ा। जोरदार बारिश की वजह से हवाई अड्डा थाना के पास पेड़ गिर गया है तो अटल पथ, गोविंद मित्रा रोड समेत कई सड़कों पर भारी जलजमाव हो गया है।
पटना नगर निगम के अधिकारी और कर्मी सड़कों पर जमा पानी की निकासी में जुटे हुए हैं। वीरचंद पटेल पथ में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की दीवार पर पेड़ का एक हिस्सा टूटकर गिर गया है। बारिश की वजह से कंकरबाग, राजेंद्र नगर समेत कई इलाकों में सड़कों और मोहल्लों में जलभराव हो गया है। पटना एयरपोर्ट, जीपीओ गोलंबर, बाजार समिति के पास का इलाका, शिव शक्ति नगर, गर्दनीबाग, एयरपोर्ट,किदवईपुरी, वीरचंद पटेल पथ, विधानसभा परिसर समेत कई इलाकों में पानी भर गया है।

# वैशाली में बना बुद्ध स्मृति स्तूप CM नीतीश करेंगे लोकार्पण

## 15 देशों के बौद्ध धर्मावलंबी और भिक्षु आएंगे बिहार



महानगर नेटवर्क
पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 29 जुलाई को वैशाली में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप का लोकार्पण करेंगे। नीतीश कुमार ने खुद सोशल मीडिया के माध्यम से इस बात की जानकारी दी।
सीएम ने लिखा- 'यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप, वैशाली का 29 जुलाई 2025 को लोकार्पण होने जा रहा है। इस लोकार्पण समारोह में दुनिया भर के करीब 15 देशों के बौद्ध धर्मावलंबी और बौद्ध भिक्षु बिहार आ रहे हैं। यह हम सभी बिहारवासियों के लिए गौरव का क्षण होगा। मैंने बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप के निर्माण कार्य का लगातार निरीक्षण किया ताकि निर्माण कार्य विशिष्ट ढंग से जल्द से जल्द पूर्ण हो सके। 72 एकड़ भूमि पर इस भव्य स्तूप का निर्माण राजस्थान के गुलाबी पत्थरों से किया गया है। इस परिसर का स्वरूप पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी काफी अच्छा बनाया गया है ताकि यहां आने वाले पर्यटकों को सुखद अनुभूति हो।' मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बताया- 'बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप के प्रथम तल पर भगवान बुद्ध का पावन अस्थि कलश स्थापित किया गया है, जो स्मारक का प्रमुख केंद्र बिंदु होगा। भगवान बुद्ध का अस्थि अवशेष 6 जगहों से प्राप्त हुआ जिसमें वैशाली के मड स्तूप से जो अस्थि अवशेष मिले वह सबसे प्रामाणिक है जिसका जिक्र चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भी अपनी पुस्तक में किया है।' नीतीश कुमार ने लिखा- 'वैशाली ऐतिहासिक और पौराणिक भूमि है, जिसने दुनिया को पहला गणतंत्र दिया। यह नारी सशक्तीकरण की भी भूमि रही है। बौद्ध धर्मावलंबियों के संघ में पहली बार यहां महिलाओं को शामिल किया गया।

# मुजफ्फरपुर में कांवड़ियों की भीड़ से लगा जाम

महानगर नेटवर्क
मुजफ्फरपुर

सावन के महीने का आज तीसरा सोमवार है। सोमवार के दिन भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ियों की मंदिरों में भारी भीड़ रहती है। कांवड़िया रविवार की रात से ही मंदिरों में पहुंचने लगते हैं। इसी क्रम में मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए जा रहे कांवड़ियों की भारी भीड़ के चलते कई जगह जाम लगा रहा। इसमें राजद नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी फंस गए। सोमवार देर रात तुर्की इलाके में कांवड़ियों की वजह से लगे



जाम में तेजस्वी यादव की गाड़ी और उनके काफिले की गाड़ी फंस गई। वे किशनगंज की यात्रा पर जा रहे थे। करीब आधे घंटे तक तेजस्वी यादव जाम में फंसे लगे। वहीं तेजस्वी यादव को अपने करीब देखकर कांवरियों में खासा उत्साह देखा गया। भक्तों ने उनके साथ सेल्फी और वीडियो लेना शुरू कर दिया। देखते ही देखते माहौल में 'तेजस्वी यादव ज़िंदाबाद' के नारे गूंजने लगे। जयकारों के साथ पूरा तुर्की इलाका राजनीतिक उत्साह और धार्मिक आस्था से भर गया। जाम की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए गौरौल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही राजद नेता सनत कुशवाहा, युवा राजद नेता अमरेंद्र यादव एवं युवा राजद जिला मीडिया प्रभारी अहमद रज़ा भी सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ वहां पहुंचे।

## हरिद्वार भगदड़ में अररिया के बेटे की मौत

**अररिया।** उत्तराखंड के हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर में रविवार को भगदड़ मच गई थी। इस हादसे में 8 श्रद्धालुओं की जान चली गई थी। मरने वालों में बिहार के अररिया जिले के सकलदेव बहरदार भी शामिल थे। सकलदेव बहरदार अररिया जिले के ताराबाड़ी थाना क्षेत्र के बटुरबाड़ी पंचायत के चरारनी गांव वार्ड संख्या 11 के रहने वाले थे। उनकी उम्र 35 वर्ष थी। वह कुछ महीने पहले अपने गांव से अंबाला काम करने गए थे। वहां वह एक फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। शनिवार को वह अपने साथियों के साथ हरिद्वार पहुंचे थे। सकलदेव ने शनिवार शाम को अपने माता-पिता से फोन पर बात भी की थी। रविवार की सुबह वह मनसा देवी मंदिर में पूजा करने जा रहे थे।

# नीतीश कुमार का कटिहार दौरा फिर रद्द

● खराब मौसम और बारिश के चलते उड़ान नहीं भर सका CM का हेलीकॉप्टर



**कटिहार।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सोमवार को कटिहार जिले का दौरा करने वाले थे, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बहुप्रतीक्षित कटिहार कार्यक्रम एक बार फिर रद्द हो गया। जिला प्रशासन के अनुसार, पटना में लगातार हो रही तेज बारिश के चलते मौसम खराब है, जिसके कारण मुख्यमंत्री का दौरा संभव नहीं हो सका। बता दें, शुक्रवार से पटना में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। रविवार की रात हल्की बारिश हो रही थी, जो सुबह तेज हो गई। बारिश जब बंद हुई तो पटना की सड़कों पर कई जगह जल जमाव हो गया। कटिहार के जिलाधिकारी मणेश कुमार मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दौरे को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं, लेकिन पटना में खराब मौसम और भारी बारिश के कारण हेलिकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका, जिससे कार्यक्रम रद्द करना पड़ा।

## दहेज हत्या में मृत लड़की 6 साल बाद पटना में जिंदा मिली

**छपरा।** बिहार में पुलिस ने दहेज हत्या में मृत लड़की को पटना से जिंदा बरामद किया है। मामला छपरा जिले का है। छपरा जिले के डोरीगंज में इस मामले के उजागर होने के बाद सभी हैरान हैं। स्थानीय थानाध्यक्ष दिलीप कुमार ने बताया कि वर्ष 2019 में भेल्दी थाना क्षेत्र के सिरसाबली निवासी तेरस साह ने दहेज के लिए अपनी पुत्री को प्रताड़ित कर हत्या कर देने का मुकदमा छपरा न्यायालय में दर्ज कराया था। इसमें लड़की के ससुराल डोरीगंज थाना क्षेत्र के रसुलपुर निवासी व लड़की के पति सोनू कुमार समेत उसके 12 परिजनों को हत्या का अभियुक्त बनाया था।

# नाव पलटने से हादसा चारों की मौत

महानगर नेटवर्क
खगड़िया

जिले में चार लोगों की डूबने से मौत हो गई। पहला हादसा गोगरी प्रखंड के बिंद टोली घाट पर हुआ। यहां नाव हादसे में दो सगी बहनों की डूबने से मौत हो गई। सोमवार को हुए इस हादसे के बारे में बताया जा रहा है की नाव पर कुल आठ लोग सवार थे। ये सभी लोग दियारा से घास लेकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान नाव डगमगाने लगी और अंततः डूब गई। नदी में डूबे छह लोगों को स्थानीय लोगों के द्वारा बाहर निकाल



लिया गया। लेकिन इस घटना में दो सगी बहन सजना कुमारी और पीहू कुमारी नदी में डूब गईं। स्थानीय लोगो के प्रयास से दोनों शवों को बरामद कर लिया गया। वहीं दूसरा हादसा अलौली में हुआ जहां तालाब में डूब कर दो सगे भाइयों की मौत हो गई। ये हादसा तालाब में नहाने के दौरान हुआ।

### सहेली ने खिलाई बेहोशी की दवा

# बेहोश मिली नाबालिग लड़की ने दर्ज कराया रेप केस

FSL ने जब्त किए कपड़े

**नरकटियागंज।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में नरकटियागंज से 24 जुलाई की रात लापता एक नाबालिग लड़की से बलात्कार की घटना को अंजाम दिया गया है। लड़की शनिवार की देर शाम हरदिया चौक पर बेहोशी की हालत में मिली है। उसे नरकटियागंज अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद देर रात जीएमसीएच रेफर कर दिया गया। शिकारपुर थानाध्यक्ष ज्वाला सिंह ने बताया कि पीड़ित



लड़की की शिकायत पर बलात्कार की एफआईआर दर्ज की गयी है। आरोपी हरदिया गांव निवासी चांदसी पासवान को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता ने अपनी एक सहेली पर घटना की रात में एक छोटी सी दवा की गोली देने का आरोप लगाया है। बताया है कि उस गोली को खाने के बाद वह बेहोश हो गयी थी। होश आया तो वह अनुमंडलीय अस्पताल में थी। पुलिस ने उस लड़की को भी पूछताछ के लिए थाना बुलाया है। अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोविंद चन्द्र शुक्ल ने बताया कि नाबालिग को प्राथमिक उपचार के बाद जीएमसीएच रेफर किया गया है।

## व्यापार

# अडानी ग्रीन का पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 824 करोड़

राजस्व में 31 प्रतिशत का इजाफा

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

अडानी ग्रीन शुद्ध लाभ पहली तिमाही में 824 करोड़ रुपये दर्ज हुआ। यह पिछले वर्ष 629 करोड़ रुपये था। वहीं इस वर्ष 31 प्रतिशत अधिक राजस्व 3800 करोड़ रुपये रहा। यह पिछले वर्ष 2794 करोड़ रुपये दर्ज हुआ था। एबिटा 36 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,042 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 2379 करोड़ रुपये था। साथ ही मार्जिन 5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80 प्रतिशत दर्ज रहा।
अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) की ऊर्जा बिक्री अप्रैल-जून तिमाही (वित्त वर्ष 2026 की




पहली तिमाही) में 42 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) बढ़कर 10,479 मिलियन यूनिट हो गई। अपने वित्तीय परिणामों में कंपनी ने बताया है कि परिचालन योग्यअक्षय ऊर्जा (आरई) क्षमता 45 प्रतिशत बढ़कर 15.8 गीगावाट हो गई, जो भारत में सबसे अधिक है। कंपनी ने सोमवार को जारी अपने वित्तीय परिणामों में इसकी जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि राजस्व वृद्धि 31 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) बढ़कर 3,312 करोड़ रुपये हो गई, वहीं ईबीआईटीडीए भी 31 प्रतिशत बढ़कर 3,108 करोड़ रुपये हो गया। अदाणी समूह की कंपनी के अनुसार, तिमाही में नकद लाभ 25 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) बढ़कर 1,744 करोड़ रुपये हो गया।
अडानी ग्रीन एनर्जी के सीईओ आशीष खन्ना ने कहा कि वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के दौरान, हमने 1.6 गीगावाट ग्रीनफील्ड नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी, जिससे पिछले वर्ष की तुलना में हमारी कुल वृद्धि 4.9 गीगावाट हो गई- यह भारत के स्वच्छ ऊर्जा की ओर संक्रमण में एक बेजोड़ उपलब्धि है।



## शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज की गई। कोटक महिंद्रा बैंक में भारी बिकवाली और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के चलते प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 572.07 अंक या 0.70 प्रतिशत गिरकर 80,891.02 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 686.65 अंक या 0.84 प्रतिशत गिरकर 80,776.44 अंक पर बंद हुआ।

# एकम्स ड्रग्स को मिला ANVISA GMP सर्टिफिकेट

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग दवा कंपनी 'एकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड' ने खुशी जताई है कि उसकी स्टेराइल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट को ब्राज़ील की हेल्थ अथॉरिटी ANVISA से GMP सर्टिफिकेट मिला है। इस उपलब्धि से कंपनी को ब्राज़ील में खासकर इंजेक्टेबल दवाओं के क्षेत्र में अपना कारोबार बढ़ाने में मदद मिलेगी। ANVISA को दुनिया की सबसे सख्त और विश्वसनीय हेल्थ रेगुलेटरी अथॉरिटीज़ में से एक माना जाता है। इसका सर्टिफिकेट पूरी दुनिया में मान्य होता है। इसका सर्टिफिकेट मिलना यह दर्शाता है कि एकम्स उत्पाद की गुणवत्ता, सुरक्षा और नियमों के उच्चतम मानकों का पालन करती है। एकम्स के प्लांट को ANVISA की मंजूरी मिलना एक बड़ी उपलब्धि है। इसका मतलब है कि इस फैक्ट्री की गहराई से जांच की गई है और यह ब्राज़ील के कानूनों व WHO की गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेस (GMP) से पूरी तरह मेल खाती है। इस उपलब्धि पर बात करते हुए एकम्स के मैनेजिंग डायरेक्टर संजीव जैन ने कहा कि हमारे मैन्युफैक्चरिंग प्लांट को ANVISA GMP सर्टिफिकेशन मिलना हमारे लिए सम्मान की बात है। अब हमारी स्टेराइल मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं को दुनियाभर में मान्यता मिल गई है और हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हेल्थकेयर को बेहतर बनाने में अपना योगदान देने को लेकर उत्साहित हैं। यह सर्टिफिकेशन हमारे पार्टनर्स को ब्राज़ील और अन्य लैटिन अमेरिकी देशों में दवाओं का रजिस्ट्रेशन और कमर्शियल लॉन्च तेजी से करने में मदद करेगा, क्योंकि उन्हें हमारे मजबूत मैन्युफैक्चरिंग और रेगुलेटरी सपोर्ट का भरोसा मिलेगा। एकम्स के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर संदीप जैन ने कहा कि एकम्स में हमारा विश्वास है कि हम अपने पार्टनर्स को ऐसी मैन्युफैक्चरिंग सर्विस दें जो भरोसेमंद, बड़े स्तर पर की जा सकने वाली और सभी नियमों का पालन करने वाली हो।

## अपोलो आयुर्वेद ने लांच किए 'टेस्टेड सेफ' आयुर्वेदिक प्रोडक्ट्स

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

अपोलो आयुर्वेद ने चिकित्सकीय देखभाल के दायरे से आगे बढ़ते हुए आयुर्वेद प्रोडक्ट सेगमेन्ट में प्रवेश किया है। इस नए पोर्टफोलियो में क्लासिकल फॉर्मूलेशन, ओटीसी प्रोडक्ट्स और मेडिकल फूड शामिल हैं। डॉ प्रीथा रेड्डी, एक्ज़क्टिव वाईस चेयरपर्सन, अपोलो हॉस्पिटल्स और चेयरपर्सन, अपोलो आयुर्वेद ने कहा, टेस्टेड-सेफ आयुर्वेद प्रोडक्ट्स में अपोलो आयुर्वेद का प्रवेश पारम्परिक दवाओं में सुरक्षा, पारदर्शिता और प्रभाविता के मानकों को पूरी तरह से बदल देगा। इस पहल पर बात करते हुए राजीव वासुदेवन, संस्थापक, एमडी एवं सीईओ, अपोलो आयुर्वेद ने कहा कि दो दशकों की चिकित्सकीय उत्कृष्टता के साथ हमने प्रेसीज़न आयुर्वेद के बारे में अपनी समझ तथा उच्च क्षमता के कन्ज़्यूमर स्पेस में अपनी विश्वसनीयता को बढ़ाया है।

# गब्लॉक ने पेश किया ESG प्रोफाइल

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

भारत में एरेटेड ऑटोक्लेव्ड कोंक्रीट ब्लॉक और पैनल बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनियों में से एक, बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने ESG वर्ल्ड पर अपनी पर्यावरण, सोशियल और गवर्नन्स प्रोफ़ाइल लॉन्च करने की घोषणा की है। कंपनी अपने मुख्य कार्यों में स्थिरता को शामिल करने के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिससे रिस्पोन्सिबल बिझनेस प्रेक्टिस को बढ़ावा मिले और पारदर्शिता बढ़े। ईएसजी वर्ल्ड में शामिल होने का बिगब्लॉक का कदम सतत विकास, हितधारक जुड़ाव और शासन उत्कृष्टता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है। इस प्लेटफ़ॉर्म को अपनाकर, कंपनी ने निवेशकों, विश्लेषकों, ईएसजी रेटिंग एजेंसियों और वित्तीय संस्थानों को वैश्विक ढाँचे के अनुरूप प्रमुख ईएसजी मानकों पर प्रगति को प्रभावी ढंग से ट्रैक करने में सक्षम बनाया है। इस विकास के बारे में बात करते हुए बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के निदेशक मोहित साबू ने कहा कि बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन्स हमेशा से पर्यावरण के प्रति जागरूक कंपनी रही है, जो सस्टेनेबल सोल्युशन लाती रही है। ईएसजी वर्ल्ड प्लेटफ़ॉर्म हमारे हितधारकों को हमारी ईएसजी रणनीति, लक्ष्यों और प्रदर्शन का एक पारदर्शी, वास्तविक समय का दृश्य प्रदान करता है।
एक ज़िम्मेदार ईन्डस्ट्री लीडर के रूप में, यह कदम हमें वैश्विक स्थिरता मानकों के साथ और भी संरेखित करता है और सभी हितधारकों के लिए मूल्य सृजन के हमारे दीर्घकालिक दृष्टिकोण को दर्शाता है।

# कल्याण ज्वेलर्स ने मुंबई में किया विस्तार



**मुंबई।** भारत के सबसे बड़े और विश्वसनीय ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक कल्याण ज्वेलर्स ने मुंबई स्थित फीनिक्स मार्केट सिटी में अपने नए शोरूम का उद्घाटन किया। बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू ने कल्याण ज्वेलर्स के इस ब्रांड न्यू शोरूम का शुभारंभ किया। यह भव्य शोरूम कल्याण ज्वैलर्स के विभिन्न कलेक्शन्स से सजी शानदार डिज़ाइनों की विस्तृत रेंज प्रस्तुत करता है, और यहाँ ग्राहकों को एक प्रीमियम और विश्वस्तरीय खरीदारी का अनुभव मिलता है। उद्घाटन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में फीनिक्स मार्केट सिटी में उत्साहित भीड़ उमड़ी, और इस दौरान तब्बू का गर्मजोशी से स्वागत हुआ, जिससे पूरे माहौल में ऊर्जा और उत्सव का संचार हुआ। तब्बू, बॉलीवुड अभिनेत्री ने कहा कि आज कल्याण ज्वैलर्स के इस नए शोरूम के उद्घाटन में शामिल होकर मैं बेहद खुश हूं।

## रियल एस्टेट बाजार में देखने को मिल रहा है एक नया ट्रेंड

**मुंबई।** रियल एस्टेट बाजार में एक नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है, जहां Gen-Z खरीदार प्रॉपर्टी इन्वेस्टमेंट की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। मुंबई के महंगे इलाकों की बजाय, वे कल्याण और उसके आस-पास के उपनगरों की ओर रुख कर रहे हैं, जिसका सबसे बड़ा कारण है किफायती कीमतें। मुंबई के मुख्य क्षेत्रों में आसमान छूती कीमतों के चलते पहली बार घर खरीदना काफी मुश्किल हो गया है, यह बात थारवानी रियल्टी के डायरेक्टर अभिषेक थारवानी ने कही। इसके विपरीत, कल्याण में छोटे स्टूडियो अपार्टमेंट से लेकर आरामदायक 2BHK फ्लैट्स तक कई विकल्प उपलब्ध हैं, वो भी अच्छी कंस्ट्रक्शन क्वालिटी के साथ।

# लौह और इस्पात उद्योग में एक 'पीपल फर्स्ट' संस्कृति की मिसाल

**मुंबई।** भारत की अग्रणी माइनिंग और मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों में शामिल लॉयड्स मेटल्स अब न केवल इस्पात उद्योग का भविष्य गढ़ रही है, बल्कि एक आदर्श नियोक्ता बनने की दिशा में भी मिसाल कायम कर रही है। कंपनी के ग्रुप सीएचआरओ, वेंकटेशन आर. कहते हैं कि हम यहां फ्लैट स्ट्रक्चर में काम करते हैं, जहां हर स्तर का कर्मचारी पहल कर सकता है, समस्याओं का समाधान कर सकता है और नेतृत्व कर सकता है।" लॉयड्स ने अपने कर्मचारियों के लिए एक बेहतरीन ईएसओपी योजना बनाई है, जिसमें व्हाइट कॉलर से लेकर शॉपफ्लोर वर्कर्स



तक को कंपनी में हिस्सेदारी दी जाती है। अब तक 2700 से अधिक कर्मचारी इस योजना का लाभ उठा चुके हैं, जिनमें 1700 अधिकारी और 1000 से अधिक फैक्ट्री कर्मचारी शामिल हैं। ईएसओपी का मूल्य सिर्फ 4 प्रति शेयर रखा गया है, जिससे कर्मचारियों को कंपनी के मुनाफे में प्रत्यक्ष हिस्सा मिलता है।

महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं डांगट मीडिया प्रा.लि., 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

## कर्मचारी यूनियन पर भड़के शर्मा

# 'मुझसे जलने वाले लोग इकट्ठे'

महानगर संवाददाता
लखनऊ

यूपी के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा एक बार फिर अपने विभाग के अधिकारियों पर निशाना साधा है। उन्होंने कर्मचारी यूनियन पर भड़ास निकालते हुए कहा कि उनसे जलने वाले सभी लोग इकट्ठे हो गए हैं। दूसरे विभाग में हड़ताल क्यों नहीं होती है क्या वहां कर्मचारी यूनियन नहीं है। कुछ कर्मचारी नेता की वजह से बिजली विभाग बदनाम हो रहा है। शर्मा के ऑफिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया। जिसमें लिखा, " एके शर्मा की सुपारी लेने वालों में विद्युत कर्मचारी के वेश में कुछ अराजक तत्व भी हैं। कुछ विद्युत कर्मचारी नेता काफी दिनों से परेशान घूम रहे हैं क्योंकि उनके सामने ऊर्जा मंत्री झुकते नहीं हैं। ये वही लोग हैं जिनकी वजह से बिजली विभाग बदनाम हो रहा है। ज्यादातर विद्युत अधिकारियों और कर्मियों के दिन-रात की मेहनत-पुरुषार्थ पर ये लोग पानी फेर रहे हैं। ए के शर्मा के तीन वर्ष के कार्यकाल में ये लोग चार बार हड़ताल कर चुके हैं। पहली हड़ताल तो उनके मंत्री बनने के तीन दिन बाद ही होने वाली थी।



### दूसरे विभागों में क्यों नहीं हो रही हड़ताल

अंततः बाहर से प्रेरित हड़ताल पर हड़ताल की इनकी श्रृंखला पर माननीय हाईकोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा।" ऊर्जा मंत्री ने पोस्ट में आगे लिखा, "अन्य विभागों में हड़ताल क्यों नहीं हो रही? वहां यूनियन नहीं हैं क्या? वहां समस्या या मुद्दे नहीं हैं क्या? इन लोगों द्वारा ली गई सुपारी के तहत ही कुछ दिन पहले ये अराजक तत्व ऊर्जा मंत्री के सरकारी निवास पर आकर निजीकरण के विरोध के नाम पर 6 घंटे तक अनेक प्रकार की अभद्रता किए और उनके और परिवार के विरुद्ध असभ्य भाषा का प्रयोग किए। और एके शर्मा ऐसे हैं कि इन्हें मिठाई खिलाया और पानी पिलाया। इसके अलवा मिलने के लिए ढाई घंटे प्रतीक्षा किया।जब 2010 में टोरेंट कंपनी को निजीकरण करके आगरा दिया गया तब भी तुम लोग यूनियन लीडर थे। कैसे हो गया यह निजीकरण? सुना है वो शांति से इसलिए हो गया कि ये बड़े कर्मचारी नेता लोग हवाई जहाज से विदेश पर्यटन पर चले गए थे। दूसरा प्रश्न यह है कि जब तुम लोग सारी बातें बारीकी से जानते हो तो यह भी जानते ही होगे कि निजीकरण का इतना बड़ा निर्णय अकेला एके शर्मा का नहीं हो सकता। जब एक JE तक का ट्रांसफ़र ऊर्जा मंत्री नहीं करता, जब UPPCL प्रबंधन की सामान्य कार्यशैली स्वतंत्र है तो इतना बड़ा निर्णय कैसे ऊर्जा मंत्री अकेले कर सकता है?

## साइबर ठगों ने सपाईयों को लगाया लाखों का चूना, शिकायत दर्ज



**सुल्तानपुर।** यूपी में कई सपा नेताओं के साथ बड़ा खेल हो गया है। व्हाट्स एप पर शादी का कार्ड भेजकर किसी ने ऐसा कांड कर दिया कि सनसनी फैली हुई है। एक साथ कई सपा नेताओं को निशाना बनाया गया है। सुल्तानपुर में लंभुआ विधानसभा क्षेत्र के सपा नेताओं के ग्रुप पर भेजे गए इस डिजिटल शादी कार्ड को जिसने-जिसने भी डाउनलोड किया या उसे देखने की कोशिश की, उसके-उसके बैंक खाते खाली होते चले गए। किसी के खाते से 50 हजार तो किसी के खाते से एक लाख और उससे अधिक की धनराशि कुछ ही मिनटों में गायब हो गई। ग्रुप समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं का था ऐसे में ज्यादातर इस कांड का शिकार समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता ही हुए हैं। कई नेताओं ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज करा दी है। बताया जाता है कि समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र लंभुआ के नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। इसमें सैकड़ों लोग बतौर मेंबर हैं। इसी ग्रुप में शामिल जितेंद्र वर्मा उर्फ बाजीगर के नाम से शामिल मेंबर ने एक शादी का कार्ड ग्रुप में पोस्ट किया। शादी का यह कार्ड समाजवादी पार्टी के झंडे के कलर में बनाया गया था। ऐसे में सपा नेताओं ने उत्सुकतावश उसे देखने के लिए डाउनलोड और ओपन करना शुरू कर दिया। कार्ड पर शादी की तारीख 25 जुलाई 2025 लिखी थी। इसके साथ ही स्वागत की बात के साथ शादी में जरूर आएं लिखा था। यह भी लिखा था कि प्यार वह मास्टर कुंजी है, जो खुशी का द्वार खोलती है। इस कार्ड को जो भी खोलता गया उसका मोबाइल हैक होता चला गया।

## मस्जिद में लिबास पर सवाल

# जो लोकसभा में पहनकर आते हैं वही हमारी हर जगह की ड्रेस : अखिलेश

महानगर संवाददाता
लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पत्नी और सांसद डिंपल यादव के लिबास पर उठ रहे सवालों के बीच प्रतिक्रिया दी है। उनकी यह प्रतिक्रिया मौलाना साजिद रशीदी की अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी की बाद आई है। संसद के मानसून सत्र के दौरान 28 जुलाई, सोमवार को परिसर में जब पत्रकारों ने उनसे रशीदी की टिप्पणी के बारे में सवाल पूछा तो अखिलेश तल्ख लहजे में कहा- क्या पहन कर आएं बताओ... लोकसभा में क्या पहन कर आएं... इस पर पत्रकार ने कहा लोकसभा नहीं मस्जिद में लिबास पर सवाल है... जिस पर अखिलेश ने कहा कि जो लोकसभा में पहनकर आते हैं, वही हमारी हर जगह ड्रेस होगी। बता दें बीते दिनों सपा चीफ अखिलेश यादव, सपत्नीक संसद के पास स्थित एक मस्जिद में गए थे। वहां के इमाम, रामपुर के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी हैं।



### दुविधा में सपा प्रमुख

अखिलेश और डिंपल के साथ अन्य सपा सांसद भी थे। उनके मस्जिद में जाने पर न सिर्फ सियासी बवाल हुआ बल्कि मौलानाओं ने कहा कि डिंपल का लिबास ठीक नहीं था। मौलाना साजिद रशीदी ने एक टीबी डिबेट ने अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी की जिसके बाद लखनऊ स्थित विभूतिखंड थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। उधर, रशीदी की टिप्पणी पर भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सांसदों ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया और इशारों में अखिलेश पर वोट बैंक की वजह से चुप्पी साधने का आरोप भी लगाया। दूसरी ओर अपने पक्ष में हुए विरोध प्रदर्शन पर एक ओर जहां मैनपुरी सांसद डिंपल यादव ने कि जो हो रहा है अच्छा हो रहा है, तो वहीं दूसरी ओर उन्होंने मणिपुर में महिलाओं के साथ हो रही ज्यादतियों का जिक्र करते हुए कहा कि आखिर बीजेपी के लोग इस पर चुप क्यों हैं?

## पीएम के आगमन की तैयारियों को परखने सीएम ने की बैठक

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो अगस्त को प्रस्तावित दौरे से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तैयारियां परखने काशी पहुंच गए। सोमवार की शाम मुख्यमंत्री ने जिले के अधिकारियों के साथ बैठक भी किया। इसमें शिलान्यास और लोकार्पण वाली विकास परियोजनाओं की सूची तैयार की जाएगी।

पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री के जनसभा स्थल की एक-एक तैयारी को बारीकी से परखा। जनसभा में आने वाले 80 हजार लोगों के लिए बनाई जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी लेंगे। सुरक्षा, पार्किंग स्थल, पेयजल, यातायात सहित सभी बिंदुओं पर दिशा-निर्देश दिया। पीएम के जनसभा स्थल पर जर्मन हैंगर का पंडाल बनाया जा रहा है। बारिश के चलते थोड़ी दिक्कत आ रही है। जनसभा स्थल के आसपास कीचड़ है। इससे मजदूरों को परेशानी हो रही है। कीचड़ युक्त स्थान पर बालू का छिड़काव किया जा रहा है। हेलिपैड भी बन रहा है। भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि हर विधानसभा क्षेत्र से कार्यकर्ता आएंगे। जनसभा को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी है।

# रामेश्वरम के जल से होगा बाबा काशी विश्वनाथ का अभिषेक, हर-हर महादेव का गूंजा नारा

**वाराणसी।** सावन महीने की पूर्णिमा पर रामेश्वरम के जल से बाबा विश्वनाथ का अभिषेक होगा। वहीं, रामेश्वर महादेव का काशी विश्वनाथ मंदिर की ओर से भेजे गए त्रिवेणी के जल और रेत से अभिषेक किया जाएगा। सावन के तीसरे सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामेश्वरम मंदिर के प्रतिनिधियों को त्रिवेणी का जल कलश और रेत सौंपेंगे। उत्तर और दक्षिण भारत को एकाकार करने के लिए श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने सावन के महीने में तीर्थों के जल के आदान प्रदान की परंपरा शुरू की है। इसके तहत मंदिर की ओर से



त्रिवेणी का जल के साथ रेत और रामेश्वरम के कोडी तीर्थम सागर के जल का आदान प्रदान होगा रविवार को प्रयागराज के एडीएम सिटी सत्यम मिश्र, मेला प्राधिकरण से एडीएम विवेक चतुर्वेदी, संत समाज एवं सैन्य आयुध भंडार के अधिकारियों की मौजूदगी में पवित्र त्रिवेणी संगम का जल व रेत प्रयाग से काशी के लिए रवाना हुआ। सावन के तीसरे सोमवार यानी आज पवित्र संगम के जल से बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक होगा। इसके बाद विशेष समारोह में सीएम योगी आदित्यनाथ यह पावन संगम जल व रेत श्री रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग के प्रतिनिधिमंडल को सौंपेंगे। त्रिवेणी के जल से रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग के प्रधान महादेव श्री रामनाथस्वामी भगवान सावन भर अभिषेक और पूजन होगा। 51 फीट के शिवलिंग के आकार का कांवड़ लेकर निकले 51 फीट के शिवलिंग की झांकी के साथ कांवड़ यात्रा रविवार को दशाश्वमेध घाट से शिवपुर होते हुए त्रिलोचन महादेव के लिए निकली।

## यूपी में पीसीएस अफसरों के तबादलों का दौर जारी




महानगर संवाददाता
लखनऊ

यूपी में पीसीएस अफसरों के तबादलों का दौर जारी है। सोमवार को नौ और अधिकारियों की तैनाती में फेरबदल किया गया। छह जिलों के उपजिलाधिकारी बदले गए हैं। राजेश कुमार को प्रधान प्रबंधक, उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ के पद पर तैनाती दी गई है। कुमार धर्मेंद्र को अपर जिलाधिकारी, बांदा के पद पर तैनात किया गया है। सालिक राम को रामपुर का नगर मैजिस्ट्रेट बनाया गया है। इसी तरह अतुल कुमार को उपजिलाधिकारी गाजीपुर, शैलेंद्र प्रताप को उपजिलाधिकारी सुल्तानपुर, अरुण कुमार को उपजिलाधिकारी कौशाम्बी, संजय कुमार को उपजिलाधिकारी फतेहपुर, प्रवीण कुमार द्विवेदी को उपजिलाधिकारी मुजफ्फरनगर और श्रीराम यादव को उपजिलाधिकारी हापुड़ के पद पर तैनाती दी गई है। इसके पहले सरकार ने रविवार को 78 पीसीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया।

## दस मिनट तक तार से चिपका रहा मासूम, मौत

**लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ से दर्दनाक खबर सामने आई है, जहां बिजली विभाग की लापरवाही ने रविवार सुबह फूलबाग स्थित शंकरपुरी कॉलोनी के एक मासूम की जिंदगी छीन ली। गेंद निकालने के लिए सात साल का फहद कॉलोनी में स्थित पार्क के ट्रांसफार्मर पेटी के यार्ड में चला गया, जहां करंट लगने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जिस गेट से वह अंदर गया, उस पर कोई सुरक्षा जाली नहीं थी। घटना के बाद फीडर मैनेजर संविदा कर्मी अमरजीत को निलंबित कर दिया गया है। घटना की जांच के लिए हुसैनगंज के एक्सईएन अरुण कुमार भारती ने एक कमेटी का



गठन किया है। हादसा हुसैनगंज खंड के विधानसभा मार्ग उपकेंद्र इलाके में हुआ।

मृतक की ताई कमरुलनिशा के मुताबिक, फूलबाग स्थित शंकरपुरी कॉलोनी निवासी फरीद का बेटा फहद सुबह नौ बजे छोटे भाई फरहान के साथ पार्क में खेलने गया था। बाद में और बच्चे वहां आ गए। इस दौरान उनकी गेंद पार्क के ही एक तरफ स्थित 400 केवी ट्रांसफार्मर पेटी के यार्ड में चली गई। गेंद निकालने के दौरान फहद बिजली के खुले तार से चिपक गया। यह देख सभी बच्चे डर कर भाग गए। किसी ने अपने घर में फहद को करंट लगने का जिक्र तक नहीं किया।

## प्रतापगढ़ जेल के जेलर किए गए निलंबित, DIG की जांच में गिरी गाज




**प्रतापगढ़।** प्रयागराज रेंज के डीआईजी की जांच रिपोर्ट के आधार पर यह पाया गया कि जिला कारागार प्रतापगढ़ में तैनात जेलर अजय कुमार सिंह का व्यवहार अधीनस्थ कर्मियों के प्रति अनुचित रहा है। जांच के दौरान संकलित बयानों एवं अभिलेखीय साक्ष्यों से यह स्पष्ट हुआ कि अजय सिंह द्वारा आकस्मिकता की स्थिति में अधीनस्थ कर्मियों को आवश्यक अवकाश प्रदान नहीं किया गया। साथ ही उच्चाधिकारियों के आदेशों एवं निर्देशों का अनुपालन भी ठीक से नहीं किया गया। इसके अलावा अजय द्वारा अधीनस्थों के साथ अशोभनीय, अमर्यादित एवं असंवैधानिक आचरण किया गया, जो सेवा आचरण नियमों के प्रतिकूल है।

# बेटी से छेड़छाड़ की तो पिता ने युवक को उतारा मौत के घाट

**सुल्तानपुर।** कादीपुर कोतवाली के पलिया गोलपुर नहर के पास देर एक लाश मिलने की सूचना पुलिस को हुई। आनन फानन में मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले जांच शुरू किया तो मामला आशनाई से जुड़ा हुआ मिला। बेरमारुपुर सरैया के निवासी संजय निषाद पुत्र सुनील निषाद उर्फ खरबोटे उम्र 16 वर्ष बाजार में एक व्यवसायी के यहां नौकरी करता था। लोगों की मानें तो व्यापारी के लड़के का किसी लड़की से मिलना जुलना होता था।

शनिवार की रात व्यापारी के साथ



संजय और इसका दोस्त लड़की से मिलने पलिया गोलपुर नहर पर मिलने पहुंचा था। लड़की के पिता ने जब लड़की को घर पर नहीं देखा तो लड़की की खोजबीन करने लगा। इसी दौरान नहर पर लड़कों के साथ अपनी लड़की को देख उसे गुस्सा आया और पिता ने आव देखा न ताव चाकू से हमला कर दिया, जिससे संजय निषाद गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। मौके पर व्यापारी कुणाल भी घायल हो गया और उसका दोस्त मौके से भाग गया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा घायल कुणाल का इलाज करवा कर पूछताछ के लिए बुलाया है। घटना से सनसनी फैल गई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने कहा कि बेटी के साथ अश्लील हरकत पर पिता ने हमला किया था, जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। कुछ लोगों को पूछताछ के लिए उठाया भी गया है।

## प्रधान स्वयं ही बन गए मनरेगा में मजदूर

**धनपतगंज।** विकास खंड में ग्राम निधि खाता बंदरबांट का जरिया बन गया है। शासनादेश के विपरीत प्रधान गोलमाल करने से बाज नहीं आते। सबसे बड़ी बात तो यह है कि इस गोलमाल की जानकारी होने के बाद भी संबंधित उच्चाधिकारी ऐसे लोगों पर मेहरबान हैं। मामला धनपतगंज ब्लॉक के खारा गांव का है। इस गांव के




प्रधान दिव्यराज सिंह ने ग्राम निधि खाते से अपने व्यक्तिगत बचत खाते में तिराहे से कोटेदार के घर तक खड़ंजा मरम्मत कार्य में खुद मजदूर बनकर कार्य करना दिखाते हुए मजदूरी ले ली। यह धनराशि प्रधान के खाते में 14 मार्च 2023 को तत्कालीन सेक्रेटरी की सांठगांठ से प्रधान के खाते में हस्तांतरित हुई। जिम्मेदार सबकुछ जानकर भी मूकदर्शक बने हैं। बताते चले कि यह गलती जानबूझकर या अनजाने में एक बार नहीं हुई बल्कि कई बार मजदूरों की मजदूरी प्रधान ने अपने खाते में डाल हजम कर लिया। इस तरह का गोलमाल अकेले खारा गांव का नहीं है। बल्कि विकास खंड के हर गांवों का है। गोलमाल में अकेले प्रधान नहीं शामिल हैं, बल्कि सेक्रेटरी भी शामिल है। इस बाबत प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत राधेश्याम कुशवाहा ने बताया कि मामले की जानकारी नही है। जांच करवाकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बरेली के गांव में छत पर पड़ा मिला चाईनीज ड्रोन, जांच शुरू

**बरेली।** जिले के ग्रामीण इलाकों व कस्बों में ड्रोन उड़ने का शोर मच रहा है। इससे ग्रामीणों में कौतहूल के साथ दहशत भी है। फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के मंडोली गांव से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। गांव निवासी कमल मौर्य के मकान की छत पर सोमवार सुबह ड्रोन पड़ा मिला। उन्होंने बताया कि सुबह उनका बेटा नवनीत मौर्य किसी काम से छत पर गया।

उसने छत पर ड्रोन कैमरा पड़ा देखा। उसके शोर मचाने पर परिवार के लोग पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। ड्रोन मिलने की खबर मिलते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। उन्होंने डायल 112



पर कॉल कर पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने ड्रोन को कब्जे में ले लिया है। ड्रोन पर मेड इन चाइना लिखा है। ड्रोन किसका है और छत पर कैसे पहुंचा, इसका पता लगाने के लिए पुलिस जांच कर रही है। उधर, मंडोली के पड़ोसी गांव फरीदापुर रामचरन में दिनदहाड़े लूट की घटना हुई है। गांव निवासी प्रीति ने बताया कि उसके पति काम पर बाहर गए थे।

### ड्रोन उड़ाने वाले पर सख्त कार्रवाई होगी

वह भी घर से बाहर थीं। घर पर उनकी बेटी रूबी बर्तन धो रही थी, तभी तीन चार बदमाश घर में घुस आए। उन्होंने बेटी को बंधक बनाकर लूटपाट की। प्रीति ने बताया कि बदमाश घर में रखी नकदी और जेवर लूटकर ले गए हैं। पुलिस घटना की जांच कर रही है। दोनों घटनाओं के संबंध में फतेहगंज पश्चिमी के थाना प्रभारी सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि चोरी की घटना संदिग्ध लग रही है। फिर तहरीर लेकर जांच की जा रही है। जल्द खुलासा कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं ड्रोन को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। ड्रोन उड़ाने वाले को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कस्तूरबा गांधी स्कूल हाफिजगंज की वार्डन ने रविवार रात स्कूल में चोर घुसने और छात्राओं के भयभीत होने का जिक्र कर वीडियो जारी किया है। रात में सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी खोजबीन की लेकिन नहीं कोई मिला। कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की वार्डन सपना पांडे ने बताया है कि चार दिन से स्कूल के ऊपर ड्रोन उड़ता दिख रहा है। उन्होंने चौंकाने वाली बात बताई कि रविवार रात 11 बजे काले कपड़े में एक व्यक्ति ने आकर खिड़की पर हाथ मारा। स्कूल में छात्राएं और महिला स्टाफ ही था। यह देखकर उन लोगों ने शोर मचाया। एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि गांवों से यूपी 112 पुलिस के पास इस तरह की कॉल्स आ रही हैं कि उनके यहां ड्रोन उड़ता दिखा है। जब पुलिस वहां जाती है तो ड्रोन नहीं दिखता।

## स्कूल बस पर गिरा हाईटेंशन लाइन का तार, कोई हताहत नहीं

**हाथरस।** जिले के सासनी में एबीजी गुरुकुलम की बस विजयगढ़ से बच्चों को लेकर स्कूल आई। बच्चों को उतार कर चालक-परिचालक ने बस को स्कूल गेट के बाहर खड़ा कर दिया। अचानक हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर बस पर गिर गया। जिससे स्कूली बस में आग लग गई। आग लगते ही गेट पर खड़े लोगों में हड़कंप मच गया। परिचालक ने गाड़ी से कूद कर अपनी जान बचाई। बस के चारों पहिए जलकर राख हो गए। बस में उस समय बच्चे नहीं थे, एक बड़ा हादसा होने से बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 जुलाई की सुबह विजयगढ़ से बस संख्या यूपी 86 टी 7751 विद्यार्थियों को लेकर एबीजी गुरुकुलम स्कूल आई। विद्यार्थियों को उतारकर चालक नौहवत सिंह एवं परिचालक पप्पू बस में ही बैठ गए। ड्राइवर नौहवत सिंह कुछ काम से बस में से नीचे उतर आया, लेकिन परिचालक उसी में बैठकर खाना खाने लगा। अचानक बस के ऊपर झूल रहे हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिर गया, जिससे बस के चारों पहिए जलकर राख हो गए। परिचालक ने बस से कूद कर अपनी जान बचाई। सूचना पाकर विद्युत विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने लाइन को दुरुस्त कराया।

## पंचायत सहायकों को मुख्य सचिव ने दिया निर्देश

# प्रभावी ढंग से लागू करें जीरो पॉवर्टी अभियान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी पंचायत सहायकों के साथ सीधा संवाद कर जीरो पॉवर्टी अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि जीरो पॉवर्टी परिवारों को वरीयता के आधार पर विभिन्न सरकारी योजनाओं से संतृप्त किया जाए। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं को संतृप्तिकरण के स्तर तक ले जाने पर जोर दिया।



उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के डाटा बेस के अनुसार, लगभग 5 लाख 68 हजार लोग ऐसे हैं, जिनके आयुष्मान कार्ड बनाए जा सकते हैं। उन्होंने पंचायत सहायकों को निर्देश दिए कि वे जीरो पॉवर्टी प्रोग्राम के तहत चिह्नित परिवारों की जानकारी का आयुष्मान भारत योजना के डाटा बैंक से मिलान करें और जिनका कार्ड अभी तक नहीं बना है, उनके कार्ड अगले दो-चार दिनों में बनाकर पात्रों को उपलब्ध कराएं। पेंशन योजना के संबंध में उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त करने वाले ऐसे लाभार्थी जो अब मृतक हो चुके हैं, उनके स्थान पर नए पात्र लाभार्थियों को शामिल किया जाए। उन्होंने पंचायत सहायकों से योजनाओं में सक्रिय सहयोग करने की अपेक्षा की, जिससे जीरो पॉवर्टी अभियान को गति प्रदान किया जा सके और पात्र परिवारों को योजनाओं का पूर्ण लाभ मिल सके। बैठक में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# सानिया हत्याकांड से पुलिस ने उठाया पर्दा, 6 गिरफ्तार

## सगे भाई और चाचा ने मिलकर दिया था वारदात को अंजाम

**बागपत।** पुलिस ने सानिया हत्याकांड का सनसनीखेज राजफाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें सानिया का भाई और चाचा भी शामिल है। सानिया दूसरे समुदाय दलित युवक से शादी करने की जिद पर अड़ी थी जिससे समाज में बेइज्जती हो रही थी। इसी से परेशान होकर उन्होंने सानिया की गला दबाकर हत्या कर शव को कब्र में दबा दिया और सागर को पीट-पीटकर भगा दिया। इस वारदात को सानिया के परिजन और रिश्तेदारों ने वारदात को अंजाम दिया था। छह आरोपियों को जेल भेज दिया गया है जबकि अन्य की तलाश की जा रही है। सभी आरोपियों पर रासुका की कार्रवाई की जाएगी. पलड़ा गांव में प्रेम प्रसंग के कारण 22 जुलाई की रात 16 साल की सानिया को उसके ही परिजन और रिश्तेदारों ने मौत के घाट उतार दिया था और टीबी से मौत होने की बात कहते हुए शव को कब्रिस्तान में दफना दिया था. सानिया के प्रेमी सागर के पिता रामपाल की सूचना पर पुलिस ने किशोरी के ताऊ मतलूब पुत्र सईद को पकड़कर पूछताछ की तो पूरी घटना का राजफाश हो गया. शनिवार को पुलिस ने मतलूब की निशानदेही पर शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था.



एसपी सूरज कुमार राय ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में किशोरी के पिता वलीस, भाई साहिब, ताऊ मतलूब, चाचा सादिक पुत्र सईद, तहेरे भाई आरिस निवासी पलड़ा, फूफा नसीम पुत्र युनूस निवासी असारा, फूफा शान मोहम्मद पुत्र युसूफ, फुफेरे भाई अरमान पुत्र शान मोहम्मद निवासी सुन्ना थाना कांधला शामली व तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

### घर से लापता हुई थी सानिया

आरोपियों ने सानिया के मुंह पर कपड़ा रखकर दबा दिया, जिससे दम घुटने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद रिश्तेदार अपने-अपने गांव को चले गए। एसपी ने बताया कि रविवार को पुलिस ने भाई साहिब, चाचा सादिक, फुफेरे भाई अरमान, फुफा शान मोहम्मद व नसीम, ताऊ मतलूब को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से आरोपियों को जिला कारागार भेज दिया। अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। सानिया के परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह दूसरे समुदाय के सागर से शादी करने की जिद पर अड़ी थी इससे समाज में उनकी बेइज्जती हो रही थी। उसे समझाकर अपने धर्म के युवक से शादी करने को कहा गया, लेकिन वह नहीं मानी, जिसके बाद उसकी हत्या करनी पड़ी। मुस्लिम सानिया का दलित लड़के सागर से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसका पता सानिया के परिजनों को चल गया था। अचानक 15 जुलाई को सानिया घर से लापता हो गई थी। सानिया के परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की तो 16 जुलाई को वह हिमाचल में सागर के पास मिली। गांव में लाकर सानिया के परिजनों ने दोनों की पिटाई की।

# ममता बनर्जी ने शुरू किया भाषा आंदोलन

## बोलीं- अस्मिता, मातृभाषा और मातृभूमि को नहीं भूल सकते

**महानगर नेटवर्क**
**कोलकाता**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार से भाषा आंदोलन की शुरुआत कर दी। उन्होंने राज्य के बोलपुर से इस आंदोलन की शुरुआत की और कहा कि हम अपनी मातृभाषा को कभी नहीं भूल सकते। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अन्य राज्यों में बंगाली प्रवासियों पर कथित हमलों के खिलाफ बोलपुर में विरोध मार्च शुरू किया। उन्होंने कहा कि हम भाषा के आधार पर विरोध नहीं चाहते, लेकिन बांग्ला के नाम पर उत्पीड़न नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि आप सब कुछ भूल सकते हैं, लेकिन आपको अपनी 'अस्मिता', मातृभाषा, मातृभूमि नहीं भूलना चाहिए। राज्य में अगले साल ही राज्य विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और उससे पहले बांग्ला भाषा को लेकर विवाद बढ़ रहा है। खासतौर पर एनसीआर के गुरुग्राम शहर में अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ चल रहे ऐक्शन को लेकर विवाद तेज हो गया है। तृणमूल कांग्रेस का दावा है कि बंगाली भाषियों को विशेष रूप से भाजपा शासित राज्यों में बांग्लादेशी करार दिया जा रहा है और उन्हें जबरन सीमा पार बांग्लादेश में वापस धकेला जा रहा है। बनर्जी ने 21 जुलाई को शहीद दिवस रैली के दौरान 28 जुलाई को प्रदेशव्यापी 'भाषा आंदोलन' शुरू किए जाने की घोषणा की थी। उन्होंने यह भी कहा था कि आंदोलन बोलपुर स्थित शांतिनिकेतन से शुरू होगा और यह बंगाली भाषा तथा लोगों की गरिमा को बनाए रखने के लिए समर्पित एक आंदोलन होगा। पार्टी ने सोमवार को दो बजे लॉज मोड़ से एक रैली की शुरुआत की। यह रैली शांतिनिकेतन रोड से होते हुए चौरास्ता, श्रीनिकेतन रोड होते हुए जमुर्दी बस स्टैंड पर समाप्त होगी, जहां मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगी। पूरे रास्ते में, सांस्कृतिक समूह बंगाली भाषा और संस्कृति पर कथित हमले के विरोध में विभिन्न चौराहों पर गीत और कविता पाठ प्रस्तुत करेंगे।

# जैसलमेर में स्कूल का गेट गिरने से छात्र की मौत

### टीचर-5 साल की बच्ची घायल

**नई दिल्ली।** राजस्थान के जैसलमेर में एक और स्कूल में हादसा हुआ है। यहां पर तेज हवा के कारण सरकारी स्कूल के गेट का पिलर एक छात्र पर गिर गया। इसके कारण छात्र की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं स्कूल का एक टीचर भी इस हादसे में घायल बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार टीचर के दोनों पैर टूट गए हैं और मौके पर स्थानीय प्रशासन भी मौजूद है। झालावाड़ के बाद यह दूसरी घटना है। गेट का पिलर गिरने के कारण 9 वर्षीय अरबाज की मौत हो गई है। अरबाज पहली कक्षा का छात्र था और हादसे के दौरान वह स्कूल से बाहर निकल रहा था। तेज हवा चल रही थी और अचानक पिलर अरबाज पर गिर जाता है। अरबाज पिलर के नीचे दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इस समय स्कूल के टीचर अशोक सोनी भी वहां मौजूद थे और वह भी बुरी तरह घायल हो गए हैं। जैसे ही वह पिलर को गिरते हुए देखे, तुरंत भागने लगे और पिलर उनके पैर पर गिर गया। इसके कारण उनके दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए। हादसे के बाद राजस्थान की भजनलाल सरकार विपक्ष के निशाने पर है। सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा, "राजस्थान में जैसलमेर जिले के पूनमनगर गांव में स्कूल गेट का पिलर गिरने से एक छात्र की मौत हो जाने व एक शिक्षक के गंभीर रूप से घायल हो जाने के समाचार प्राप्त हुए।

# वकील ने जज पर लगा दिए गंभीर आरोप

## हाईकोर्ट ने पिलाई तगड़ी डांट | CJI गवई के पास पहुंचा मामला

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**



मद्रास हाईकोर्ट ने हाल ही में एक लॉयर को जमकर फटकार लगाई है। इससे पहले वकील ने जज साहब मद्रास हाईकोर्ट में एक मामले की सुनवाई के दौरान जज साहब वकील पर आग बबूला हो गए। मामला वकील द्वारा जज पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने का है। सोमवार को मद्रास हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई हुई, जहां जस्टिस जी.आर. स्वामीनाथन ने कहा है कि जजों के फैसलों की आलोचना अपनी जगह है, लेकिन इस तरह का इल्जाम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इससे पहले कोर्ट ने वंचिनाथन को उनके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जजों के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर समन जारी किया था। कई वीडियो और इंटरव्यूज में वकील ने कथित तौर पर जस्टिस स्वामीनाथन पर फैसले देने में सांप्रदायिक और जातिगत पूर्वाग्रह से ग्रसित होने का आरोप लगाया था।

जस्टिस स्वामीनाथन ने वंचिनाथन नाम के वकील को फटकार लगाते हुए कहा कि इस तरह न्यायपालिका को बदनाम करने की कोशिशें ठीक नहीं। जस्टिस स्वामीनाथन और जस्टिस के. राजशेखर की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, "आप एक कॉमेडी पीस हैं। मुझे नहीं पता कि आपको क्रांतिकारी कौन कहता है। आप सब कॉमेडी पीस हैं।" जस्टिस स्वामीनाथन ने आगे कहा कि जजों के फैसलों की आलोचना कर सकते हैं और इस पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन जाति के आधार पर पक्षपात का आरोप सीमा को लांघना है। उन्होंने कहा, "वंचिनाथन जी, मैं मेरे फैसलों की कठोर आलोचना करने के आपके अधिकार का पूरी तरह सम्मान करता हूं। लेकिन जब आप इस तरह का आरोप लगाते हैं, तो ये ठीक नहीं है।"

### कोर्ट ने जताई चिंता

कोर्ट ने इस दौरान वंचिनाथन के एक इंटरव्यू का भी हवाला दिया, जिसमें उसने कथित तौर पर दावा किया था कि जज ने एक दलित वकील के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया, वहीं एक दूसरे वकील से अच्छा व्यवहार किया गया क्योंकि वह ब्राह्मण था। कोर्ट ने इस तरह के आरोपों को निराधार बताते हुए चिंता जताई। जस्टिस स्वामीनाथन ने कहा, "चार साल से आप मुझे बदनाम कर रहे हैं। मैंने आपको कुछ नहीं कहा। हम नियम के मुताबिक चलते हैं। लेकिन हम बेवकूफ नहीं हैं। हम इस मामले को चीफ जस्टिस के पास लेकर जाएंगे। हम डरेंगे या झुकेंगे नहीं। न्यायिक स्वतंत्रता सबसे बड़ी है।" इस बीच मद्रास उच्च न्यायालय के आठ रिटायर्ड जजों ने देश के मुख्य न्यायाधीश को एक पत्र लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है।

### योगी सरकार का बड़ा फैसला

# हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को देगी 5-5 लाख रुपये

**महानगर नेटवर्क**
**बाराबंकी**

यूपी के बाराबंकी के हैदरगढ़ क्षेत्र में स्थित श्री अवसानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सोमवार को करंट उतरने से मची भगदड़ में 2 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जबकि 30 से अधिक घायल हो गए। इनमें से पांच की हालत गंभीर बनी हुई है। इस हादसे को लेकर सीएम योगी ने दुख जताया। साथ ही मृतक के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर बाराबंकी स्थित श्री अवसानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। सीएम ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार एवं राहत कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने देवाधिदेव महादेव से दिवंगत आत्माओं को सद्गति तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की प्रार्थना की। साथ ही प्रत्येक मृतक के परिजन को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सावन का तीसरा सोमवार होने के चलते श्रद्धालु तड़के तीन बजे से मंदिर में जल अभिषेक करने के लिये कतारबद्ध थे। इस दौरान बंदरों द्वारा तोड़े गए बिजली का तार गिरने से भगदड़ मच गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और 32 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। एक श्रद्धालु की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाकी घायलों को आनन-फानन में हैदरगढ़ व त्रिवेदीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया, जहां इलाज के दौरान एक और श्रद्धालु की मौत हो गई। वहीं, पांच लोगों को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय भेजा गया।



**बंदरों की वजह से हुआ हादसा**

उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने संवाददाताओं को बताया कि मौतें भगदड़ से नहीं, बल्कि बंदर की वजह से बिजली का झटका लगने से हुईं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र और परिक्षेत्र स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया।

# अब नहीं चलेगी डॉक्टर-अस्पताल की मनमानी

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**



राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने निर्देश दिया है कि सर्जरी का सीधा प्रसारण ऑपरेशन करने वाले सर्जन, अस्पताल या उत्पाद ब्रांड के प्रचार के लिए नहीं किया जाना चाहिए और ऐसा करने से पहले मरीज की सहमति अवश्य ली जानी चाहिए। एनएमसी ने सर्जरी के सीधे प्रसारण को विनियमित करने के लिए इस सप्ताह विस्तृत दिशानिर्देश जारी किये। इसके मुताबिक शल्य चिकित्सकों को ऑपरेशन के दौरान उपयोग किए जाने वाले उपकरणों से वित्तीय या व्यावसायिक हित नहीं साधना चाहिए। दिशानिर्देशों के मुताबिक 'सीधे प्रसारण का उद्देश्य केवल शैक्षिक होना चाहिए, न कि व्यावसायिक लाभ या प्रचार के लिए। शल्य चिकित्सकों को महिमामंडन से बचना चाहिए, तथा उनका ध्यान शल्य चिकित्सा तकनीकों और रोगी देखभाल पर होना चाहिए।' इसमें रेखांकित किया गया कि सीधे प्रसारण से जुड़ी जटिलताओं और जोखिमों को कड़े नियमों और बीमा कवरेज के माध्यम से दूर किया जाना चाहिए। एनएमसी ने कहा कि हालांकि सर्जरी का सीधा प्रसारण शिक्षाप्रद हो सकता है, लेकिन यह संवादात्मक या व्यावहारिक प्रशिक्षण के समान गहन शिक्षा प्रदान नहीं कर सकती है।

### ऑनलाइन लीक हुई डीटेल्स

# मुस्लिम लड़के और हिंदू लड़की को मिलने लगी धमकियां

### शादी की एप्लिकेशन पर लगी रोक



**नई दिल्ली।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में एक अंतरधार्मिक कपल की शादी में अड़चनें पैदा हो रही हैं। कपल का कहना है कि उनकी डीटेल्स ऑनलाइन लीक होने के बाद उन्हें धमकियां मिलने लगीं और लड़की के पिता की आपत्तियों का हवाला देते हुए उनके एप्लिकेशन को होल्ड पर डाल दिया गया। एक दशक से ज्यादा समय तक रिलेशनशिप में रहने के बाद देहरादून के एक कपल ने विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत शादी करने का फ़ैसला किया। हालांकि, शनिवार को दो गवाहों द्वारा दक्षिणपंथी समूहों की धमकियों और महिला के पिता की आपत्तियों का हवाला देते हुए उनके आवेदन को स्थगित कर दिया गया। लड़की के पिता को उनके समुदाय द्वारा बहिष्कार की धमकी दी गई थी। कपल के अनुसार, उनकी शादी की योजना इसलिए विफल हो गई क्योंकि लड़का मुस्लिम है और लड़की हिंदू, कपल की यह डीटेल्स और उनकी तस्वीरें एक फ़ेसबुक यूज़र ने ऑनलाइन अपलोड कर दीं, जिसके बाद धमकियों, गालियों और महिला के परिवार से मिलने का सिलसिला शुरू हो गया। लड़की एक क्लिनिक में काम करती है। उसने बताया कि शनिवार को उसके रिश्तेदार और अन्य लोग उनके दरवाजे पर आए और मुस्लिम व्यक्ति से शादी करने देने के लिए परिवार की निंदा की।

लड़की ने बताया, "मेरे माता-पिता मेरे फैसले से न तो खुश हैं और न ही परेशान। वे मेरे फैसले का सम्मान करते हैं। हालांकि, जब पूरी व्यवस्था हमारे खिलाफ हो गई तो मेरे पिता को मजबूरन एसडीएम के पास आपत्ति दर्ज करानी पड़ी। सोशल मीडिया पर जो पेज वायरल हो रहा है, वह एसडीएम कार्यालय के बोर्ड पर लगा नोटिस नहीं, बल्कि अधिकारी के पास हमारी फाइल से है।"लड़की का आरोप है कि जिस आदमी से उसकी शादी होने वाली है, उसके साथ काम करने वाले कुछ वकील और कुछ सरकारी अधिकारी इस तरह की परेशानियां फैला रहे हैं और हमारे दूसरे आवेदन में देरी कर रहे हैं।

# यौन उत्पीड़न केस में फंसे BJP MP सुभाष बराला के बेटे को झटका

**● 10 दिनों में ही गई AAG की कुर्सी**

**महानगर नेटवर्क**
**चंडीगढ़**



भाजपा शासित हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार ने भाजपा के राज्यसभा सांसद सुभाष बराला के बेटे विकास बराला को करारा झटका दिया है। सरकार ने उन्हें नियुक्ति के 10 दिन बाद ही राज्य के सहायक महाधिवक्ता पद से हटा दिया है। दरअसल, विकास बराला पर यौन उत्पीड़न के केस थे, इसलिए उनकी नियुक्ति के बाद से ही यह मामला विवादों में घिर गया था। बता दें कि 18 जुलाई को राज्य के गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय ने 97 नए कानून अधिकारियों की नियुक्ति को मंजूरी दी थी। उस सूची में विकास बराला का भी नाम था। उन्हें असिस्टेंट एडवोकेट जनरल (AAG) बनाया गया था लेकिन उनकी नियुक्ति के बाद से ही यह मामला विवादों में घिर गया था। विपक्ष लगातार सैनी सरकार पर हमलावर थी और यौन उत्पीड़न के आरोपी को विधि अधिकारी बनाने पर घेर रही थी। दरअसल, विकास एक भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS)अधिकारी की बेटी का पीछा करने के आरोपी हैं। यह मामला अक्टूबर 2017 का है, जब उनके पिता भाजपा की हरियाणा इकाई के प्रमुख थे। विकास और उनके दोस्त आशीष कुमार पर चंडीगढ़ की एक अदालत ने एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी की बेटी का पीछा करने और उसके अपहरण का प्रयास करने का आरोप लगाया था। विकास बराला इस मामले में जमानत पर बाहर हैं और मुकदमा अभी कोर्ट में लंबित है। आईएएस अफसर की पीड़ित बेटी वर्णिका कुंडू ने विकास बराला को एएजी बनाए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई थी। यही नहीं, 45 आईएएस अफसरों ने भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को चिट्ठी लिखकर इस नियुक्ति को रद्द करने की मांग की थी। विवाद बढ़ने पर सरकार ने विकास बराला को हटाने का फैसला लिया। पूर्व आईएएस अधिकारी वीएस कुंडू की बेटी वर्णिका कुंडू ने सरकार के इस फैसले पर सवाल उठाए थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर लम्बी पोस्ट डालकर सरकार के इस फैसले की आलोचना की थी।

# मैं मुसलमान हूं तो मुझे धमकी मिल रही, नंगा शब्द इतना गलत नहीं

**नई दिल्ली।** संसद के पास मस्जिद में डिंपल यादव के बिना सिर पर पल्लू रखे चले जाने पर मौलाना साजिद रशीदी के बयान पर विवाद हो रहा है। इस मामले में सांसद इकरा हसन का कहना है कि ऐसे मौलाना का बहिष्कार होना चाहिए। इसके अलावा लखनऊ के गोमती नगर में सपा के कार्यकर्ता ने मौलाना के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इस बीच मौलाना ने मोर्चा खोल दिया है और अपने बयान पर खेद जताने की बजाय उसे सही ही ठहराया है। उनका कहना है कि मैं मुसलमान हूं, इसलिए मेरे साथ बर्ताव हो रहा है। मुझे मारने की धमकियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मैंने मस्जिद में उनके जाने को लेकर यह बात कही थी, जो गलत नहीं है। साजिद रशीदी ने कहा, 'इसी लोकतंत्र में हमारा एक संविधान है। वह कहता है कि हर धर्म की अपनी मान्यताएं हैं। उन्हें मानना और उसका प्रचार एवं प्रसार करना मेरे मौलिक अधिकारों में आता है। मेरा संविधान कहता है कि यदि कोई मस्जिद का अनादर कर रहा है तो उसे आप कहिए। मैंने वही तो कहा।'

### डिंपल यादव पर बोले मौलाना



# बेटी के साथ यमन पहुंच गए निमिषा प्रिया के पति

### हूती प्रशासन को क्यों किया शुक्रिया



**यमन।** यमन की जेल में बंद मौत की सजा का सामना कर रहीं भारतीय नर्स निमिषा प्रिया का परिवार भी यमन पहुंच गया है। ईसाई इवैंजलिस्ट केए पॉल ने एक वीडियो जारी कर यमन के हूती प्रशासन से निमिषा प्रिया को रिहा करने की अपील की है। इसके अलावा उन्होंने निमिषा प्रिया की फांसी टालने के लिए हूती प्रशासन को धन्यवाद भी दिया है। यमन की अदालत ने निमिषा की फांसी की तारीख 16 जुलाई तय कर दी थी। हालांकि सुन्नी ग्रैंड मुफ्ती कांथापुरम एपी अबूबकर मुसलियार की मध्यस्थता के बाद उनकी फांसी की तारीख टाल दी गई थी। निमिषा की बेटी मिशेल और पति थॉमस इस समय यमन के सना में हैं। वीडियो में मिशेल कहती हैं, आई लव यू मां। थॉमस भी निमिषा की सजा को टालने के लिए हूती प्रशासन को धन्यवाद देते हैं। वहीं ईसाई पादरी किलारी आनंद पॉल स्पष्ट रूप से यमन की सरकार को दुनियाभर में शांति और प्रेम का उदाहरण पेश करने का आमंत्रण देते हैं। किलारी आनंद आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं। वह अमेरिका के संगठन ग्लोबल पीस इनिशिएटिव के संस्थापक हैं।

# नई ओबीसी लिस्ट को लेकर ममता सरकार को राहत

### सुप्रीम कोर्ट ने HC के फैसले पर लगाई रोक

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को बड़ी राहत देते हुए हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें ओबीसी वर्ग की नई सूची बनाने से सरकार को रोक दिया गया था। पश्चिम बंगाल की सरकार ने हाल में ही ओबीसी ए और ओबीसी बी श्रेणियों में 140 उपवर्गों को आरक्षण देने के लिए नई सूची की अधिसूचना जारी की थी। हालांकि 17 जून को कलकत्ता हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। रिपोर्ट्स की मानें तो ममता सरकार के इस कदम से कई मुस्लिम उपवर्गों को भी ओबीसी के तहत आरक्षण मिल सकता है।

सीजेआई बी आर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एन वी अंजारिया की पीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। अदालत ने कहा कि इस मामले में यथास्थिति बनाए रखना आवश्यक है।

पीठ ने यह कहते हुए कि आरक्षण कार्यपालिका की कार्यप्रणाली का एक हिस्सा है, हाईकोर्ट के उस आदेश को प्रथम दृष्टया गलत बताया और उस पर रोक लगा दी। पीठ ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है! हाईकोर्ट इस तरह कैसे रोक लगा सकता है? आरक्षण कार्यपालिका के कार्यों का हिस्सा है।' पीठ ने आगे कहा, 'जो भी हो, आयोग (ओबीसी) ने कुछ कार्यप्रणाली अपनाई है, जो सही हो सकती है या गलत, इसका फैसला हाई कोर्ट करेगा। प्रथम दृष्टया आदेश गलत है। हम आदेश पर रोक लगाते हैं।'

शीर्ष अदालत ने कहा कि वह उच्च न्यायालय को 6-8 सप्ताह के भीतर इस मामले पर फैसला सुनाने का निर्देश दे सकती है। पीठ ने कहा, 'हम मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध करेंगे कि वह एक विशेष पीठ का गठन करें, जिसमें विद्वान न्यायाधीश, (अध्यक्षता करने वाले को छोड़कर) सभी शामिल हों।'

# युद्ध की भाषा छोड़कर पाकिस्तान से बात करो

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

### महबूबा मुफ्ती की केंद्र से अपील



पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (PDP) प्रमुख और जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को केंद्र सरकार को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि अगर भारत को प्रगति और समृद्धि की राह पर बढ़ना है तो उसे युद्ध की भाषा छोड़कर बातचीत और सुलह का रास्ता अपनाना होगा। श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर पार्क में पार्टी के 26वें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, "जम्मू-कश्मीर के लोग भारत के दुश्मन नहीं हैं। हम सम्मान के साथ शांति चाहते हैं और वह दोस्ती के रास्ते ही संभव है।"

**पाक से बातचीत करे भारत सरकार**

महबूबा मुफ्ती ने भारत-पाक रिश्तों पर खुलकर राय रखते हुए कहा, "अगर हमारा देश दुनिया में अपनी ताकत दिखाना चाहता है और चीन से आगे बढ़ना चाहता है, तो युद्ध की बातों को छोड़कर पाकिस्तान से बातचीत शुरू करनी चाहिए।" उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की कि वह टकराव की राजनीति छोड़कर मेल-मिलाप की नीति अपनाए।

**जम्मू-कश्मीर भारत की विदेश नीति का हिस्सा**

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी जम्मू-कश्मीर के लोग पाकिस्तान के साथ बातचीत की बात करते हैं तो उन्हें "विदेश नीति में दखल" न देने की सलाह दी जाती है। उन्होंने कहा, "मैं दिल्ली सरकार से कहना चाहती हूं कि जम्मू-कश्मीर के बिना भारत की विदेश नीति क्या है? हमारी धरती पर ही युद्ध लड़े जा रहे हैं, तबाही मच रही है। इसलिए हम ज़रूर इसमें दखल देंगे और आपको बिग ब्रदर बनने को कहेंगे।"


महबूबा मुफ्ती ने आगामी एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का हवाला देते हुए कहा कि खेलों को राजनीति से नहीं जोड़ना चाहिए।

# हरिद्वार मंदिर में रिसीवर नियुक्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को हरिद्वार स्थित मां चंडी देवी मंदिर के "सेवायत" द्वारा दायर याचिका पर उत्तराखंड सरकार से जवाब मांगा है। याचिका में उस आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई है। जिसमें बद्री-केदार मंदिर समिति को मंदिर के प्रबंधन के लिए एक रिसीवर नियुक्त करने का निर्देश दिया गया था। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने उत्तराखंड सरकार को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि बद्री केदार मंदिर समिति द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय याचिका के परिणाम के अधीन होगा।

# देश में सामान्य से 7% अधिक वर्षा

## मॉनसून में किस राज्य में कितनी हुई बारिश? | मौसम विभाग ने जारी किए आंकड़े



**नई दिल्ली।** देश में इस समय अलग-अलग हिस्सों में जमकर बारिश हो रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अभी तक हुई बारिश का आंकड़ा जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक, भारत में इस वर्ष 1 जून से मॉनसून की शुरुआत के बाद अब तक सामान्य से 7 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई है, लेकिन बारिश का वितरण राज्यों में असमान रहा है। आईएमडी के अनुसार, अब तक 447.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि सामान्य औसत 418.9 मिमी है। हालांकि क्षेत्रीय स्तर पर बारिश के आंकड़ों में काफी भिन्नता देखी गई है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान, लद्दाख, नागालैंड, मणिपुर और सिक्किम में "सामान्य से बहुत अधिक" वर्षा दर्ज की गई है। जिसे "लार्ज एक्सेस रेनफॉल" की श्रेणी में रखा गया है।

बारिश के राज्यवार आंकड़े

राजस्थान में अब तक 384.7 मिमी वर्षा हुई है, जबकि वहां की सामान्य वर्षा 200.4 मिमी होती है। जो 92 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह लद्दाख में जहां आमतौर पर कम बारिश होती है। वहां 10.7 मिमी के मुकाबले 30 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य से 181 प्रतिशत अधिक है। नागालैंड और मणिपुर में क्रमशः 514.5 मिमी और 457.9 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य के करीब है। जबकि सिक्किम में 598.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जो सामान्य से 78 प्रतिशत अधिक है।

**इन राज्यों में बारिश ने बनाए रिकॉर्ड**

जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 'अधिक वर्षा' (सामान्य से 20 से 59 प्रतिशत अधिक) हुई है। उनमें मध्य प्रदेश, गुजरात, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव, झारखंड और असम शामिल हैं। मध्य प्रदेश में अब तक 645.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो सामान्य से 54 प्रतिशत अधिक है। सामान्य वर्षा 418.4 मिमी होती है।

# शेपवियर पहनें पेटीकोट



अगर आपको लगता है कि आप साड़ी में ज्यादा मोटी लगती हैं और आपके लव हैंडल भी ज्यादा विजिबल होते हैं, तो ट्रेडिशनल पेटीकोट की जगह शेपवियर पहन सकती हैं। शेपवियर पेटीकोट बेली और वेस्ट को डिफाइन करते हैं, जिससे फैट कम लगता है। ये पेटीकोट साड़ी के फॉल को भी मेंटेन करते हैं और ओवरऑल लुक भी काफी स्मूद आता है।

### ब्लाउज से करें स्मार्ट कवर-अप

वेस्ट पर ज्यादा फैट दिखता है, तो ब्लाउज का सही डिजाइन पिक कर के आप उसे स्मार्ट कवर-अप कर सकती हैं। ऐसे ब्लाउज पीस चुनें जो वेस्ट के पास कवरेज देते हैं, जिससे आपके लव हैंडल्स नेचुरली हाइड हो जाएं। वेस्ट लैंग्थ जैकेट, पेप्लम ब्लाउज या अंगरखा पैटर्न ब्लाउज, बेस्ट रहेंगे। ये आपको अलग हटकर एक स्टेटमेंट लुक भी देंगे।

### बेल्ट के साथ क्रिएट करें इल्यूजन


आजकल साड़ी के साथ बेल्ट वियर करना एक फैशन स्टेटमेंट बन चुका है। ये हैक आपको स्लिम लुक देने में भी मदद कर सकता है। साड़ी के पल्लू के ऊपर जब आप बेल्ट वियर करती हैं, तो वो आपकी वेस्टलाइन को डिफाइन करता है और लव हैंडल्स नेचुरली हाइड हो जाते हैं। अपनी चॉइस के मुताबिक आप लेदर बेल्ट, एंब्रायडरी या फैब्रिक वाली बेल्ट चूज कर सकती हैं। इसे सेंटर में वियर करें ताकि साइड बल्ज नेचुरली कम लगेंगे।

### ये साड़ी ड्रेपिंग स्टाइल ट्राई करें

लव हैंडल्स को हाइड करने के लिए आप साड़ी ड्रेपिंग का एक हैक भी ट्राई कर सकती हैं। ड्रेपिंग एक्सपर्ट ने एक वीडियो शेयर करते हुए इस हैक को साझा किया है। इसके लिए अपने पल्लू को घुमाते हुए अपनी राइट साइड की तरफ ले आएं। अब इसे पिन की मदद से सिक्योर कर लें। अब पल्लू की प्लीट्स बनाएं और इसे पिन की मदद से शोल्डर पर सिक्योर कर लें। लूज फैब्रिक पर भी सेफ्टी पिन लगाएं। ये ड्रेपिंग स्टाइल ना सिर्फ आपके लव हैंडल्स को हाइड करेगा बल्कि आपकी साड़ी की शेप भी काफी सुंदर आएगी।

# नाग पंचमी आज

## करें देवता के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना



श्रावण शुक्ल पंचमी को मनाई जाने वाली नाग पंचमी 2025 इस बार 29 जुलाई, मंगलवार को है। इस दिन नाग देवता की पूजा कालसर्प दोष से मुक्ति और जीवन में शांति के लिए की जाती है। ऐसी मान्यता हैं कि नाग देवता के पूजा-अर्चना करने से परिवार की रक्षा और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। पंचांग के अनुसार सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि का प्रारंभ 28 जुलाई को रात 11 बजकर 24 मिनट पर हो रहा है। ऐसे में नागपंचमी का पर्व मंगलवार 29 जुलाई को मनाई जाएगी। नाग पंचमी के दिन नाग देवता के साथ-साथ भगवान भोलेनाथ की आराधना करना भी काफी शुभ माना जाता है। इस दिन शिवलिंग का कच्चे दूध से अभिषेक करना चाहिए।

### नाग पंचमी का पौराणिक महत्व और कथा

नाग पंचमी का महत्व सनातन धर्म में अत्यंत पवित्र माना गया है। भविष्य पुराण के अनुसार, इस दिन नाग लोक में विशेष उत्सव होता है। जो व्यक्ति पंचमी तिथि को नागों को गाय के दूध से स्नान कराता है और पूजा करता है। एक प्रसिद्ध कथा के अनुसार, राजा जन्मेजय ने अपने पिता की मृत्यु के प्रतिशोध में नाग यज्ञ करवाया था जिसमें हजारों नाग अग्नि में जलने लगे। तभी आस्तिक मुनि ने यज्ञ को रोककर नागों की रक्षा की थी। यह घटना श्रावण शुक्ल पंचमी के दिन हुई थी, इसलिए यह तिथि नागों के लिए अत्यंत प्रिय मानी जाती है।

### कैसे करें नाग पंचमी की पूजा?

स्कंद पुराण में बताई गई पूजा विधि के अनुसार पंचमी के दिन स्वर्ण, चांदी, मिट्टी या लकड़ी से बने पांच फनों वाले नाग की मूर्ति बनाएं। घर के द्वार के दोनों ओर गोबर से नाग चित्रित करें। दूध, दही, फूल (कनेर, मालती, चमेली), अक्षत, गंध, धूप और दीपक से नाग देवता की पूजा करें। दूध से नाग देवता का अभिषेक करें। पूजा के बाद ब्राह्मणों को भोजन कराएं।

### नाग पंचमी पर क्या करें और क्या न करें?

इस दिन सर्पों की हत्या या उन्हें परेशान करने से बचें। भूमि खुदाई या गड्ढे खोदने से परहेज करें क्योंकि नागों का घर माना जाता है। मिट्टी के नाग बनाकर उनकी पूजा करना विशेष फलदायी होता है। पूजा के बाद "ॐ नम: शिवाय" और नाग गायत्री मंत्र का जप करें।



# सबसे ट्रेंडिंग डिजाइनों में अब मोती के पायल



सबसे ट्रेंडिंग पायल डिजाइनों में अब मोती के पायल छाए हुए हैं। जानिए कैसे ये नाजुक और खूबसूरत पायल आपके लुक को बना सकते हैं और भी स्टाइलिश। देखें लेटेस्ट डिजाइन और फैशन ट्रेंड। आजकल फैशन में हर दिन कुछ नया देखने को मिल रहा है। पायल के डिजाइनों में भी अब बदलाव आ गया है। जहां पहले सोने या चांदी की पायल ट्रेंड में थीं वहीं अब मोती से बनी पायलें लड़कियों और महिलाओं के बीच खूब पसंद की जा रही हैं। ये पायलें दिखने में नाजुक, खूबसूरत और हर ड्रेस के साथ परफेक्ट लगती हैं। अगर आप भी अपने लुक में कुछ नया और ट्रेंडी जोड़ना चाहती हैं तो मोती के ये नए पायल डिजाइन जरूर ट्राय करें।

**सिंगल लेयर पर्ल पायल :** यह एक पतली चेन होती है जिसमें छोटे-छोटे सफेद मोती लगे होते हैं।सिंपल और एलिगेंट लुक देती है। कॉलेज या ऑफिस वियर के लिए परफेक्ट होती है।मॉडर्न और ट्रेडिशनल दोनों ड्रेसेज के साथ जंचती है।

**डबल लेयर मोती पायल :** दो लेयर में बनी होती है पहली में छोटे मोती और दूसरी में थोड़े बड़े मोती। पहनने पर पैर को भरपूर और सुंदर लुक देती है। शादी या तीज जैसे खास मौकों के लिए बेस्ट।

**झूमर स्टाइल पायल :** इस डिजाइन में मोतियों से झूमर जैसा लटकता हुआ लुक होता है।चलने पर हल्की आवाज और लहराती डिजाइन इसे खास बनाती है।यह पायल दुल्हनों के लिए बहुत पसंद की जाती है।

# चेहरे पर चमक पाने के लिए करें आयुर्वेदिक फेशियल



चेहरे पर चमक पाने के लिए नेचुरल चीजों का इस्तेमास करना सबसे अच्छा है। अपनी स्किन को चमकाने के लिए आप आयुर्वेदिक फेशियल करें। इस फेशियल में सभी नेचुरल चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। इस फेशियल से आपकी स्किन तुरंत चमक उठेगी। अच्छी बात यह है कि इस फेशियल को आप खुद ही कर सकती हैं।

**स्टेप 1 क्लीनिंग**

फेस क्लीन करने के लिए आपको चाहिए 1 बड़ा चम्मच बेसन, 1 छोटा चम्मच कच्चा दूध और एक चुटकी हल्दी। इसे यूज करने के लिए तीनों चीजों का एक चिकना पेस्ट बना लें। फिर नम स्किन पर धीरे से मालिश करें और धो लें। ये ऑयल कंट्रोल करने के साथ स्किन को डीप क्लीन करने में मदद करता है।

**स्टेप 2 एक्सफोलिएशन**

स्किन से गंदगी के साथ पोर्स को साफ करने के लिए 1 छोटा चम्मच संतरे के छिलके का पाउडर, 1 छोटा चम्मच शहद और नींबू के रस की कुछ बूंदें लें। सभी चीजों को मिला लें और फिर हल्के हाथों से सर्कुलर मोशन में मालिश करें। फिर गुनगुने पानी से धो लें। डेड स्किन को हटाने के लिए ये बेस्ट है।

**स्टेप 3 भाप लें**

भाप लेने के लिए गर्म पानी में तुलसी के पत्ते और कुछ गुलाब की पंखुड़ियां मिलाएं। फिर अपने चेहरे पर 3-4 मिनट तक भाप लें। इससे रोम छिद्र खुल जाते हैं और चेहरे की डीप क्लीनिंग होती है।

**स्टेप 4 हर्बल फेस पैक**

फेशियल के सबसे जरूरी स्टेप में से एक फेस पैक को बनाने के लिए 1 बड़ा चम्मच चंदन पाउडर, 1 छोटा चम्मच एलोवेरा जेल और गुलाब जल को एक साथ मिलाएं। फिर इस पैक की चेहरे पर एक परत लगाएं। 15 मिनट तक लगा रहने दें। फिर ठंडे पानी से धो लें।

**स्टेप 5 टोनिंग**

फेस पैक हटाने के बाद चेहरे पर गुलाब जल लगाएं। ये छिद्रों को कसने का काम करता है।



# वास्तु के अनुसार घर में पैसा रखने के तरीके

पैसा कमाना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है उसे सही तरीके से संभालना। कई बार हम खूब मेहनत तो करते हैं, लेकिन फिर भी पैसे की किल्लत बनी रहती है। इसका कारण आपकी कमाई नहीं, बल्कि वास्तु दोष हो सकता है। वास्तु शास्त्र में बताया गया है कि घर में पैसे को किस दिशा में, कैसे और किन बातों का ध्यान रखकर रखना चाहिए, ताकि मां लक्ष्मी की कृपा हमेशा बनी रहे।

**गलत तरीके से पैसा रखने से आती है दरिद्रता**

वास्तु शास्त्र के अनुसार, अगर पैसे को गलत दिशा या गंदे स्थान पर रखा जाए, तो उसका नकारात्मक असर व्यक्ति की आर्थिक स्थिति पर पड़ता है। इससे पैसे की बचत नहीं होती, खर्च बढ़ते हैं और कर्ज भी चढ़ सकता है। पैसे से जुड़ी ये 7 वास्तु टिप्स अपनाएं-

**हमेशा उत्तर दिशा में रखें अलमारी**

वास्तु के अनुसार, उत्तर दिशा को कुबेर की दिशा माना गया है। इस दिशा में पैसे रखने से धन की वृद्धि होती है। कोशिश करें कि लॉकर या अलमारी इस दिशा की दीवार से सटी हो और उसका दरवाजा उत्तर या पूर्व दिशा में खुले।

**लॉकर या तिजोरी जमीन से थोड़ी ऊपर रखें**

पैसे रखने की अलमारी या लॉकर को जमीन पर न रखें। इसे हमेशा दीवार से सटाकर रखें और कम से कम 1 से 2 फीट ऊपर रखें। इससे सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है।

**पैसे के साथ गंदगी या रद्दी न रखें**

पैसा रखने वाली जगह को साफ और व्यवस्थित रखें। वहां पुराने बिल, रद्दी कागज, टूटे हुए सिक्के या खराब तस्वीरें न रखें। ये नकारात्मकता फैलाते हैं और लक्ष्मी का अपमान होता है।

तिजोरी में रखें लाल कपड़ा और चांदी का सिक्का

पैसे के साथ लाल कपड़ा, कुछ चावल और चांदी का सिक्का या लक्ष्मी गणेश की तस्वीर रखें। यह शुभ संकेत देता है और सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है।



**तिजोरी के सामने दर्पण लगाएं**

अगर संभव हो तो लॉकर या तिजोरी के सामने एक छोटा दर्पण लगाएं। यह पैसा दोगुना होने का प्रतीक माना जाता है। वास्तु में इसे धन वृद्धि का उपाय बताया गया है।

अलमारी में न लगाएं ताला लंबे समय तक

अगर आप पैसे की अलमारी को लंबे समय तक बंद या बिना उपयोग के छोड़ देते हैं, तो यह स्थायी ठहराव का संकेत देता है। कोशिश करें कि समय-समय पर उसका उपयोग होता रहे।

**रोजाना दीपक जलाएं और मंत्र पढ़ें**

जहां आप पैसा रखते हैं, वहां नियमित रूप से दीपक जलाएं और लक्ष्मी मंत्र (ॐ श्रीं महालक्ष्म्यै नम:) का जप करें। यह धन की ऊर्जा को स्थिर करता है और घर में समृद्धि लाता है।

**इन गलतियों से बचें**

पैसे को बाथरूम या किचन के पास न रखें। पैसे के साथ नुकीली या लोहे की वस्तुएं न रखें। किसी और को बार-बार तिजोरी खोलने की अनुमति न दें।



# करियर की दौड़ में मेंटल हेल्थ को न करें नजरअंदाज

आज की भागदौड़ भरी लाइफ में काम का प्रेशर बहुत ज्यादा होते जा रहा है। लोग बेहतर करियर, ज्यादा पैसा और सफलता पाने के लिए अपना ख्याल रखना भूलते जा रहे हैं। ऐसे में अपने मेंटल हेल्थ को लंबे समय तक नजरअंदाज करके काम करना हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। अगर आप भी घर बैठे वर्क फ्रॉम होम या ऑफिस जाकर काम करते हैं और अपने मेंटल हेल्थ को बेहतर बनाए रखना चाहते हैं, तो आज आपको इस आर्टिकल में काम करते हुए मेंटल हेल्थ का खास ख्याल रखने के टिप्स के बारे में



**समय का सही इस्तेमाल**

काम करते वक्त समय का सही इस्तेमाल करना बहुत जरूरी होता है। आपको काम करने के दौरान अपने मन को शांत और एक जगह पर स्थिर रखना चाहिए। इससे आपका दिमाग सही तरीके से काम करने में फोकस करता है।

**हेल्दी लाइफस्टाइल**

अच्छी मेंटल हेल्थ के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल बहुत आवश्यक है। इसके लिए आपको सबसे पहले हेल्दी और पौष्टिक सब्जी, फल खाना चाहिए। ये आपके शरीर और दिमाग दोनों को ऊर्जा देने में मदद करता है।

**नींद पूरी करना**

इसके लिए आपको रोजाना 7-8 घंटे की पूरी नींद लेना चाहिए, क्योंकि नींद पूरी न हो तो थकान और चिड़चिड़ापन बढ़ सकता है। इसके अलावा, आपको रोज एक्सरसाइज या योग करना चाहिए, जिससे आपक बॉडी भी फिट रहे।

**सोशल मीडिया से दूरी रखें**

दिन भर मोबाइल और लैपटॉप चलाने से दिमाग थक जाता है, जिससे टेंशन बढ़ता है। आप हर दिन कुछ समय के लिए स्क्रीन से दूर रहें। इसके अलावा, सोशल मीडिया से थोड़ी दूरी, ईमेल और मैसेज चेक करने का एक अलग टाइम बनाएं। बार-बार नोटिफिकेशन देखने की आदत से मन भटकता है, जिससे मानसिक तनाव बढ़ता है।

# भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम की घोषणा

## तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन को टीम में किया शामिल






**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने 28 जुलाई को एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। तेज गेंदबाज ऑलराउंडर जेमी ओवरटन को टीम में शामिल किया गया है। ओवरटन को कप्तान बेन स्टोक्स के कवर के तौर पर शामिल किया गया है, जिन्हें मैनचेस्टर टेस्ट के दौरान हैमस्ट्रिंग की समस्या हो गई थी। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ होने वाले पांचवें टेस्ट मैच के लिए एक ऑलराउंडर जेमी ओवरटन की टीम में वापसी की है। यह मैच सीरीज का निर्णायक मुकाबला होगा और दोनों ही टीमें जीत के इरादे से मैदान में उतरेंगी। भारतीय टीम इंग्लैंड को उनके घरेलू मैदान पर कड़ी टक्कर देगी। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। पांचवें और अंतिम टेस्ट में भारतीय टीम जीत के इरादे से उतरेगी कप्तान शुभमन गिल की अगुआई में भारतीय टीम इस मुकाबले को जीतकर सीरीज 2-2 से ड्रॉ करना चाहेगी। भले ही इंग्लैंड की टीम आक्रामक क्रिकेट खेल रही है लेकिन भारतीय टीम ने अब तक बेहतरीन जज्बा और संयम दिखाया है। इंग्लैंड पर दबाव बनाने के लिए पांचवें टेस्ट मैच में बल्लेबाजो को बड़ा स्कोर बनाना होगा वही गेंदबाजो को भी महत्वपूर्ण समय पर विकेट लेना होगा।

### भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), जोश टंग, क्रिस वोक्स।

# पंत इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट से बाहर

## तमिलनाडु के विकेटकीपर बल्लेबाज नारायण जगदीशन को टीम में किया गया शामिल

**मैनचेस्टर।** चौथे टेस्ट मैच के दौरान बल्लेबाजी करते समय चोट लगने के बाद भारतीय उप कप्तान ऋषभ पंत एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 के पांचवे टेस्ट मैच से बाहर हो गए है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा सीरीज के आखिरी मुकाबले के लिए उनकी जगह तमिलनाडु के विकेटकीपर बल्लेबाज नारायण जगदीशन को टीम में शामिल किया गया है। इंग्लैंड खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान पंत के दाहिने पैर में फ्रैक्चर हो गया और बीसीसीआई की टीम उनकी स्थिति पर नजर रख रही है। मैच के पहले दिन बल्लेबाजी करते हुए पंत चोटिल हो गए जिससे कि विकेटकीपर बल्लेबाज पंत को बीच में ही मैदान छोड़कर बाहर जाना पड़ा। फिर रवींद्र जडेजा ने वाशिंगटन सुंदर के साथ पारी को आगे बड़ाया। बीसीसीआई ने एक विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए कहा, 'ऋषभ पंत, जिन्हें मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान दाहिने पैर में फ्रैक्चर हो गया था, श्रृंखला के पांचवें और अंतिम टेस्ट से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नज़र रखेगी और टीम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है। बीसीसीआई ने एक विज्ञप्ति में कहा कि पुरुष चयन समिति ने पांचवें टेस्ट के लिए ऋषभ पंत के प्रतिस्थापन के रूप में नारायण जगदीशन का नाम लिया है, जो 31 जुलाई, 2025 को केनिंग्टन ओवल, लंदन में शुरू होगा।' पंत इस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजो में से थे, उन्होंने सात पारियों में 479 रन बनाए, जिसमें दो शतक और तीन अर्धशतक शामिल है।



### पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम

शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज, अर्शदीप सिंह, एन जगदीसन (विकेटकीपर)।




## ऋषभ पंत ने टीम से बाहर जाते-जाते दिया खास संदेश

भारत ने मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथा टेस्ट मैच ड्रॉ कराया. लेकिन इस मैच की पहली पारी में ऋषभ पंत चोटिल होने के बावजूद क्रीज पर उतरे और अर्धशतक जड़ दिया. टीम प्रबंधन ने कहा था कि, अगर जरूरत पड़ी तो पंत दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए तैयार हैं. लेकिन उन्हें दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने के लिए बाहर आने की जरूरत नहीं पड़ी. राहुल, गिल, जडेजा और सुंदर ने शानदार प्रदर्शन किया और मैच ड्रॉ कराने में सफल रहे. पंत अब पांचवें टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं. पंत ने टीम से बाहर होने के तुरंत बाद टीम को एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है. पंत ने कहा, 'मेरी टीम के लिए मेरा एक ही संदेश है. दोस्तों, अगला मैच जीतते हैं. देश के लिए मैच जीतते हैं. व्यक्तिगत लक्ष्यों के बारे में सोचे बिना मैं टीम को जीतने या आगे बढ़ने में यथासंभव मदद करना चाहता हूं. यह अच्छा है कि मेरे सभी साथी ऐसे समय में मेरे पीछे खड़े हैं. जब आप अपने देश के लिए खेलते हैं, तब भी जब आप दबाव में होता है तो हर कोई टीम का समर्थन करता है. अपने देश के लिए खेलना मेरे लिए हमेशा गर्व की बात है'।

### गौतम गंभीर ने पंत को बधाई दी



कोच गंभीर ने भी पंत को जवाब दिया, 'मैं कभी व्यक्तिगत प्रदर्शन की बात नहीं करता. मुझे यह पसंद भी नहीं है लेकिन, मैनचेस्टर टेस्ट में ऋषभ पंत ने अपने अर्धशतक से जो नींव रखी, वह महत्वपूर्ण थी. मैं इस अवसर पर पंत को बधाई देता हूं. उनका काम न केवल ड्रेसिंग रूम के लिए बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए भी प्रेरणा है. देश को आप पर हमेशा गर्व रहेगा'।

# तेजस्विन ने विस्लो जापिएवस्की मेमोरियल में अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया



**नई दिल्ली।** तेजस्विन शंकर रविवार को पोलैंड में विस्लो जापिएवस्की मेमोरियल में चौथे स्थान पर रहते हुए डेकाथलॉन में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 10 खेलों वाली इस कठिन स्पर्धा में 7800 अंक हासिल करने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए। उन्होंने प्रतियोगिता में 7826 अंक हासिल किए। यह प्रतियोगिता विश्व एथलेटिक्स की 'कंबाइंड इवेंट्स टूर गोल्ड' स्तर की मीट थी। उन्होंने आखिरी मुकाबले (1500 मीटर) में 4:31.80 का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। शंकर के नाम 7666 अंकों के साथ डेकाथलॉन का राष्ट्रीय रिकॉर्ड था, जो उन्होंने चीन के हांगझोऊ में 2023 एशियाई खेलों में बनाया था। प्रतियोगिता के पहले दिन के अंत तक 26 वर्षीय भारतीय ने 4292 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

उन्होंने खेल के 10 स्पर्धाओं में 100 मीटर दौड़ में 11.02 सेकंड का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किया था। लंबी कूद में उन्होंने 7.57 मीटर के सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ अपनी गति बनाए रखी। यह 2023 में बनाए गए उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 7.62 मीटर से केवल पांच सेंटीमीटर कम था। उन्होंने गोला फेंक में 12.62 मीटर मामूली प्रदर्शन किया और फिर ऊंची कूद में 2.18 मीटर की ऊंचाई पार की।

# एशिया कप में नहीं दिखेगा ऋषभ पंत का जलवा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने देर रात सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। पंत की जगह विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन को टीम में शामिल किया गया है। साथ ही बोर्ड ने 5वें टेस्ट के लिए टीम का नया स्क्वॉड भी जारी कर दिया है। ऋषभ पंत को मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए चौथे टेस्ट के पहले दिन पैर में गंभीर चोट लगी थी। चोट लगने के बाद उन्हें मैदान से बाहर ले जाया गया था। हालांकि इसके बावजूद उन्होंने दूसरे दिन लंगड़ाते हुए मैदान पर उतरकर शानदार अर्धशतक जड़ा। उनकी यह जुझारू पारी सबको प्रभावित कर गई थी। लेकिन अब उनकी चोट की स्थिति को देखते हुए उन्हें आराम देने का फैसला किया गया है। चोट के कारण पंत को अब करीब 6 हफ्तों तक क्रिकेट से दूर रहना पड़ेगा। मेडिकल टीम की सलाह के अनुसार उन्हें पूरी तरह से फिट होने तक कोई मुकाबला नहीं खेलने दिया जाएगा। पंत की यह चोट ऐसे समय आई है जब भारतीय टीम को आने वाले महीनों में कई बड़े टूर्नामेंट और सीरीज खेलने हैं। एशिया कप 2025 की शुरुआत 9 सितंबर से होनी है और इस बार यह टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। पंत की चोट की रिकवरी टाइमलाइन एशिया कप से टकरा रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि टीम मैनेजमेंट उन्हें जल्दबाज़ी में मैदान में नहीं उतारना चाहेगा। इस वजह से वह एशिया कप के 3 से 7 मैच तक मिस कर सकते हैं, जो भारत के ग्रुप स्टेज प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। अगर सब कुछ सही रहा और पंत तय समय पर फिट हो गए, तो वह भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाली टेस्ट सीरीज से वापसी कर सकते हैं। यह सीरीज अक्टूबर में शुरू होगी और पहला मैच 2 अक्टूबर को अहमदाबाद में खेला जाएगा। हालांकि उनकी वापसी का अंतिम फैसला मेडिकल रिपोर्ट और फिटनेस टेस्ट के बाद लिया जाएगा।

**छह हफ्तों के लिए बाहर**



इंग्लैंड सीरीज में शानदार प्रदर्शन

पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ अब तक खेले गए 4 टेस्ट मैचों की 7 पारियों में 68.42 की औसत से कुल 479 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 2 शतक और 3 अर्धशतक जड़े हैं। वह अभी तक इस सीरीज में भारत की ओर से तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

# महिला एकल में लेयला फर्नांडीज बनीं चैंपियन

## पुरुषों में डी मिनौर ने जीता डीसी ओपन का खिताब






**वॉशिंगटन।** लेयला फर्नांडीज और एलेक्स डी मिनौर ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करके डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग का खिताब जीता। कनाडा की 22 वर्षीय खिलाड़ी फर्नांडीज ने अगले महीने होने वाले अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण इस हार्ड कोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल में अन्ना कालिन्स्काया को 6-1, 6-2 से हराया। अमेरिकी ओपन 2021 की उपविजेता फर्नांडीज ने अपनी चौथी एकल ट्रॉफी जीती। उन्होंने अपनी सभी ट्रॉफी हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंटों में जीती हैं। यह पहला अवसर है जबकि उन्होंने किसी डब्ल्यूटीए 500 प्रतियोगिता में खिताब जीता। पुरुष वर्ग में सातवें वरीय एलेक्स डी मिनौर ने फाइनल में तीन चैंपियनशिप अंक बचाकर 12वें नंबर के एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना पर 5-7, 6-1, 7-6 (3) की जीत के साथ अपना 10वां एटीपी और हार्ड कोर्ट पर आठवां खिताब जीता।

# गंभीर के रणनीतिक फैसलों से खुश नहीं हैं मांजरेकर

## मैनचेस्टर टेस्ट के बाद लगाई लताड़, कहा- शांत रहो



**मैनचेस्टर।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि मुख्य कोच गौतम गंभीर को थोड़ा शांत रहने की जरूरत है। मांजरेकर दिग्गज के रणनीतिक फैसलोंसे खुश नहीं हैं। बता दें कि, भारत और इंग्लैंड के बीच खेला या चौथा टेस्ट मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। फिलहाल इंग्लैंड इस सीरीज में 1-2 से आगे है और अब दोनों टीमों का सामना आखिरी टेस्ट मैच में होगा, जो 31 जुलाई से द ओवल में खेला जाएगा। मांजरेकर ने कहा कि बाएं हाथ के पूर्व बल्लेबाज गंभीर लाल गेंद के प्रारूप में रणनीतिक रूप से सही नहीं रहे हैं। मांजरेकर ने कहा, 'मुझे लगता है कि उनके (गंभीर) कुछ रणनीतिक फैसलों के बावजूद भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया है। यह नहीं भूलें कि भारत न्यूजीलैंड से अपने घर में 0-3 से हारा और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी सरजमीं पर आसानी से हार गया। इस टीम में हमने जो संघर्ष देखा है? वह खिलाड़ियों की वजह से है। क्योंकि रणनीतिक तौर पर गंभीर ने हमेशा चीजों को आसान नहीं बनाया है, विशेषकर चयन से जुड़े अपने कुछ फैसलों के साथ।' मांजरेकर ने मुख्य कोच से यह भी आग्रह किया कि वह हर विरोधाभासी राय को बिना सोचे-समझे आलोचना नहीं समझें क्योंकि पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज ने कप्तान शुभमन गिल के आलोचकों पर पलटवार करते हुए उन्हें क्रिकेट की समझ की कमी वाला व्यक्ति बताया था। गंभीर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेन्स में कहा, 'शुभमन गिल की प्रतिभा पर कभी कोई संदेह नहीं था। अगर किसी को संदेह था तो शायद उन्हें क्रिकेट की समझ नहीं है। कुछ खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जमने में समय लगता है। इस दौरे पर उसने जो किया उससे इस ड्रेसिंग रूम में कोई भी हैरान नहीं है।'गंभीर ने आगे कहा, 'अगर उन्होंने वैसा प्रदर्शन नहीं भी किया होता जैसा उन्होंने किया, तब भी हमें उनकी प्रतिभा पर पूरा भरोसा होता। मायने यह रखता है कि वह अपनी उम्मीदों और क्षमता पर खरे उतर रहे हैं।

# भारत-पाक एशिया कप पर बयान देने पर बुरी तरह फंसे गांगुली



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और 'दादा' के नाम से मशहूर सौरव गांगुली अपने एक हालिया बयान के चलते सोशल मीडिया पर बुरी तरह घिर गए हैं। उन्होंने एशिया कप 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच को लेकर टिप्पणी की थी, जिसके बाद से उन्हें फैंस की भारी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। एशिया कप 2025 का शेड्यूल जारी हो चुका है और इस टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान का बहुप्रतीक्षित मुकाबला 14 सितंबर को खेला जाएगा। इसी मैच को लेकर जब सौरव गांगुली से पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'मुझे इससे कोई समस्या नहीं है। खेल चलते रहना चाहिए। पहलगाम में जो हुआ, वो नहीं होना चाहिए लेकिन खेल जारी रहना चाहिए। आतंकवाद नहीं होना चाहिए, इसे रोका जाना चाहिए। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है।' गांगुली के इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो रहा है और कई फैंस इसे संवेदनहीन बता रहे हैं। लोगों का मानना है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद ऐसे बयान से बचना चाहिए था।

# इंग्लैंड ने जीता महिला यूरो कप का खिताब

## विश्व चैंपियन स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में हराया




**बासेल।** गत विजेता इंग्लैंड ने विश्व चैंपियन स्पेन को पेनल्टी शूट आउट में 3-1 से पराजित करके लगातार दूसरी बार महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2025) का खिताब जीता। इंग्लैंड ने इस तरह से स्पेन से विश्व कप 2023 के फाइनल में मिली हार का बदलाव की चुकता कर दिया। स्पेन खिताबी हैट्रिक पूरी करने में नाकाम रहा। उसने विश्व कप के अलावा 2024 में यूईएफए नेशंस लीग का खिताब भी जीता था। स्पेन ने मैरियोना काल्डेन्ते के 25वें मिनट में हेडर से किए गए गोल से बढ़त बनाई। इंग्लैंड की तरफ से एलेसिया रुस्सो ने 57वें मिनट में हेडर से गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इससे अतिरिक्त समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबरी पर था। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लेना पड़ा। टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई स्पेन की स्टार ऐताना बोनमाटी ने कहा, 'हम टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम थे, लेकिन कभी-कभी यह पर्याप्त नहीं होता। हमारी नजर अब 2027 में ब्राजील में होने वाले विश्व कप पर है।' शूटआउट में बोनमाटी की स्पॉट किक इंग्लैंड की गोलकीपर हन्ना हैम्पटन द्वारा बचाए गए दो गोल में से एक थी। मैरियोना काल्डेन्ते की पेनल्टी भी बचा ली गई थी।

# लीजेंड्स चैंपियनशिप में लगातार तीसरी हार से भारत लगभग बाहर

## 23 रन से जीता इंग्लैंड, बोपारा का शतक



**लीड्स।** विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में लगातार तीसरी हार के साथ भारतीय टीम लगभग सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी है। युवराज सिंह की अगुआई वाली भारत चैंपियंस टीम को रविवार को इंग्लैंड चैंपियंस ने 23 रन से हरा दिया। इंग्लैंड के लिए जीत के हीरो रवि बोपारा रहे। उन्होंने शतक जड़ा। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 223 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 200 रन ही बना सकी। भारत का इस लीग में आखिरी ग्रुप स्टेज मैच 29 जुलाई को वेस्टइंडीज चैंपियंस के खिलाफ है।

पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से इनकार करने के बाद भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका ने 88 रन से और ऑस्ट्रेलिया ने भी चार विकेट से हराया था। भारत चैंपियंस टीम छह टीमों की अंक तालिका में सबसे नीचे है। उसके पास चार मैचों में तीन हार और एक बेनतीजा के साथ एक अंक है। वहीं, इंग्लैंड की टीम पांच मैचों में एक जीत और तीन हार के साथ तीन अंक लेकर चौथे स्थान पर है। एक मैच उनका बेनतीजा रहा था। एबी डिविलियर्स की अगुआई वाली दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस टीम आठ अंक लेकर शीर्ष पर है।

# श्रेयस अय्यर ने लांच की सोबो मुंबई फाल्कन्स योद्धा की जर्सी

## 13 खिलाड़ियों के अनुबंधों को हरी झंडी दिखाई



**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर श्रेयस अय्यर ने आगामी प्रो- गोविंदा लीग सीज़न 3 के लिए सोबो मुंबई फाल्कन्स योद्धा की आधिकारिक जर्सी का अनावरण किया, जो न केवल एक नए सीज़न की शुरुआत है, बल्कि भारत के उभरते खेल परिदृश्य में एक बड़ी छलांग भी है। इस पहल के मूल में एक बड़ा उद्देश्य निहित है - प्रतिभाओं को निखारने, पारंपरिक प्रारूपों को आगे बढ़ाने और भारतीय खेलों की सीमाओं को आगे बढ़ाने की गहरी प्रतिबद्धता।

मुंबई फाल्कन्सने टी-20 मुंबई लीग के फाइनल में पहुँचकर पहले ही सुर्खियाँ बटोर ली हैं, और अब वे अपनी विरासत को सीमाओं से आगे बढ़ा रहे हैं। अय्यर, जिन्होंने हाल ही में अपनी पंजाब किंग्ज टीम को आईपीएल फ़ाइनल तक पहुँचाया, उसने मुंबई फाल्कन्स क्लब और कॉर्पोरेट टीम के सदस्यों को पहला खिलाड़ी अनुबंध प्रदान किया। यह अपनी तरह का पहला आधिकारिक अनुबंध समारोह था। घरेलू प्रारूपों को पेशेवर बनाने और अप्रयुक्त क्षमता को पहचानने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

श्रेयस अय्यर ने कहा, 'मुझे मुंबई फाल्कन्स के साथ जुड़ने पर गर्व है। यह सिर्फ़ खेल के बारे में नहीं है - यह पहचान, टीम वर्क और उन लोगों के लिए रास्ते बनाने के बारे में है जो अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं।' हमारी कुछ सबसे समृद्ध परंपराएँ मुख्यधारा के खेलों जितना ही अनुशासन और कौशल की माँग करती हैं, और अब समय आ गया है कि उन्हें उनका हक़ मिले। लॉन्च में आगामी स्वदेशी लीग सीज़न का सीमित ज़िक्र था, जहाँ योद्धा अपने नए रंगों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। हालाँकि, दिन का सबसे बड़ा आकर्षण 13 आधिकारिक खिलाड़ी अनुबंधों की घोषणा थी, जो कल शुरू होने वाले हैं - जिनका चयन पूरी तरह से योग्यता और प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा, ताकि टीम की सीमाओं से परे जाकर सभी उभरते एथलीटों को समर्थन दिया जा सके।

**स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म 'वॉर 2' को लेकर सरगर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। साल 2009 की सुपरहिट 'वॉर' के इस सीक्वल को लेकर शोर इसलिए भी है कि जूनियर एनटीआर पर्दे पर ऋतिक रोशन से भिड़ने वाले हैं। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 14 अगस्त को जहां 'वॉर 2' सिनेमाघरों में धूम मचाने आ रही है, वहीं फिल्म की कास्ट और उसकी फीस को लेकर नए दावे चौंकाने वाले हैं। बताया जा रहा है कि मेजर कबीर यानी ऋतिक रोशन इस फिल्म ने 100 करोड़ रुपये की कमाई करने वाले हैं। जबकि जूनियर NTR से लेकर अनिल कपूर और कियारा आडवाणी को भी तगड़ी फीस मिल रही है।**

# ऋतिक कमाएंगे कियारा से 6 गुना अधिक पैसा!

## Jr NTR की फीस अनिल कपूर से 7 गुना ज्यादा



बीते शुक्रवार, 25 जुलाई को YRF ने 'वॉर 2' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज किया। इसमें ऋतिक और जूनियर एटीआर की एक्शन सीन्स ने जहां रोमांच बढ़ाने का काम किया है, वहीं कियारा आडवाणी के किरदार ने भी उत्साह को चरम पर पहुंचाया है। 'वॉर 2' का बजट 400 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। यह YRF के 'स्पाई यूनिवर्स' की अब तक की सबसे महंगी फिल्म है। ऋतिक ने यशराज फिल्म्स के साथ 'वॉर 2' के लिए एक जबरदस्त डील की है। इसके मुताबिक, एक्टर ने फिल्म करने के लिए जहां 50 करोड़ की भारी-भरकम फीस ली है, वहीं इसके साथ ही पोस्ट रिलीज प्रॉफिट शेयरिंग की शर्त भी रखी है। यानी इस फिल्म से मेकर्स को जो भी कमाई होगी, उसका एक हिस्सा ऋतिक रोशन भी मिलेगा। 'वॉर 2' को लेकर जिस तरह की हाईप है, बाजार के जानकार यह मानकर चल रहे है कि इस शर्त की वजह से ऋतिक 'वॉर 2' से कुल कमाई 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर सकते हैं। यदि ऐसा होता है, तो ऋतिक 'स्पाई यूनिवर्स' में सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर्स में शामिल हो जाएंगे। यहां सलमान खान (टाइगर) और शाहरुख खान (पठान) पहले से ही 100 करोड़ से अधकि की आमद के साथ मौजूद हैं।

# जैद से 12 साल उम्र के अंतर पर गौहर ने किया रिएक्ट

**'बिग बॉस 7' की विनर रहीं एक्ट्रेस गौहर खान जल्द ही दूसरे बच्चे को जन्म देने वाली हैं। हालांकि वह काम कर रही हैं। उन्होंने ब्रेक नहीं लिया है। अब देबिना बनर्जी के पॉडकास्ट में उन्होंने पति जैद दरबार से शादी के वक्त उनसे उम्र के अंतर पर होने वाली आलोचना का जिक्र किया है। बताया है कि कैसे-कैसे कमेंट्स सुनने तो मिलते हैं। गौहर खान ने देबिना बनर्जी के पॉडकास्ट में बताया कि उनकी शादी जैद दरबार से हुई नहीं थी लेकिन उसके पहले से ही दोनों के रिश्तों के बारे में मीडिया में लिखा जाने लगा था। एक्ट्रेस ने कहा, 'ये मीडिया ही थी। उनको रिजल्ट पर पहुंचने की बहुत जल्दी होती है। हमारी तरफ से तो कुछ भी पब्लिक नहीं हुआ था और पहली हेडलाइन थी कि 12 साल छोटे से शादी। 12 साल? ये बात कहां से आ गई? पहले एक बार हमसे तो पूछ लो।' गौहर खान ने कहा कि उनके और जैद के लिए उम्र मैटर नहीं करती थी। लेकिन उन्हें ये कॉन्सेप्ट परेशान करता था। 'नंबर्स की कोई दिक्कत नहीं है क्योंकि हमारी इंडस्ट्री में कई कपल्स हैं, जिनमें उम्र का अंतर है। और ये ठीक भी है। लेकिन दिक्कत ये ती कि पहले पूछो तो सही। हम बता देंगे। उस तरह की हेडलाइन्स के बाद हमने कभी कोई स्टेटमेंट नहीं दिया। चाहे फिर वो 2 साल हो या फिर 12 साल। हमें फर्क नहीं पड़ता। जब जैद और मुझे फर्क नहीं पड़ता तो क्या ही फर्क पड़ता है दुनिया क्या बोले।'**

गौहर खान ने आगे बताया कि उनके और जैद के परिवारवाले इस रिश्ते के लिए तैयार थे। और बिना किसी बाहरवाले की राय को सुने, वह पूरा सपोर्ट कर रहे थे। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने और जैद ने प्लान किया था कि वह शादी के बारे में सबको बताएंगे और सबका आशीर्वाद लेंगे लेकिन राय किसी की नहीं लेंगे। दोनों ने एक-दूसरे को अपनी-अपनी फैमिली से मिलवाया। 'उन्हें बताया कि इससे शादी कर रहे और ये डेट है। अगर आशीर्वाद देना है तो आप आइए।' बता दें कि गौहर खान और जैद दरबार ने 25 दिसंबर, 2020 को मुंबई में निकाह किया, जिसमें करीबी लोग शामिल थे फिर तीन साल बाद मई 2023 में, बेटे जेहान को जन्म दिया।



# आयशा जुल्का की इमेज पर मिथुन की फिल्म ने लगाया ऐसा दाग

### करियर पर कलंक की तरह चिपक गई 'दलाल'

साल 1990 के दशक की बॉलीवुड इंडस्ट्री में कई ऐसी ऐक्ट्रेसेस थीं, जिन्होंने अपनी एक्टिंग और खूबसूरती से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। उनमें से एक नाम था आयशा जुल्का, चुलबुली स्वभाव की आयशा को सलमान खान की फिल्म 'कुर्बान' ने पर्दे पर बड़ा मुकाम दिलाया, तो वहीं मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म 'दलाल' ने उनकी छवि पर दाग लगाने का काम किया। वह अपनी फिल्मों की वजह से ही नहीं, बल्कि अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी हमेशा सुर्खियों में बनी रही, जिसके चलते उन्हें उस समय 'मोस्ट कंट्रोवर्शियल न्यूकमर' का टैग दिया गया था। 28 जुलाई 1972 को मुंबई में जन्मीं आयशा बचपन से ही एक्ट्रेस बनने का सपना देखती थी। पहली बार एक बाल कलाकार के तौर पर 'कैसे-कैसे लोग' में दिखीं, ये फिल्म 1983 में रिलीज हुई थी। फिर 1991 में आई 'कुर्बान', इसमें उन्होंने एक जिंदादिली लड़की चंदा का किरदार निभाया। इस फिल्म में उन्होंने कई बड़े कलाकारों के साथ काम किया, जिसमें सलमान खान, सुनील दत्त, कबीर बेदी और गुलशन ग्रोवर जैसे कलाकार शामिल हैं। इन शानदार कलाकारों के बीच आयशा ने अपने अभिनय का लोहा मनवाया, जिसे दर्शकों ने खुले दिल से अपनाया। उस दौर में बॉलीवुड में कई नए चेहरे आ रहे थे, लेकिन आयशा ने अपनी मासूमियत और अभिनय से खुद को जल्दी ही अलग साबित किया। उन्होंने कई बड़ी फिल्मों में काम किया, जिसमें आमिर खान के साथ 'जो जीता वही सिकंदर' और अक्षय कुमार के साथ 'खिलाड़ी' जैसी सुपरहिट फिल्में शामिल हैं। 'जो जीता वही सिकंदर' में उनकी परफॉर्मेंस को दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों ने खूब सराहा। इस फिल्म के चलते आयशा बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस की लिस्ट में शामिल हो गईं।







# बेटी के जन्म के बाद सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे सिद्धार्थ मल्होत्रा

**बॉलीवुड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी हाल ही में बेटी के पेरेंट्स बने हैं। घर बेटी के जन्म से मल्होत्रा और अडवानी परिवार में खुशियों का माहौल है। पिता बनने के बाद सिद्धार्थ भी अपनी शूटिंग शेड्यूल से ब्रेक पर हैं और अपनी बेटी-पत्नी की देखभाल कर रहे हैं। इस बीच एक्टर मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर जा पहुंचे। उन्होंने बप्पा का शुक्रियादा किया। इस मौके पर उनकी मां भी साथ नजर आई। दोनों ने भगवान के दर्शन किए जिसका वीडियो सामने आया है।**

बेटी के जन्म के कुछ ही दिनों बाद सिद्धार्थ मल्होत्रा मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे हैं। इस मौके पर वह अपनी मां के साथ नज़र आए। एक्टर ने ब्लू कुर्ता और ब्लैक डेनिम्स पहने सिंपल लुक में दिखे सिद्धार्थ ने बप्पा के चरणों में मत्था टेका और अपनी बेटी के लिए आशीर्वाद मांगा। 16 जुलाई को कियारा ने बेटी को जन्म दिया था।स्टारकपल ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अपने फैंस को खुशखबरी की जानकारी दी।सिद्धार्थ और कियारा ने बेटी के जन्म की खुशी इंस्टाग्राम पर फैंस से शेयर करते हुए लिखा था, "हमारा दिल भर आया है और हमारी दुनिया हमेशा के लिए बदल गई है। हमारे घर एक प्यारी सी बेटी आई है।" इसके साथ ही उन्होंने मीडिया और पैपराजी से बच्ची की तस्वीर नहीं लेने की रिक्वेस्ट की थी।

# निया ने कहा- मैं अंकिता से नफरत करती थी, मेकर्स से मांगी माफी





'लाफ्टर शेफ्स' का दूसरा सीजन खत्म हो गया है। एल्विश यादव और करण कुंद्रा ने इस सीजन की ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। वहीं एली गोनी और रीम शेख को डायमंड स्टार मिला है। फिनाले वाले दिन सबने अपने-अपने मन की बात कही, लेकिन सबसे ज्यादा क्लिप्स निया शर्मा की वायरल हो रही हैं। दरअसल, निया ने फिनाले दिन सबके सामने कहा कि एक वक्त था जब वह अंकिता लोखंडे से नफरत करती थीं। निया ने कहा, 'मेरे 15 साल के करियर में ये पहला शो है जिसमें एक के साथ भी मेरी खराब वाइब नहीं है। सब अलग-अलग ब्रीड के लोग हैं। सब अलग हैं। सब फेमस हैं, सक्सेसफुल हैं, लेकिन कभी इगो क्लैश नहीं हुआ। सब अपनी रिएलिटी सामने लेकर आए।'निया ने आगे कहा, 'मुझे अंकिता लोखंडे से नफरत थी पहले।' इसके बाद निया जोर-जोर से हंसने लगीं। निया ने कहा, 'लेकिन आज अंकिता मेरी सबसे अच्छी दोस्त है।' इसके बाद, निया ने अंकिता को गले लगाया। निया फिर अपने पार्टनर सुदेश लहरी के पास गई और कहा, 'मैंने सबसे ज्यादा लड़ाई की थी जब मेरी जोड़ी सुदेश जी के साथ बनाई गई थी। मैं आपसे हाथ जोड़कर माफी मांगती हूं। मुझे शो पर इससे बेहतर पार्टनर नहीं मिल सकता था। सुदेश जी आई लव यू।'

# कपिल के शो पर इसलिए नहीं आए आमिर

## घर में ही दे दी थी टीम को पार्टी

**कपिल शर्मा शो का तीसरा सीजन नेटफ्लिक्स पर पसंद किया जा रहा है। इस नए सीजन की शुरुआत सलमान खान के साथ हुई थी और अभी हाल में पॉडकास्ट की दुनिया के पॉपुलर चेहरे शो का हिस्सा बने थे। इस नए एपिसोड में कपिल शर्मा ने बताया कि क्योंकि इस नए सीजन में आमिर खान उनके शो का हिस्सा नहीं बने थे। पॉडकास्ट की दुनिया के चार बड़े नाम पत्रकार सौरभ द्विवेदी, फूड शो वाली कामिया जानी, राज शमानी, समदिश भाटिया जैसे गेस्ट पहुंचे थे। इस दौरान कपिल ने आमिर खान का नए सीजन का हिस्सा नहीं बनने की वजह बताई।**



कपिल शर्मा ने पत्रकार सौरभ द्विवेदी के साथ बातचीत में कहा, "मैंने आमिर भाई को बुलाया था शो पर, लेकिन उन्होंने कहा, 'नहीं, मैंने तो सारा ही इनको दे दिया है, अब इनसे ही ले लिया करो आगे से।'" कपिल ने आगे कहा, "आपने आमिर खान के साथ पांच घंटे पैंतीस मिनट लंबा इंटरव्यू किया। मैंने अब तक नहीं देखा, समर वैकेशन में देखूंगा। आपने इंटरव्यू नहीं लिया, उन्हें निचोड़ डाला। आपको नहीं लगा कि बस उनका कुर्ता और चप्पल ही बची थी, वो भी ले लेते?"। सौरभ ने जवाब में कहा कि आमिर एक बेहद दिलचस्प इंसान हैं, जिनके पास जीवन के कई अनुभव हैं फिल्मों से लेकर निजी संघर्षों तक। उन्होंने ये भी कहा कि जब कोई व्यक्ति अलग-अलग क्षेत्रों में काम करता है, तो उसके पास कहने-सुनने को काफी कुछ होता है। वैसे आमिर बेशक इस शो का हिस्सा नहीं बने हों, लेकिन उन्होंने सितारे जमीन पर के सभी सितारों की बैठक में कपिल की टीम को बुलाया था। तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं।

# महेश भट्ट ने कहा, रणबीर की तरह बेफिक्र नहीं बेटी आलिया भट्ट

**आलिया भट्ट साल 2012 में आई फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से डेब्यू के बाद से खुद को साबित कर रही हैं। उन्होंने अपने 13 साल के फिल्मी करियर में उड़ता पंजाब, गंगूबाई काठियावाड़ी, राज़ी, जैसी शानदार फिल्मों से इंडस्ट्री में एक नपो किड से अलग पहचान बनाई। लेकिन इंडस्ट्री में अब भी कभी नेपोटिज्म का मुद्दा उठता है तो सबसे पहले आलिया नाम जरूर शामिल होता है। अब इस बारे में उनके पिता महेश भट्ट ने बात की और बेटी को सेल्फ मेड एक्ट्रेस बताया।**



द हिमांशु मेहता के शो पर पहुंचे महेश भट्ट ने बेटी के बारे में कहा, "मैंने आलिया को लॉन्च नहीं किया। उसे करण जौहर ने लॉन्च किया। मुझे तो पता ही नहीं था कि उसमें एक्टिंग को लेकर इतनी प्यास है। उसने खुद ऑडिशन दिया और जब उन्होंने उसे पसंद किया तो मैं चौंक गया। मैं तो उसमें एक्टिंग के गुण कभी देख ही नहीं पाया था। लेकिन आज मैं बहुत खुश हूं कि वो खुद से ये सब हासिल कर पाई।" आगे उन्होंने बताया कि अब लोग उन्हें आलिया के पिता के रूप में मिलते हैं और तस्वीरें लेते हैं। महेश भट्ट ने आगे कहा कि आलिया में रिस्क लेने को लेकर डर नहीं है। मां बनने के बाद उसमें अलग तरह की मैच्योरिटी आई है। डायरेक्टर पिता ने बताया कि आलिया की काम करने इस भूख को देखकर रणबीर कपूर भी हैरान होते हैं। महेश भट्ट ने कहा, "रणबीर ने एक बार कहा, 'आलिया अलग मिट्टी की बनी है। उसमें और-और-और करने की भूख है। मैं तो बस जितना जरूरी हो उतना करता हूं, लेकिन वो एक गो-गेटर है।'"





# एक साल तक सिर्फ पालक सूप पीती रहीं रुबीना दिलैक

**टीवी एक्ट्रेस रुबीना दिलैक ने अपने कैरियर के शुरुआती दिनों में एक बहुत बड़ी गलती की थी। उन्होंने खुद इस बात का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री के दबाव और बॉडी शेमिंग की वजह से उन्होंने अपना साइज जीरो करने की ठान ली थी और एक साल तक सिर्फ पालक सूप और न्यूट्री डाइट ले रही थीं।**

रुबीना ने अपने पॉडकास्ट में कहा, "मेरा पहला टीवी शो था और मुझे मेरे लुक के लिए सबके सामने चिल्लाया गया था। मैं परेशान हो गई थी। मैंने एक साल तक सिर्फ उबला पालक सूप पीया और खुद से वादा किया कि साइज जीरो बनकर दिखाऊंगी।"रुबीना ने आगे कहा, ₹मैंने अपना वजन कम कर लिया, मैं कमजोर और पीली दिखने लगी थी। मेरी एनर्जी बहुत डाउन हो गई थी। उस दौर को पीछे मुड़कर देखती हूं तो लगता है, आखिर मैं क्या सोच रही थी उस वक्त? मैंने क्या सोचकर ये खुद के साथ ये किया।"रुबीना ने पॉडकास्ट के दौरान ये भी बताया कि जब उन्होंने इंडस्ट्री जॉइन नहीं की थी तब वह पहाड़ों की सादी, पौष्टिक डाइट लेती थीं—घी, दूध, दही, सबकुछ। लेकिन, ग्लैमर इंडस्ट्री में आने के बाद उनका खानपान पूरी तरह बदल गया और इसका असर उनके शरीर पर भी पड़ा। उन्होंने कहा, "काश! किसी ने मुझे उस वक्त सिखाया होता कि जैसी मैं हूं, वैसी ही खुद को एक्सेप्ट करना चाहिए।"

